वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2024

भाकृअनुप-केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

(आई.एस.ओ. 9001 : 2015)

जोधपुर 342 003 (भारत)

ICAR-Central Arid Zone Research Institute

(ISO 9001 : 2015)

Jodhpur 342 003 (India)

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2024

भाकृअनुप-केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
(आई.एस.ओ. 9001:2015)
जोधपुर 342 003 (भारत)

ICAR-Central Arid Zone Research Institute
(ISO 9001:2015)
Jodhpur 342 003 (India)

Citation: CAZRI 2024. Annual Report 2024. ICAR-Central Arid Zone Research Institute, Jodhpur, India. 283 p.

वार्षिक प्रतिवेदन 2024

प्रकाशक

निदेशक
भाकृअनुप–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर 342 003
दूरभाषः +91-291-2786584 (कार्यालय)
+91-291-2788706 (कार्यालय)
+91-291-2949983 (निवास)
ई–मेलः director.cazri@icar.org.in
वेबसाईटः https://www.cazri.res.in

सम्पादन समिति

दीपेश माचीवाल
रणजीत सिंह यादव
अमन वर्मा
राकेश पाठक

ANNUAL REPORT 2024

Published by

Director
ICAR-Central Arid Zone Research Institute
Jodhpur 342 003
Phone: +91-291-2786584 (O)
+91-291-2788706 (O)
+91-291-2949983 (R)
e-mail: director.cazri@icar.org.in
Website: https://www.cazri.res.in

Editorial Committee

Deepesh Machiwal
Ranjeet Singh Yadav
Aman Verma
Rakesh Pathak

Legends

Front cover : Seed production plot of Anjan grass (*Cenchrus ciliaris*) var. CAZRI Anjan-2178

Back cover : Top middle : Small ruminant research unit with goat and sheep
Bottom middle : Plant propagation and training hall with planting materials

हर कदम, हर डगर
किसानों का हमसफर
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
Agrisearch with a human touch

Printed by: Evergreen Printers, Jodhpur 9414128647

विषय–सूची
Contents

प्रस्तावना Preface	i
कार्यकारी सारांश Executive summary	1
संस्थान परिचय About the institute	16
वर्ष 2024 में मौसम Weather during 2024	22
शोध उपलब्धियाँ Research achievements	25
एकीकृत प्राकृतिक संसाधन मूल्याँकन, प्रबोधन और मरूस्थलीकरण Integrated Natural Resource Appraisal, Monitoring and Desertification	25
जैव विविधिता संरक्षण, वार्षिक व बहुवार्षिक पादप सुधार Biodiversity Conservation, Improvement of Annuals and Perennials	44
एकीकृत शुष्क भूमि कृषि पद्धति अनुसंधान Integrated Arid Land Farming System Research	74
एकीकृत भूमि एवं जल संसाधन प्रबंधन Integrated Land and Water Resources Management	105
पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन सुधार Improvement of Livestock Production and Management	120
पादप उत्पाद एवं मूल्य संवर्द्धन Plant Products and Value Addition	124
समन्वित नाशीजीव प्रबंधन Integrated Pest Management	128
गैर–पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत, कृषि यान्त्रिकी और ऊर्जा Non-conventional Energy Sources, Farm Machinery and Power	144
सामाजिक–आर्थिक अन्वेषण एवं मूल्याँकन Socio-economic Investigation and Evaluation	160
प्रौद्योगिकी आकलन, सुधार एवं हस्तान्तरण Technology Assessment, Refinement and Transfer	177
प्रसार गतिविधियाँ Outreach activities	183
शिक्षण Teaching	209

भाकृअनुप–सहायक निदेशक (ओएल) परीक्षा–2024 ICAR-Assistant Director (OL) Examination-2024	209
कृषि व्यवसाय अभिपोषण केन्द्र Agri-business incubation centre	210
बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन और व्यवसायीकरण Institute technology management and commercialization	212
पर्यावरण सूचना जागरूकता, क्षमता निर्माण एवं आजीविका कार्यक्रम Environmental information awareness, capacity building and livelihood program (EIACP)	214
शोध परियोजनाऐं Research projects	216
प्रकाशन Publications	220
सम्मेलनों, सेमिनारों, संगोष्ठियों, वेबिनार, कार्यशालाओं में भागीदारी Participation in conferences, seminars, symposia, webinar, workshops	235
संस्थान में आयोजित बैठकें एवं गतिविधियाँ Meetings and events organized in the institute	239
महत्वपूर्ण दिवसों का आयोजन Important days celebrated	259
सम्पर्क एवं सहयोग Linkages and collaborations	263
प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण Training and capacity building	264
आयोजित कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम Workshops, seminar, conference and trainings organized	267
राज्य के लाईन विभागों द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम Programs sponsored by state line departments	269
राज्य के लाईन विभागों के साथ बैठकों में भागीदारी Participation in meetings with state line departments	271
पुरस्कार Awards	276
विदेश यात्रा Visit abroad	276
भाकृअनुप द्वारा अनुमोदित प्रौद्योगिकियाँ ICAR approved technologies	277
विशिष्ट आगन्तुक Distinguished visitors	278
कार्मिक Personnel	280

प्रस्तावना
Preface

वर्ष 2024 में प्राकृतिक संसाधनों के आकलन एवं प्रबंधन, शुष्क फसलों के प्रबंधन एवं सुधार, पशुधन प्रबंधन, मूल्य संवर्धन, कृषि उद्यमों में सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए कई अनुसंधान अंतःक्षेप किए गए। मोठ की दो किस्मों, काजरी मोठ–6 (सीजेडएमओ–18–3) और काजरी मोठ–7 (सीजेडएमओ–18–4), को सर्वोत्तम मानक किस्म (आरएमओ–257; 518 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) की तुलना में उनकी उपज श्रेष्ठता (20 प्रतिशत से अधिक) के कारण जारी करने हेतु पहचान की गई। मोठ की आठ प्रविष्टियों, जिनमें दो एवीटी–2, दो एवीटी–1 और चार आईवीटी शामिल हैं, को समन्वित किस्म परीक्षणों में बहु–स्थानिक मूल्यॉंकन हेतु बढ़ाया गया। बाजरा सुधार कार्यक्रम में नौ परीक्षण संकरों का बीज अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना परीक्षणों के लिए भेजा गया, जिनमें पाँच प्रविष्टियाँ आईएचटी (अगेती) के लिए, तीन प्रविष्टियाँ एएचपीटी (अगेती) दूसरे वर्ष और एक परीक्षण संकर एएचपीटी (अगेती) तीसरे वर्ष के परीक्षण हेतु शामिल हैं। चार ग्वार प्रविष्टियों को मूल्यॉंकन हेतु समन्वित परीक्षणों के लिए शामिल किया गया। जीरा की गामा विकिरणित म्यूटेंट की चार जननद्रव्य पंक्तियों यथा जीसी–4, आरजेड–19, सीजेडसी–94 (अगेती) और सीजेडसी–96 को आगे बढ़ाया गया।

समस्त भारत वर्ष के लिए 1.0 नैनोमीटर रिजॉल्यूशन पर भू–संदर्भित जानकारी, 16 मृदा गुणों और हाइपरस्पेक्ट्रल हस्ताक्षरों से युक्त मृदा वर्णक्रमीय पुस्तकालय और भारतीय मृदा वर्णक्रमीय पुस्तकालय के डिजिटल प्लेटफॉर्म को विकसित करने के लिए एक रूपरेखा विकसित की गई।

जैसलमेर के नाचना ब्लॉक में भू उपयोग/भू आवरण मानचित्र द्वारा भू क्षरण के अर्न्तगत पाया गया क्षेत्र मुख्यतया वायु अपरदन (79.7 प्रतिशत) एवं वनस्पति क्षरण (2.98 प्रतिशत) के अर्न्तगत पाया गया। मानचित्र द्वारा ज्ञात हुआ कि 52.1 प्रतिशत क्षेत्र में रेत के टीलें, 36 प्रतिशत क्षेत्र में कृषि भूमि और लगभग 10 प्रतिशत क्षेत्र में वन/वृक्षारोपण/झाड़ियों का स्थानिक वितरण देखा गया।

संस्थान के समोच्च मानचित्र, जिसे 207 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थलाकृतिक सर्वेक्षण के आधार पर विकसित किया गया, द्वारा उत्तर–पश्चिम से दक्षिण–पूर्व की ओर भूमि की ऊँचाई में 14.6 मीटर का ढाल पाया गया। उपयुक्त जल निकास मार्ग को 2.11 कि.मी. की लंबाई में चित्रित किया गया।

हनुमानगढ़, चूरू और बीकानेर जिलों से एकत्रित कुल 191 भू–संदर्भित मृदा नमूनों में फॉस्फोरस की कुल मात्रा 221 से 708 मि.ग्रा. प्रति कि.ग्रा. तक पाई गई। हाइड्रोक्सीएपेटाइट फॉस्फेट, फाइटेट्स और ऑक्लुडेड फॉस्फेट फॉस्फोरस के प्रमुख रूप थे, जो कुल अवशिष्ट मृदा फॉस्फोरस का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा होने के साथ पौधों के लिए अनुपलब्ध या कठिन रूप से उपलब्ध रहता है।

In the year 2024, several research interventions for assessment and management of natural resources, management and improvement of arid crops, livestock management, value addition, utilization of solar energy in agricultural enterprises, etc. were carried out. Two moth bean varieties viz., CAZRI Moth-6 (CZMO-18-3) and CAZRI Moth-7 (CZMO-18-4) have been identified for release due to their yield increase (>20%) over the best check (RMO-257; 518 kg ha^{-1}). Two moth bean entries were promoted to AVT-II, two to AVT-I and four to IVT for multi-location CVT. In pearl millet improvement program, seed of nine test hybrids were submitted for coordinated trials including five entries for IHT (early), three entries for second year testing under AHPT (early) and one test hybrid for third year testing under AHPT (early). Four clusterbean entries were promoted to CVT. Four germplasm lines of gamma-irradiated mutants of cumin viz., GC-4, RZ-19, CZC-94 (early) and CZC-96 were advanced.

Soil spectral library consisting of georeferenced information, 16 soil properties and hyperspectral signatures at 1.0 nm resolution have been developed for India along with a framework for developing digital platform of Indian soil spectral library.

Land use/land cover map of Nachna block in Jaisalmer district revealed 84.3% area under land degradation processes, mainly affected through wind erosion in 79.7% area and vegetation degradation in 2.98% area. The map further revealed presence of sand dunes in 52.1% area, croplands in 36% area and forest/plantations/scrublands in 10% area.

Contour map of the institute, developed by conducting topographical survey in 207 ha area, revealed a fall of 14.6 m in land elevation from northwest to southeast corner. Suitable drainage pathway was delineated over 2.11 km length to convey runoff water during monsoon season.

A total of 191 geo-referenced soil samples collected from Hanumangarh, Churu and Bikaner districts, revealed total P ranging from 221-708 mg kg^{-1}. The hydroxyapatite phosphates, phytates and occluded phosphates were the dominating form of P comprising of more than 80% of total residual soil phosphorus, which remains non-accessible or poorly accessible to plants.

जोधपुर तथा क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्रों (बीकानेर, जैसलमेर और पाली) के अनुसंधान प्रक्षेत्रों पर फसल वाटिकाओं में खरीफ और रबी दोनों ऋतुओं की फसलों के जीवंत प्रदर्शन आयोजित किए गए, जिसमें अनुशंसित उत्पादन तकनीकें शामिल रहीं। कृषकों, संबंधित विभागों के अधिकारियों, गैर–सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से जुड़ें अन्य गणमान्य अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में हितधारकों ने फसल वाटिका का भ्रमण किया और इनकी सराहना की।

मालाबार नीम में, पेड़ की अधिकतम और न्यूनतम ऊँचाई क्रमशः 100 प्रतिशत सिंचाई स्तर (7.45 मीटर) और नियंत्रण (6.38 मीटर) के तहत् दर्ज की गई। इसी प्रकार, पेड़ का अधिकतम और न्यूनतम व्यास क्रमशः 100 प्रतिशत सिंचाई (12.01 से.मी.) और नियंत्रण (10.05 से.मी.) के तहत् दर्ज किया गया। गम्हार में, 100 प्रतिशत सिंचाई के तहत् पेड़ और कैनोपी का अधिकतम व्यास (क्रमशः 10.53 से.मी. और 3.02 मीटर) पाया गया। अरडू के वृक्ष की रोपण के सात वर्ष पश्चात ऊँचाई (6.52 मी.) और आवक्ष ऊँचाई व्यास (18.48 से.मी.) 8 मी. × 8 मी. वृक्ष अंतराल पर अधिकतम पाए गए। खेती की गई चारा फसलों में सबसे अधिक हरा चारा की उपज (322.7 टन प्रति हेक्टेयर) गिनी घास से प्राप्त हुई।

सात वर्षों तक लगातार 10 टन प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद के प्रयोग से बाजरा और गेहूँ की अनाज उपज क्रमशः 2079 और 3867 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर प्राप्त हुई। बाजरा और गेहूँ की अधिकतम अनाज उपज क्रमशः 2378 और 4401 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर 150 प्रतिशत एनपीके के साथ दर्ज की गई। बाजरा और गेहूँ की पैदावार में 5 टन प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद के साथ 100 प्रतिशत अनुशंसित उर्वरक की खुराक के प्रयोग से नियंत्रण की तुलना में क्रमशः 97 और 104 प्रतिशत की वृद्धि हुई, तथा 100 प्रतिशत अनुशंसित उर्वरक की खुराक की तुलना में क्रमशः 10 और 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन और उर्वरकों की अनुशंसित खुराक के माध्यम से सरसों, जीरा, बाजरा और मूंग की फसलों में बीज की पैदावार में उल्लेखनीय सुधार के कारण ये जैविक उपचारों से बेहतर पाए गए। प्राकृतिक खेती में, नियंत्रण की तुलना में समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन + कीटनाशक और पारंपरिक खेती के तहत सरसों और बाजरा की उपज में सार्थक सुधार दर्ज किया गया।

ताप तनाव की स्थिति में, 1.0 मि.मो. सोडियम नाइट्रोप्रुसाइड, 1.0 मि.मो. सैलिसिलिक अम्ल और 0.1 से 0.2 मि.मो. बेंजाइल एडेनिन के बर्हिजात अनुप्रयोग से चना और सरसों के जीनप्रारुपों में जल के छिड़काव वाले नियंत्रण की तुलना में प्रकाश संश्लेषक मापदंडों, जल संबंध मापदंडों और बीज उपज में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया।

पाली में विकसित एकीकृत बहु–स्तरीय कृषिवानिकी मॉडल में बेर का उच्चतम आधार व्यास 20.1 से.मी. बेर + ड्रैगन फल वृक्ष संयोजन में दर्ज किया गया। सिंचाई उपचार 0.8 सी.पी.ई. के तहत बेर + ड्रैगन फल वृक्ष संयोजन में बेर की सबसे अधिक उपज 26.9 कि.ग्रा. प्रति पौधा तथा इसके बाद 0.6 सी.पी.ई. में बेर + मोरिंगा के तहत 27.6 कि.ग्रा. प्रति पौधा पाई गई।

बाजरा आधारित फसल प्रणाली में एडी कोवैरिएंस फ्लक्स टॉवर द्वारा अवरक्त गैस विश्लेषक के माध्यम से अधिकतम नकारात्मक और सकारात्मक कार्बन डाईऑक्साइड फ्लक्स क्रमशः –4.12 और 2.19 माइक्रोमोल प्रति वर्गमीटर प्रति सेकंड दर्ज किए गए।

Live demonstrations of both kharif and rabi season crops were conducted with recommended package of practices in crop cafeteria at research farms of Jodhpur and Regional Research Stations (Bikaner, Jaisalmer and Pali). A large number of stakeholders including farmers, officers of line departments, representatives of NGOs and other dignitaries from ICAR institutes visited the cafeteria and appreciated these.

In *Melia dubia*, the maximum and minimum tree heights were recorded under 100% irrigation level (7.45 m) and control (6.38 m), respectively. Tree diameter was largest (12.01 cm) under 100% irrigation and the least in the control (10.05 cm). In *Gmelina arborea*, tree and canopy diameters were significantly higher under 100% irrigation (10.53 cm and 3.02 m, respectively). *A. excelsa* after seven years of planting revealed the maximum tree height (6.52 m) and the largest diameter at breast height (18.48 cm) in 8 m × 8 m tree spacing followed by that in 6 m × 6 m spacing. Among the cultivated fodder crops, the highest green fodder yield (322.7 t ha^{-1}) was recorded with guinea grass.

Continuous cropping for seven years with organic manure application of 10 t FYM ha^{-1} produced 2079 and 3867 kg ha^{-1} grain yields of pearl millet and wheat, respectively. The maximum yields of pearl millet and wheat (2378 and 4401 kg ha^{-1}, respectively) were observed with 150% NPK application. Application of 5 t FYM ha^{-1} + 100% RDF increased pearl millet and wheat grain yields by 97 and 104% over control and 10 and 14%, respectively over 100% RDF.

Integrated nutrient management and recommended doses of fertilizers outperformed organic treatments alone in mustard, cumin, pearl millet, and mung bean with significant improvements in seed yield. In natural farming, significant yield improvements were recorded in mustard and pearl millet under integerated nutrient management + pesticide and conventional farming as compared to the control.

Exogenous application of 1.0 mM Sodium nitroprusside, 1.0 mM Salicylic acid and 0.1-0.2 mM Benzyl adenine significantly improved photosynthetic parameters, water relation parameters and seed yield in chickpea and mustard genotypes under heat stress condition as compared to water spray control.

In an integrated multi-tier agroforestry model tested at Pali, the highest basal diameter of ber was 20.1 cm in ber + dragon fruit. Yield (26.9 kg $plant^{-1}$) of ber was the highest in ber + dragon fruit at 0.8 CPE irrigation followed by 27.6 kg $plant^{-1}$ in ber + moringa at 0.6 CPE.

Eddy covariance flux tower installed in pearl millet based cropping system recorded the maximum negative and postivie CO_2 fluxes of -4.12 and 2.19 µmole m^{-2} s^{-1}, respectively, through infrared gas analyzer.

हाइड्रोपोनिक्स प्रणाली में, सहजन और खेजड़ी के पत्तों के 5 प्रतिशत सांद्रता के सार के प्रयोग ने नियंत्रण की तुलना में लेट्यूस में क्रमशः सोडियम को 36.2 और 33.4 प्रतिशत कम किया और पोटेशियम को क्रमशः 40.7 और 39.9 प्रतिशत बढ़ा दिया। हरे और लाल सलाद के लिए जल की आवश्यकता पोषक तत्व फिल्म तकनीक (क्रमशः 21 और 34 लीटर) और टॉवर गार्डन (क्रमशः 25 और 41 लीटर) की तुलना में, एरोपोनिक चैनल प्रणाली में कम दर्ज की गई (क्रमशः 14 और 29 लीटर)।

पाली में गेहूँ–आधारित फसल प्रणाली में लवणीयता प्रबंधन द्वारा उत्पादकता बढ़ाने के लिए फसल अवशेष उपचार के परिणामस्वरूप मृदा में कार्बनिक कार्बन के मान में 18.5 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई। सतही सिंचाई प्रणाली और पारंपरिक जुताई की तुलना में बूँद–बूँद सिंचाई प्रणाली और ऊँची क्यारियों के तहत मृदा में सोडियम की मात्रा में क्रमशः 18.12 और 14.63 प्रतिशत तथा विद्युत चालकता में क्रमशः 24.80 और 13.19 प्रतिशत तक प्रभावी रूप से कमी देखी गई।

अनार के दानों, बेर के टुकड़ों और खजूर के फलों को हवा में सुखाने से अधिक तापमान के कारण शुष्कन समय कम हो गया लेकिन रंग की गुणवत्ता प्रभावित हुई। पूर्व–उपचार से बेर के टुकड़ों का रंग बरकरार रहा और कम परिपक्व फल सुखाने के लिए अधिक उपयुक्त पाए गए।

कृंतकों द्वारा विभिन्न फसलों में नुकसान 1 से 13 प्रतिशत के बीच पाया गया, जिसमें गेहूँ, सरसों और जीरा में सार्थक हानियाँ पाई गई। बाजरा के साथ मिश्रित किया गया कालमेघ, भारतीय जरबिल के नियंत्रण में एक पर्यावरणीय रूप से मित्रवत प्रतिकारक के रूप में प्रभावी साबित हुआ।

ऊर्जा मीटर द्वारा ग्रिड से जुड़ी 100 किलोवाट कृषि–वोल्टीय प्रणाली से उत्पन्न औसत फोटोवोल्टीय ऊर्जा का मान लगभग 346 किलोवाट घंटा प्रतिदिन रहा तथा वर्षभर के दौरान 1,26,382 किलोवाट घंटा बिजली उत्पन्न हुई जिससे कुल 6,31,910 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। छायांकित क्षेत्र के अंतर्गत प्रकाशसंश्लेषी सक्रिय विकिरण की उपलब्धता में 56.5 से 720.5 माइक्रोमोल प्रति वर्ग मीटर प्रति सेकंड तक भिन्नता देखी गई, जबकि गैर–छायांकित क्षेत्र के अंतर्गत यह मान 125.0 से 1258.5 माइक्रोमोल प्रति वर्ग मीटर प्रति सेकंड तक पाया गया। कृषि–वोल्टीय प्रणाली में तारामीरा, मूंग, प्याज, लौकी, तुरई तथा काचरा की उपज में वृद्धि दर्ज की गई जबकि जीरा, अश्वगंधा, पालक, चौलाई, मूली और गाजर की उपज में कमी पाई गई।

लद्दाख क्षेत्र में एक पॉलीकार्बोनेट–संरचित सौर गृह कृषि उत्पादों के शुष्कन और शीतकालीन खेती की संभावना बढ़ाने हेतु सौर ऊर्जा का उपयोग करके ठंडी शुष्क जलवायु की चुनौतियों के समाधान के लिए विकसित किया गया।

चुरू जिले में फसलें + कृषिवानिकी + पशुधन (37 प्रतिशत), फसलें + कृषिवानिकी + पशुधन + बागवानी + चारा फसलें (31 प्रतिशत) एवं फसलें + कृषिवानिकी + पशुधन + बागवानी (18 प्रतिशत) को प्रमुख कृषि प्रणाली फसल के रुप में दर्ज किया गया। जैसलमेर जिले में फसल और बागवानी खेती प्रणालियों में बाजार–आधारित बाधाएँ पहले स्थान पर रहीं, जबकि किसान के द्वार पर कृत्रिम गर्भाधान सुविधा की अनुपलब्धता पशुधन उत्पादन प्रणाली में पहले स्थान पर दर्ज की गई।

रेत के टीलों के स्थिरीकरण की प्रौद्योगिकी से फसल की पैदावार में मोठ समकक्ष उपज में 14.5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। रेत के स्थिर टीलों

In hydroponics system, foliar applications of 5% concentrations of moringa and prosopis leaf extracts reduced sodium by 36.2 and 33.4%, respectively and increased potassium by 40.7 and 39.9%, respectively in lettuce as compared to control. For green and red lettuce, aeroponic channel system required less water (14 and 29 L, respectively) than that required by nutrient film technique (21 and 34 L, respectively) and tower garden (25 and 41 L, respectively).

Residue treatment for salinity management in wheat-sorghum cropping system in Pali enhanced soil organic carbon content by 18.5%. Drip irrigation system and raised bed effectively reduced sodium content by 18.12 and 14.63%, respectively, and decreased electrical conductivity by 24.80 and 13.19% in soil compared to conventional tillage and surface irrigation.

Convective air drying of pomegranate arils, ber slices and date palm fruits showed that higher temperatures reduced drying time but affected color quality. Pre-treatments preserved color of ber slices and under-ripe fruits were found optimal for drying.

Crop damage by rodents ranged from 1-13% in various crops, with significant losses in wheat, mustard and cumin. Kalmegh, mixed with pearl millet bait, showed potential as an eco-friendly deterrent against the Indian gerbil.

The average PV energy generation from the 100 kW_p agri-voltaic system attached to the grid was about 346 kW h day^{-1} and the power generated over the year was 1,26,382 kW h earning a revenue of Rs. 6,31,910. Photosynthetically active radiation (PAR) availability ranged from 56.5 to 720.5 µmol m^{-2} s^{-1} under shaded area and from 125.0 to 1258.5 µmol m^{-2} s^{-1} under non-shaded area. Yields of taramira, mung bean, onion, bottle gourd, ridge gourd and snap melon were higher in interspace of agri-voltaic system compared to that in the open area, while yields of cumin, ashwagandha, spinach, amaranthus, radish and carrots were lower.

A polycarbonate-structured solar house, developed for Ladakh region, addressed cold arid climate challenges by using solar energy for drying of agricultural produce and for making crop cultivation possible in winter season.

The major farming system in Churu district was crop + agroforestry + livestock (37%) followed by crop + agroforestry + livestock + horticulture + fodder (31%) and crop + agroforestry + livestock + horticulture (18%). In Jaisalmer district, market-based constraints ranked the first in crop and horticulture-based farming systems, whereas non-availability of artificial insemination facility at farmers' door ranked the first in livestock production system.

Sand dune stabilization technology improved crop yields by 14.5% in terms of moth bean equivalent yield. The stabilized

में 11.7 टन प्रति हेक्टेयर अधिक कार्बन संचयन पाया गया जो कि रेत के अस्थिर टीलों की तुलना में लगभग 24 प्रतिशत अधिक कार्बन संचयन को दर्शाता है।

सिरोही जिले के दो गाँवों में कम लागत की नर्सरी स्थापित की गई और कृषि नवाचार हेतु किसानों को समर्थ बनाने के लिए बायोटेक–कृषि नवाचार विज्ञान अनुप्रयोग संघ द्वारा 29 किसानों को फेलोशिप के लिए चुना गया।

अनुसूचित जाति उप–योजना (एससीएसपी) के अर्न्तगत उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों एवं फसलों के प्रदर्शन किए गए। एससीएसपी योजना में कुल 4,155 अनुसूचित जाति के कृषक परिवारों को फसलों के गुणवत्तायुक्त बीज, बागवानी फसलों तथा कृषिवानिकी प्रजातियों की उन्नत रोपण सामग्री वितरित की गईं। अनुसूचित जाति के 1,200 किसान परिवारों को बैटरी से चलने वाले स्प्रेयर, हस्त–चालित खरपतवार नियंत्रक, तिरपाल, कैंची और कस्सी जैसे कृषि उपकरणों के वितरण से लाभ हुआ। उर्वरकों, कृषि उपकरणों और तकनीकी सहायता के माध्यम से मृदा के पोषण में वृद्धि द्वारा व फसलों की उन्नत किस्मों के बीजों के उपयोग के परिणामस्वरूप, फसलों की पैदावार में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के 16 गाँवों में जनजातीय उप–योजना लागू की गई। प्रसार कार्यक्रम का विस्तार करने के उद्देश्य से, लेह और कारगिल जिलों के विभिन्न क्षेत्रों के दूरदराज के गाँवों को जनजातीय उप–योजना के तहत् अपनाया गया। दो आवश्यकता–आधारित मूल्याँकन सर्वेक्षण आयोजित किए गए तथा 744 जनजातीय किसानों को उन्नत आदान वितरित किए गए।

कुल 17,374 किसानों, कृषक महिलाओ, छात्रों, प्रशिक्षुओ और राज्य व केंद्र सरकार के आधिकारियों ने ऐटिक का भ्रमण किया। खरीफ तथा रबी की फसलों की उन्नत किस्मों के बीज, बागवानी, वानिकी, सजावटी और औषधीय पौधो की पोध और अन्य उत्पादो की बिक्री से कुल 1,58,10,012 रूपये का राजस्व अर्जित हुआ।

संस्थान ने शुष्क कृषि में अपने नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए 19 सितंबर को कृषि–नवाचार दिवस का आयोजन किया। जोधपुर जिले के विभिन्न गाँवों से 600 लगभग किसानों और कृषक महिलाओं को संस्थान के प्रायोगिक क्षेत्रों में ही वैज्ञानिकों के साथ बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया गया। किसानों के लिए कुल 88 जिला–स्तरीय कृषि–मौसम सलाह पत्रक (बुलेटिन) जारी किए गए। किसानों के लिए कुल 153 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे कुल 5487 किसान लाभान्वित हुए। संस्थान द्वारा गाँवों में अग्रिम पंक्ति प्रर्दशन कार्यक्रम आयोजित किए गए जिससे 996 किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिला और कई हजार किसानों को विस्तार गतिविधियों के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से लाभ हुआ। कुल 12 प्रक्षेत्र परीक्षण, 87 किसानों के खेतों पर आयोजित किए गए। जोधपुर के गाँवों में 136 हेक्टेयर क्षेत्र में कृषि–ड्रोन प्रदर्शन किए गए और इसमें 110 किसानों ने भाग लिया।

मुझे उम्मीद है कि शुष्क क्षेत्रों में कृषि की प्रतिरोध क्षमता को उन्नत बनाने में जुटे हितधारकों को इस रिपोर्ट में प्रस्तुत अनुसंधान, विकास और विस्तार गतिविधियाँ उनके ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए उपयोगी होंगी।

(ओमप्रकाश यादव)
निदेशक

sand dune accumulated 11.7 Mg ha^{-1} more carbon, representing approximately a 24% greater carbon accumulation compared to unstabilized sand dunes.

The low-cost nurseries were established in two villages of Sirohi district and 29 farmers were provided fellowship to empower them for agriculture innovation through Biotech-KISAN project.

Demonstrations on crops and improved agricultural technologies were conducted during kharif and rabi seasons under the Scheduled Caste Sub-Plan (SCSP) scheme. Quality seeds of arable crops, improved planting materials of horticulture crops and agroforestry trees were distributed to 4,155 schedule caste farm families. About 1,200 farm families benefitted from distribution of agricultural implements/ equipments like battery-operated sprayers, manual hand weeders, tarpaulin, secateurs and kassi. As a result of use of improved varieties of crops, supported by enhanced soil nutrition through fertilizers, farm implements, and technological back up, there was 10-15% increase in the crops' yields. Tribal Sub Plan (TSP) was implemented in 16 villages of Ladakh UT. With a view to expand the outreach program, far-flung villages in different areas of Leh and Kargil districts were adopted. Two need-based assessment surveys were conducted and improved inputs were distributed to 744 tribal farmers.

Total 17,374 farmers, farm women, students, trainees and State/Central government officers visited ATIC. Sale of seeds of improved varieties of kharif and rabi crops, seedlings of horticulture, forestry, ornamental and medicinal plants, other products generated a revenue of Rs. 1,58,10,012.

The institute organized an 'Agri-Innovation Day' to showcase its innovations in arid agriculture. About 600 farmers and farm-women from different villages of Jodhpur district were invited to interact with scientists in the experimental fields itself. Total 88 district-level agro-meteorological advisory bulletins were issued for the farmers. A total of 153 trainings were organized, which benefitted 5487 farmers. FLD programs were conducted in villages benefitting 996 farmers directly and several thousand farmers indirectly through extension activities. Total 12 OFTs were conducted at 87 farmers' fields. Agri-drone demonstrations were conducted in villages of Jodhpur, covering 136 ha area and engaging 110 farmers.

I hope that the stakeholders involved in enhancement of resilience of agriculture in arid regions will find the research, development and extension activities documented in this report useful for enhancing their knowledge and skills.

(O.P. Yadav)
Director

कार्यकारी सारांश
Executive Summary

समस्त भारतवर्ष से भू–संदर्भित जानकारी के साथ 3600 मृदा नमूनों का दृष्यमान–निकट अवरक्त–लघु तरंग अवरक्त (350 से 2500 नैनोमीटर) तरंगदैर्ध्य क्षेत्र से 1 नैनोमीटर रिजॉल्यूशन पर हाइपरस्पेक्ट्रल हस्ताक्षरों तथा 16 मृदा गुणों से युक्त मृदा वर्णक्रमीय पुस्तकालय बनाया और भारतीय मृदा वर्णक्रमीय पुस्तकालय के डिजिटल प्लेटफॉर्म हेतु एक रूपरेखा को विकसित किया गया।

संस्थान के मुख्य परिसर का समोच्च मानचित्र, जिसमें 207 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है, स्थलाकृतिक सर्वेक्षण के परिणामों के आधार पर विकसित किया गया, जो टोटल स्टेशन और डिफरेंशियल जीपीएस का उपयोग करके किया गया। मानचित्र द्वारा भूमि के उच्चतम और निम्नतम बिंदुओं की ऊँचाई में 14.60 मीटर का अंतर पाया गया। मानचित्र में 2.11 कि.मी. लंबाई में उपयुक्त जल निकास मार्ग को चित्रित किया गया और जल निकास हेतु चैनलों का निर्माण किया गया।

जैसलमेर के नाचना ब्लॉक में भू उपयोग / भू आवरण मानचित्र द्वारा भू–क्षरण के अर्न्तगत 3,67,007 हेक्टेयर (कुल भौगोलिक क्षेत्र का 84.25 प्रतिशत) क्षेत्र पाया गया, जिसमें वायु अपरदन के अर्न्तगत 3,47,438 हेक्टेयर (79.75 प्रतिशत) एवं इसके बाद 12,994 हेक्टेयर (2.98 प्रतिशत) क्षेत्रफल वनस्पति क्षरण के अर्न्तगत पाया गया। मानचित्र द्वारा ज्ञात हुआ कि 52.15 प्रतिशत क्षेत्र में रेत के टीले, 36 प्रतिशत क्षेत्र में कृषि भूमि और लगभग 10 प्रतिशत क्षेत्र में वन / वृक्षारोपण / झाड़ियों का स्थानिक वितरण है।

भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग करके शुष्क पश्चिमी राजस्थान के 12 जिलों के 115 ब्लॉकों के लिए विद्युत चालकता, नाइट्रेट और फ्लोराइड सहित नौ जल संबंधी मापदंडों के ब्लॉक–वार स्थानिक मानचित्र तैयार किए गए।

जोधपुर स्थित दीर्घकालिक उर्वरता प्रयोग में मृदा के भौतिक–रासायनिक गुणों के विश्लेषण द्वारा 5.65 प्रतिशत चिकनी मृदा, 8.91 प्रतिशत सिल्ट और 85.4 प्रतिशत बालू के अनुपात के साथ दोमट रेतीली संरचना पाई गई। 100 प्रतिशत एनपीके, 75 प्रतिशत एनपीके + 5 टन प्रति हेक्टेयर की दर से गोबर की खाद और 100 प्रतिशत एनपीके + 5 टन प्रति हेक्टेयर की दर से गोबर की खाद के अनुप्रयोग से नियंत्रण की तुलना में बाजरा के अनाज और पुआल की उपज में वृद्धि हुई।

जोधपुर, बीकानेर और जैसलमेर में विभिन्न कृषि उत्पादन प्रणालियों में स्थित वायु अपरदन नमूना स्थलों से एकत्र किए गए

Soil spectral library consisting of georeferenced information, 16 soil properties and hyperspectral signatures at 1 nm resolution in VIS-NIR-SWIR (350-2500 nm) wavelength region for 3600 samples from India have been developed along with a framework for developing digital platform of Indian soil spectral library.

Contour map of the main campus of the institute, encompassing about 207 ha area, was developed by conducting topographical survey using total station and differential GPS. The map revealed elevation difference of 14.60 m between highest and lowest point in the farm. Suitable drainage pathway was delineated over 2.11 km length and drainage channels were constructed to convey runoff water during monsoon season.

Land use/land cover map of Nachna block of Jaisalmer showed an area of 3,67,007 ha (84.25% of TGA) under land degradation processes including wind erosion (3,47,438 ha or 79.75% area) followed by vegetation degradation in 12,994 ha (2.98%) area. The map further revealed presence of sand dunes in 52.15% area, croplands in 36% area and forest/plantations/scrublands in about 10% area.

Block-wise spatial maps of nine water related parameters including electrical conductivity, nitrate and fluoride were prepared for 115 blocks of 12 districts in arid western Rajasthan using geographic information system.

Physico-chemical soil properties in long-term fertility experiment at research farm of ICAR-CAZRI, Jodhpur revealed loamy sand texture with 5.65% clay, 8.91% silt and 85.4% sand. Application of $NPK_{100\%}$, $NPK_{75\%}$ + farm yard manure (FYM) @ 5 t ha^{-1} and $NPK_{100\%}$ + FYM @ 5 t ha^{-1} increased grain yield and straw yield of pearl millet.

A total of 160 soil samples collected from wind erosion sampling sites located in different agricultural production systems in Jodhpur, Bikaner and Jaisalmer were characterized for different soil properties, e.g. soil texture (sand content = 72.6%-96.6%, silt = 0.23%-24.4%

मृदा के कुल 160 नमूनों को मृदा के विभिन्न गुणों यथा मृदा की बनावट (बालू की मात्रा 72.6 से 96.6 प्रतिशत, सिल्ट 0.23 से 24.4 प्रतिशत और चिकनी मृदा 0.18 से 7.98 प्रतिशत), पीएच (6.98 से 9.85), विद्युत चालकता (0.02 से 0.49 डेसी सीमेंस प्रति मीटर), मृदा कार्बनिक कार्बन (0.01 प्रतिशत से 0.43 प्रतिशत) आदि का विश्लेषण किया गया।

लैंडसैट–7 और लैंडसैट–8 उपग्रह के सुदूर संवेदन छायाचित्रों से विकसित पश्चिमी राजस्थान के लिए सामान्यीकृत अंतर वनस्पति सूचकांक के रास्टर मानचित्रों में रुझान की पहचान गूगल अर्थ इंजिन प्लेटफॉर्म के माध्यम से मान केंडल और सेन के ढलान अनुमान परीक्षणों द्वारा की गई। वर्ष 2001–2015 की अवधि के दौरान 70 प्रतिशत क्षेत्र में मध्यम से मजबूत सकारात्मक रुझान दर्ज किए गए। हालाँकि, वर्ष 2016–2020 के दौरान, क्रमशः 15 प्रतिशत और 20 प्रतिशत भूमि क्षेत्र में सामान्यीकृत अंतर वनस्पति सूचकांक के सार्थक सकारात्मक और नकारात्मक रुझान पाए गए।

पश्चिमी राजस्थान के 12 जिलों में जीरा के फसल क्षेत्रफल, उत्पादन और उत्पादकता में दीर्घकालिक (1985–2020) आँकड़ों में संशोधित मान–केंडल परीक्षण का उपयोग करके प्रवृत्ति का विश्लेषण किया गया और सेन के ढलान अनुमानक का उपयोग करके प्रवृत्ति के परिमाण को आकलित किया गया। फसल के क्षेत्रफल में 9 जिलों में बढ़ती प्रवृत्ति (पी<0.05) दर्ज की गई, जो 4510 हेक्टेयर प्रति वर्ष (बाड़मेर) से लेकर 60 हेक्टेयर प्रति वर्ष (चूरू) तक रही। चूरू (7.34 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष) और नागौर (6.55 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष) में जीरा की उत्पादकता में बढ़ती (पी<0.05) प्रवृत्ति पाई गई।

राजस्थान के 13 जिलों के 1:50,000 पैमाने पर वर्ष 2020–21 के आईआरएस–एलआईएसएस–III चित्रों का उपयोग करके तैयार किए भू उपयोग/भू आवरण मानचित्रों द्वारा ज्ञात हुआ कि 58 प्रतिशत क्षेत्र में कृषि योग्य भूमि (एकल फसल के तहत 32 प्रतिशत क्षेत्र और दोहरी फसल के तहत 26 प्रतिशत क्षेत्र), 27 प्रतिशत क्षेत्र में रेत के टीले, 4.47 प्रतिशत क्षेत्र में बंजर/पथरीले इलाके, 5.7 प्रतिशत क्षेत्र में झाड़ीयाँ और 0.52 प्रतिशत क्षेत्र में उद्योग/खनन विद्यमान हैं।

नवम्बर 2023 और मार्च 2024 के दौरान जैसलमेर में फोग (*कॉलिगोनम पॉलीगोनोइड्स*), खीप (*लेप्टाडेनिया पायरोटेक्निका*) और बूई (*ऐरवा जावानिका*) प्रभुत्व वाले क्षेत्र में उच्च वनस्पति विविधता देखी गई और विलायती बबूल प्रभुत्व वाले क्षेत्र में सबसे कम वनस्पति विविधता दर्ज की गई। *सी. पॉलीगोनोइड्स* निर्मित नेबखास का अध्ययन किया गया और घास की प्रजाति, *ओचथोक्लोआ कंप्रेसा* 70.9 के महत्वपूर्ण मान सूचकांक के साथ प्रमुख प्रजाति दर्ज की गई। *अरिस्टिडा* प्रजाति और *इंडिगोफेरा अर्जेन्टिया* क्रमशः 54.3 और 43.4 के महत्वपूर्ण मान सूचकांक के साथ सह–प्रमुख प्रजातियाँ पाई गई।

and clay = 0.18%-7.98%), pH (6.98-9.85), electrical conductivity (0.02 to 0.49 dS m^{-1}) and soil organic carbon (0.01% to 0.43%).

Trends in raster maps of normalized difference vegetation index (NDVI) for the western Rajasthan developed from remote sensing imageries captured by Landsat-7 and Landsat-8 were identified by Mann Kendall and Sen's slope estimation tests through Google Earth Engine (GEE) platform. Moderate to strong positive trends were observed in 70% area during 2001-2015 period. However, during 2016-2020, significant positive and negative trends of NDVI values were detected in 15% and 20% land area, respectively.

In 12 districts of western Rajasthan, long-term (1985-2020) trends in acreages, production and productivity of cumin were analyzed using modified Mann-Kendall test and their magnitudes were quantified using Sen's slope estimator. Increasing trends ($p<0.05$) in crop area of cumin was observed in 9 districts ranging from 4510 ha $year^{-1}$ (Barmer) to 60 ha $year^{-1}$ (Churu). Cumin productivity was found increasing ($p<0.05$) in Churu (7.34 kg ha^{-1} $year^{-1}$) and Nagaur (6.55 kg ha^{-1} $year^{-1}$), and decreasing ($p<0.05$) in Sikar (-5.78 kg ha^{-1} $year^{-1}$).

Land use/land cover map of 13 districts of Rajasthan, generated at 1:50K scale using IRS-LISS-III images of 2020-21, revealed existence of arable lands in 58% area (32% area under single crop and 26% area under double crop), followed by sand dunes (27% area), barren/rocky terrain (4.47% area), scrublands (5.7% area) and industry/mining (0.52% area).

Higher vegetation diversity in Jaisalmer was observed in *Calligonum polygonoides* ('phog'), *Leptadenia pyrotechnica* ('khimp') and *Aerva javanica* ('bui') dominated area and lowest vegetation diversity was reported in *Prosopis juliflora* ('bilayati babul') dominated area during November 2023 and March 2024. Nebkhas surrounding *C. polygonoides* were studied and the grass species, *Ochthochloa compressa* was the dominant species with important value index of 70.9. The co-dominant species were *Aristida* spp. and *Indigofera argentia* with important value index of 54.3 and 43.4, respectively.

हनुमानगढ़, चूरू और बीकानेर में प्रमुख मृदा श्रृंखलाओं से एकत्रित कुल 191 भू–संदर्भित मृदा नमूनों से फॉस्फोरस की कुल मात्रा 221 से 708 मि.ग्रा. प्रति कि.ग्रा. तक पाई गई। हाइड्रोक्सीएपेटाइट फॉस्फेट, फाइटेट्स और ऑक्लुडेड फॉस्फेट फॉस्फोरस के प्रमुख रूप हैं, जो कुल अवशिष्ट मृदा फॉस्फोरस का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा होने के साथ पौधों के लिए अनुपलब्ध या कठिन रूप से उपलब्ध रहता है।

अंजन घास में अधिकतम हरा चारा और शुष्क पदार्थ उपज काजरी–657 (क्रमशः 7076.7 और 1647.4 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) से प्राप्त हुई एवं इसके बाद काजरी–581 (क्रमशः 6007.5 और 1546.2 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) से प्राप्त हुई।

बाजरा सुधार कार्यक्रम में, नौ परीक्षण संकरों के बीजों को गुणा करके अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना परीक्षणों के लिए भेजा गया, जिनमें पाँच प्रविष्टियाँ प्रारंभिक संकर परीक्षण (अगेती) के लिए, तीन प्रविष्टियाँ उन्नत संकर और जनसंख्या परीक्षण (अगेती) दूसरे वर्ष और एक परीक्षण संकर उन्नत संकर और जनसंख्या परीक्षण (अगेती) तीसरे वर्ष के परीक्षण हेतु शामिल हैं। बीस अगेती परीक्षण संकरों के बहु–स्थानिक (जोधपुर, जैसलमेर और बीकानेर) परीक्षणों से सात आशाजनक परीक्षण संकर चुने गए और अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना परीक्षणों के लिए भेजे गए।

बाजरा के कई आशाजनक संततियों (अलग–अलग पीढ़ी के 428 परिवारों से 1074 और 376 स्व–निषेचित समष्टियों से 307 संतति) का मूल्याँकन किया गया और जोधपुर और बीकानेर में प्रोन्नति के लिए चुना गया। संस्थान में रूग्ण भूखंड में मृदुरोमिल आसिता और ब्लास्ट रोगों के विरूद्ध 146 परीक्षण संकर और 34 आर लाइनों सहित उन्नत प्रजनन सामग्री की स्क्रीनिंग की गई।

संस्थान के एबीआई केन्द्र में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों हेतु श्रीअन्न के मूल्य–संवर्धित उत्पादों पर तीन दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्ष 2024 के खरीफ ऋतु में बिलाड़ा के उदलियावास गाँव में आरएचबी–233 बायोफोर्टिफाइड बाजरा संकर के 50 प्रदर्शन दिए गए। उदलियावास गाँव में मिलेट्स के मूल्य–संवर्धित प्रसंस्करण इकाई की स्थापना हेतु उपकरणों के हस्तांतरण के लिए भाकृअनुप–काजरी और 'श्री आईमाता श्रीअन्न राजीविका' नामक एक स्वयं सहायता समूह के बीच एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए।

दस ग्वार प्रविष्टियों ने सर्वोत्तम मानक की तुलना में 10 प्रतिशत से अधिक उपज श्रेष्ठता दिखाई। चार ग्वार प्रविष्टियों (सीएजेडजी–20–17, सीएजेडजी–20–21, सीएजेडजी–20–38 और सीएजेडजी–21–3) को देशभर में मूल्याँकन हेतु अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना परीक्षणों के लिए शामिल किया

A total of 191 geo-referenced soil samples, collected from major soil series in Hanumangarh, Churu and Bikaner, revealed total P ranging from 221-708 mg kg^{-1}. The hydroxyapatite phosphates, phytates and occluded phosphates are the dominating form of P comprising more than 80% of total residual soil phosphorus, which remains non-accessible or poorly accessible to plants.

In *Cenchrus ciliaris*, the maximum green fodder and dry matter yields were recorded from CAZRI-657 (7076.7 and 1647.4 kg ha^{-1}, respectively) followed by CAZRI-581 (6007.5 and 1546.2 kg ha^{-1}, respectively).

In pearl millet improvement program, seed of nine test hybrids were multiplied and submitted for coordinated trials including five entries for initial hybrid trial (early), three entries for second year testing under advance hybrid and population trial (early) and one test hybrid for third year testing under advance hybrid and population trial (early). Seven promising test hybrids were selected from multi-location (Jodhpur, Jaisalmer and Bikaner) testing of twenty early test hybrids and submitted for coordinated trials.

Many promising progenies of pearl millet (1074 from 428 families of different segregating generation and 307 progenies from 376 selfed populations) were evaluated and selected for advancement at Jodhpur and Bikaner. Advanced breeding materials including 146 test hybrids and 34 R lines were screened against downy mildew and blast diseases.

Skilled Development Program of three days was conducted at Agri-Business Incubation Center of the institute for self help group members on value added products of millets. Fifty demonstrations of RHB 233 (fortified) hybrid of pearl millet were demonstrated in Udaliayawas village of Bilara in the kharif season of 2024. An MoU has been signed between ICAR-CAZRI, Jodhpur and self help group named '*Shree Aaimata* Millets *Rajivika*' for transfer of the equipment for establishing the value added processing unit of millets in village Udaliyawas, Bilara, Jodhpur.

Ten clusterbean entries of CAZG series recorded 10% higher yield over the best check. Four clusterbean entries (CAZG-20-17, CAZG-20-21, CAZG-20-38 and CAZG-21-3) were promoted to coordinated variety trial

गया। ग्वार का अद्वितीय जननद्रव्य सीएजेडजी–110 को विशिष्ट लक्षण 10 से.मी. से अधिक ग्राउंड क्लीयरेंस के लिए पहचान की गई।

ग्वार बीजों में सेल्युलेज उपचार से डीपोलीमराइजेशन बढ़ा तथा गैलेक्टोमैनन की मात्रा के आकलन में सुधार हुआ। सेल्युलेज की 2 मि.ग्रा. प्रति ग्राम सांद्रता के साथ बीटा–मैन्नेनेज, अल्फा–गैलेक्टोसिडेज तथा बीटा–गैलेक्टोज डिहाइड्रोजनेज से आरजीसी–1033 के एंडोस्पर्म नमूनों में 80 ग्राम प्रति 100 ग्राम से अधिक गैलेक्टोमैनन की मात्रा पाई गई।

मोठ की दो किस्मों काजरी मोठ–4 (सीजेडएमओ–18–2) और काजरी मोठ–5 (सीजेडएमओ–18–5) को सर्वोत्तम मानक किस्म (आरएमओ–257; 468 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) की तुलना में 25 प्रतिशत से अधिक उपज श्रेष्ठता के कारण खेती के लिए अधिसूचित किया गया। मोठ की दो किस्मों काजरी मोठ–6 (सीजेडएमओ–18–3) और काजरी मोठ–7 (सीजेडएमओ–18–4) को सर्वोत्तम मानक किस्म (आरएमओ–257; 518 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) की तुलना में उनकी उपज श्रेष्ठता (20 प्रतिशत से अधिक) के कारण जारी करने हेतु पहचाना गया। काजरी मोठ–4 के 1090 कि.ग्रा. प्रजनक बीज का उत्पादन किया गया। मोठ की आठ प्रविष्टियों, जिनमें दो (सीजेडएमओ–20–8 और सीजेडएमओ–20–11) एवीटी–2, दो (सीजेडएमओ–20–9 और सीजेडएमओ–21–8) एवीटी–1 और चार (सीजेडएमओ–18–10, सीजेडएमओ–18–12, सीजेडएमओ–20–12 और सीजेडएमओ–20–17) आईवीटी में शामिल कर समन्वित किस्म परीक्षणों में बहु–स्थानिक मूल्याँकन हेतु बढ़ावा दिया गया।

जीरा की गामा विकिरणित म्यूटेंट की चार जननद्रव्य पंक्तियों यथा जीसी–4, आरजेड–19, सीजेडसी–94 (अगेती) और सीजेडसी–96 (सफेद पुष्प) को आगे बढ़ाया गया। सीजेडसी–94 के म्यूटेंट परीक्षण में फूल आने के दिनों और प्रति पौधे की उपज के लिए परिवर्तनशीलता के साथ ही एक अम्बेल में अम्बलेट तथा एक अम्बलेट में बीजों की संख्या में भी परिवर्तन हुआ। सीजेडसी–96 और जीसी–4 के म्यूटेंट परीक्षण में तीन प्रविष्टियों ने प्रति पौधा उपज के आधार पर मानक से बेहतर परिणाम दिए।

ईसबगोल के कुल 128 परिग्रहणों के मूल्याँकन द्वारा फूल आने की अवधि (45 से 64 दिन), परिपक्वता की अवधि (113 से 127 दिन), प्रत्येक पौधे पर बालियों की संख्या (43 से 235), बालियों की लंबाई (3.4 से 7.2 से.मी.), प्रत्येक बाली में बीजों की संख्या (37 से 189) और प्रति पौधा बीज उत्पादन (6.9 से 30.4 ग्राम) में काफी विविधता देखी गई। अगेती परिपक्वता, अर्ध–ढीली बालियाँ और लंबी बालियों के लिए विभिन्न ईसबगोल परिग्रहण की पहचान की गई।

बीज उत्पादन कार्यक्रम में, जोधपुर और बीकानेर स्थित संस्थान के अनुसंधान प्रक्षेत्रों पर मेगा सीड तथा सीड हब सृजन परियोजना के तहत दलहन, बीज मसालों और तिलहन की विभिन्न

across the country. Trait-specific unique germplasm of clusterbean CAZG-110 was identified for ground clearance of more than 10 cm.

Cellulase treatment of clusterbean seeds resulted in increased extent of depolymerization and improved estimation of galactomannan content. Cellulase enzyme at 2 mg g^{-1} concentration along with β-mannanase, α-galactosidase, and β-galactose dehydrogenase resulted in more than 80 g 100 g^{-1} of galactomannan content in endosperm samples of clusterbean (RGC-1033).

Two moth bean varieties (CAZRI Moth-4; CZMO-18-2 and CAZRI Moth-5; CZMO-18-5) were notified for cultivation having 25% higher yield than the best check (RMO-257; 468 kg ha^{-1}). Two varieties, i.e., CAZRI Moth-6 (CZMO-18-3) and CAZRI Moth-7 (CZMO-18-4) were identified for release due to their higher yield (>20%) than the best check (RMO-257; 518 kg ha^{-1}). About 1090 kg breeder seed of CAZRI Moth-4 was produced. Two moth bean entries (CZMO-20-8 and CZMO-20-11) were promoted to advanced variety trial-II, two (CZMO-20-9 and CZMO-21-8) to advanced variety trial-I and four (CZMO-18-10, CZMO-18-12, CZMO-20-12 and CZMO-20-17) were promoted to initial variety trial for multi-location coordinated variety trial.

Four germplasm lines of gamma-irradiated mutants of cumin viz., GC-4, RZ-19, CZC-94 (early), and CZC-96 (white flower) were advanced. Trials conducted using mutation bulks of CZC 94 revealed variability for days to flowering and plant yield with change in number of seed per umbellate and umbellate per umbel. Three entries in trial with mutants of CZC-96 and GC-4 outperformed the checks.

Evaluation of 128 accessions of isabgol revealed considerable diversity for days to flowering (45-64 days), days to maturity (113-127 days), total spikes per plant (43-235), seeds per spike (37 to 189), spike length (3.4 to 7.2 cm) and seed yield per plant (6.9 to 30.4 g). Different accessions for desired traits like early maturity, semi-laxed spike and longer spike were identified.

In the seed production program, truthfully labelled seeds of different varieties of pulses, seed spices and oilseeds were produced under mega seed and creation of

किस्मों के सत्यता लेबलयुक्त बीज उत्पादित किए गए। रबी और खरीफ फसलों के लिए कुल 48,333 कि.ग्रा. बीज उत्पादित किए गए।

चरागाह घासों का गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन किया गया, जिसमें 76 कि.ग्रा. बीज काजरी अंजन–358, 27.8 कि.ग्रा. काजरी अंजन–2178, 12.15 कि.ग्रा. काजरी–75 तथा 1.675 कि.ग्रा. सेवण घास का उत्पादन शामिल रहा।

काजरी अंजन–358 से 0.20 कि.ग्रा., काजरी अंजन–2178 से 0.375 कि.ग्रा. तथा सेवण घास से 0.045 कि.ग्रा. न्यूक्लियस बीज का उत्पादन किया गया। इसके अतिरिक्त, काजरी अंजन–358 का 600 वर्गमीटर क्षेत्रफल में तथा काजरी अंजन–2178 का 0.1474 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रजनक बीज भूखण्ड स्थापित किये गए। इसके अंतर्गत 12.3 कि.ग्रा. काजरी अंजन–358 का प्रजनक बीज तथा 1,090 कि.ग्रा. मोठ (काजरी मोठ–4) का भी प्रजनक बीज उत्पादित किया गया।

अनार और कैर के ग्रंथिक खंडों से कार्यिक संवर्धन पद्धति विकसित की गई और खजूर के पौधे से कैलस की शुरुआत और कई कलियों का निर्माण किया गया।

बेर के 21 स्टायोनिक संयोजनों की कलियों की सफलता और पौधों की वृद्धि के मापदंडों ने विभिन्न रूटस्टॉक्स के लिए कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं दर्शाया। पौधे की ऊँचाई और कैनोपी क्षेत्र पर स्थापना विधियों और रूटस्टॉक्स का प्रभाव नहीं देखा गया, यद्यपि विभिन्न किस्मों में सार्थक अंतर पाया गया। स्टॉक–सायन अनुपात देशी बोरड़ी में काफी अधिक रहा। स्टॉक–सायन अनुपात, पौधे की ऊँचाई और कैनोपी क्षेत्र के लिए स्थापना विधि और रूटस्टॉक्स के बीच अंतःक्रिया महत्वपूर्ण पाई गई।

उद्‌गम–सह–संतति परीक्षणों में, खेजड़ी में पौधे की औसत ऊँचाई 2.38±0.13 से 3.24±0.22 मीटर और रोहिड़ा में 3.27±0.13 से 3.72±0.07 मीटर तक दर्ज की गई। खेजड़ी में औसत कॉलर व्यास और शाखाओं की संख्या क्रमशः 28.62±3.22 से 40.84±4.21 मि.मी. और 4.11±0.83 से 5.17±0.73 तक पाया गया। रोहिड़ा में जमीन से 4.5 फीट की ऊँचाई पर पेड़ का औसत व्यास और शाखाओं की संख्या क्रमशः 34.12±0.94 से 50.25±1.23 मि.मी. और 3.08±0.17 से 3.63±0.44 तक पाई गई।

माइकोराइजल उपभेद जेएसएलएम–5 के साथ इनोकुलेशन के परिणामस्वरूप वर्मीकम्पोस्ट के बिना 4.5 माइक्रोग्राम टीपीएफ प्रति ग्राम मृदा प्रति घंटा और वर्मीकम्पोस्ट के साथ 5.0 माइक्रोग्राम टीपीएफ प्रति ग्राम मृदा प्रति घंटा की उच्चतम डिहाइड्रोजिनेज गतिविधि दर्ज की गई। इसी तरह, माइकोराइजा जेएसएलएम–5 द्वारा इनोकुलेशन के परिणामतः बुवाई के 45 दिन बाद फ्लुरोस्सेंट डाईएसीटेट गतिविधि 21 माइक्रोग्राम फ्लोरेसिन प्रति ग्राम मृदा प्रति

seed hub project undertaken at institute research farms at Jodhpur and Bikaner. Total 48,333 kg seed of rabi and kharif crops was produced.

Quality seeds of different varieties of *Cenchrus ciliaris* grass including 76.0 kg seeds of CAZRI Anjan-358, 27.8 kg of CAZRI Anjan-2178, and *Cenchrus setigerus*, viz. 12.15 kg of CAZRI-75 and 1.675 kg of sewan grass were produced**.**

Nucleus seeds of *C. ciliaris* varieties, CAZRI Anjan-358 (0.20 kg), CAZRI Anjan-2178 (0.375 kg) and *C. setigerus* **(**CAZRI-76) (0.045 kg) were produced. Breeder seed plots of *C. ciliaris* varieties, CAZRI Anjan-358 (600 m^2) and CAZRI Anjan-2178 (1474 m^2) were established and 12.30 kg breeder seed of *C. ciliaris* (CAZRI Anjan-358) was produced. Also, 1,090 kg breeder seed of moth bean (CAZRI Moth-4) was produced.

In-vitro propagation methodology of pomegranate (*Punica granatum*) and kair (*Capparis decidua*) from their nodal segments were developed and callus initiation and multiple bud formation from explant of date palm was achieved.

Budding success and plant growth parameters of 21 stionic combinations of ber revealed no significant differences for different rootstocks. Plant height and canopy area were not affected by establishment methods and rootstocks though there were significant varietal differences. Stock-scion ratio was significantly higher in *Z. rotundifolia*. The interaction between establishment method and rootstocks for stock-scion ratio, plant height and canopy area were found significant.

In provenance-cum-progeny trials, the mean plant height of khejri (*Prosopis cineraria*) ranged from 2.38±0.13 to 3.24±0.22 m whereas, ranged from 3.27±0.13 to 3.72±0.07 m in rohida (*Tecomella undulata*). The mean collar diameter and number of branches varied from 28.62±3.22 to 40.84±4.21 mm and from 4.11±0.83 to 5.17±0.73, respectively in khejri. The mean diameter at breast height and number of branches varied from 34.12±0.94 to 50.25±1.23 mm and from 3.08±0.17 to 3.63±0.44, respectively in rohida.

Inoculation of soil with the mycorrhizal strain JSLM-5 (M_3) resulted in highest dehydrogenase activity of 4.5 µg TPF g^{-1} soil hr^{-1} without vermicompost and 5.0 µg TPF g^{-1} soil h^{-1} with vermicompost. Similarly, M_3

घंटा (–वीसी) और 30 माइक्रोग्राम फ्लोरेसिन प्रति ग्राम मृदा प्रति घंटा (+वीसी) के उच्चतम मानों के साथ दर्ज की गई।

चार शुष्क झाड़ी प्रजातियों (खींप, फोग, लाना, बूई) के तने एवं जड़ों में विभिन्न फिनोलिक यौगिकों, मुख्यतया केम्फेरोल, एल्लाजिक एसिड, और मायरिसेटिन, की एचपीएलसी विश्लेषण द्वारा पहचान की गई। जबकि जीसी–एमएस विश्लेषण द्वारा रोपिवाकाइन, नेओफाइटाडीन, और स्क्वालिन जैसे जैविक सक्रिय यौगिकों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिसने इन प्रजातियों में फाइटोकैमिकल विविधता को दर्शाया।

पॉलीहाउस में उगाये गए खीरा में शुरुआती गाँठों पर फूल रहित और हार्मोनल प्रयोग ने संतुलित वृद्धि और नियमित फलन दर्शाया, जिसमें फल लगने में थोड़ी देरी हुई।

मालाबार नीम में, पेड़ की अधिकतम और न्यूनतम ऊँचाई क्रमशः 100 प्रतिशत सिंचाई स्तर (7.45 मीटर) और नियंत्रण (6.38 मीटर) के तहत् दर्ज की गई। इसी प्रकार, पेड़ का अधिकतम और न्यूनतम व्यास क्रमशः 100 प्रतिशत सिंचाई (12.01 से.मी.) और नियंत्रण (10.05 से.मी.) के तहत् दर्ज किया गया। गम्हार में, 100 प्रतिशत सिंचाई के तहत् पेड़ और कैनोपी का व्यास (क्रमशः 10.53 से.मी. और 3.02 मीटर) बहुत अधिक पाया गया। यद्यपि, सिंचाई स्तरों का पेड़ की ऊँचाई पर कोई प्रभाव नहीं देखा गया।

अरडू के वृक्ष की रोपण के सात वर्ष पश्चात ऊँचाई (6.52) और आवक्ष ऊँचाई व्यास (18.48), 8 मी. × 8 मी. वृक्ष अंतराल पर अधिकतम पाया गया इसके बाद 6 मी. × 6 मी. पर था। अंतःफसलों का वृक्षों की ऊँचाई और आवक्ष ऊँचाई व्यास पर कोई सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया। सीमावर्ती वृक्षारोपण में, अरडू ने एकल तथा खेजड़ी और अरडू के मिश्रित रोपण में भी वृक्ष विकास मापदंडों का बेहतर प्रदर्शन किया। वृक्ष की न्यूनतम ऊँचाई और आवक्ष ऊँचाई व्यास एकल खेजड़ी में दर्ज किया गया।

राजस्थान के जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर जिलों से एकत्र किए गए गोंद के नमूनों के भौतिक–रासायनिक और सूक्ष्म गुणधर्मों को चार कण आकार वर्गों, यथा एस$_1$ (2 से 5 मि.मी.), एस$_2$ (0.8 से 2 मि.मी.), एस$_3$ (0.089 से 0.8 मि.मी.) और एस$_4$ (0.089 मि.मी. से कम) के लिए निर्धारित किया गया। जैसलमेर के गोंद के नमूनों में थोक घनत्व (0.66 ग्राम प्रति घन सेंटीमीटर) सर्वाधिक पाया गया, जबकि अन्य मापदंडों के मानों में जिलों के मध्य कोई सार्थक भिन्नता नहीं पाई गई।

खरीफ मौसम के दौरान 10 टन प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद के साथ सात वर्षों तक लगातार फसल उगाने से बाजरा और गेहूँ की अनाज उपज क्रमशः 2079 और 3867 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर प्राप्त हुई। बाजरा और गेहूँ की अधिकतम अनाज उपज क्रमशः 2378 और 4401 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर 150 प्रतिशत एनपीके के साथ दर्ज की

inoculation revealed the highest fluorescein diacetate activity at 45 DAS, measuring 21 µg fluorescein g^{-1} soil h^{-1} withput vermicompost and 30 µg fluorescein g^{-1} soil h^{-1} with vermicompost.

To estimate soil nutrient loss through wind erosion, 160 soil samples were collected from wind erosion sampler sites in hot arid climate of Jodhpur, Bikaner and Jaisalmer districts under four agricultural production systems, i.e., (i) bare land/denuded sandy plain (control), (ii) rainfed (pearl millet-based), (iii) irrigated and (iv) silvi-pastoral system. Except rainfed system, the samplers were also installed in all production systems in cold arid climate of Leh. The collected soil samples (N = 160) surrounding the wind erosion samplers were characterized for soil physico-chemical properties, e.g. soil texture, pH, electrical conductivity, soil organic carbon, available nutrients etc. The high sand content (72.6-96.6%) across all production systems and locations indicated the sandy nature of soils in the arid regions. Silt (0.23-24.4%) and clay (0.18-7.98%) content varied more with production systems, especially in rainfed and silvi-pastoral systems, indicating potential impacts of land use and management. Likewise, pH varied from 6.98 to 9.85 with the mean of 8.47, indicating soil alkaline in reaction. Electrical conductivity (EC) of soil, ranging from 0.02 to 0.49 dS m^{-1}, indicated low salinity levels. Soil organic carbon (SOC) varied from 0.01% to 0.43% and was categorized as low. Available phosphorus and potassium ranged from 2.17 to 78.3 kg ha^{-1} and 97.0 to 526 kg ha^{-1}, respectively. The DTPA extractable iron (Fe), manganese (Mn), zinc (Zn) and copper (Cu) content varied from 0.30 to 6.29 mg kg^{-1}, 0.82 to 12.1 mg kg^{-1}, 0.20 to 3.70 mg kg^{-1} and 0.01 to 2.67 mg kg^{-1}, respectively. The Fe content was found higher in agricultural production systems of Jodhpur as compared to that in Bikaner and Jaisalmer. The control (bare land) system had lower concentrations of all micronutrients in comparison to that in other production systems, particularly in Bikaner and Jaisalmer.

Trend Identification in vegetation index over western Rajasthan

Temporal variation in normalized difference vegetation index (NDVI) was explored in western Rajasthan to understand dynamics of land productivity.

अनुमान परीक्षण का उपयोग करके लैंडसैट संग्रह–2 टियर–1 स्तर–2 वार्षिक सामान्यीकृत अंतर वनस्पति सूचकांक समग्र (30 मीटर रिजॉल्यूशन) की समय श्रृंखला में प्रवृत्तियों का विश्लेषण किया गया। परिणामों से ज्ञात हुआ कि वर्ष 2001 से 2015 की अवधि के दौरान, सामान्यीकृत अंतर वनस्पति सूचकांक ने लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्र में मध्यम से मजबूत सकारात्मक रुझान दर्शाया, जबकि 27 प्रतिशत क्षेत्र में कोई प्रवृत्ति नहीं दर्शाई (चित्र 1.9 ए)। यद्यपि, वर्ष 2016 से 2020 की अवधि के दौरान, भूमि के एक बड़े हिस्से (65 प्रतिशत क्षेत्र) में सार्थक रुझान नहीं पाए गए (चित्र 1.9 बी)।

जीरा के क्षेत्रफल, उत्पादन और उत्पादकता के दीर्घकालीन रूझान

पश्चिमी राजस्थान की वर्षा और जीरा की फसल के लिए फसल सांख्यिकी (क्षेत्रफल, उत्पादन और उत्पादकता) में दीर्घकालिक रुझान का संशोधित मान–केंडल परीक्षण द्वारा आकलन किया गया और सेन के ढलान अनुमानक परीक्षण का उपयोग करके प्रवृत्ति परिमाण की गणना की गई। वर्ष 1950 से 2021 अवधि के लिए ग्रिडेड आँकड़ों (0.25 डिग्री × 0.25 डिग्री) का उपयोग करके वार्षिक वर्षा के रुझानों का विश्लेषण किया गया। परिणामों से ज्ञात हुआ कि जालोर, सीकर और झुंझुनू के अतिरिक्त सभी जिलों के कई क्षेत्रों में वार्षिक वर्षा में उल्लेखनीय रूप से वृद्धि (2.5 मि.मी. प्रति वर्ष) (पी<0.05) और हनुमानगढ़ में कमी हुई (चित्र 1.10)। इसके अतिरिक्त, जीरा की फसल सांख्यिकी (वर्ष 1985 से 2020) में जिलेवार प्रवृत्ति विश्लेषण किया गया। जीरा के अंतर्गत फसल क्षेत्रफल में गंगानगर, झुंझुनू और सीकर के अतिरिक्त सभी जिलों में उल्लेखनीय वृद्धि (पी<0.05) पाई गई। जीरा के

Trends in time series of Landsat collection-2 tier-1 level-2 annual NDVI composite (30 m resolution) were identified by using non-parametric Mann Kendall test and Sen's slope estimation test for two periods, i.e., 2001-2015 and 2016-2020 using Google Earth Engine (GEE) platform. The results revealed that during 2001-2015 period, about 70% of the area depicted a moderate to strong positive trends in NDVI while 27% did not reveal any trend (Fig. 1.9a). However, during 2016-2020 period, no significant trends were identified in a major portion of land (65% area) while 15% and 20% of the land area showed significant positive and negative trends, respectively (Fig. 1.9b).

Long-term trends of acreages, production and productivity of cumin

Long-term trends in rainfall of western Rajasthan and crop statistics (acreage, production and productivity) for cumin crop were detected by using modified Mann-Kendall test and trend magnitudes were calculated by using Sen's slope estimator. The trends in annual rainfall were analyzed using gridded data (0.25°×0.25°) for 1950-2021 period. The result revealed significantly increasing trends ($p<0.05$) of the annual rainfall (up to 2.5 mm year^{-1}) in several patches of all the districts except Jalore, Sikar and Jhunjhunu and decreasing trend in Hanumangarh (Fig. 1.10). Further, district-wise trend analysis in crop



चित्र 1.9 पश्चिमी राजस्थान के लिए दो अवधियों, (ए) 2001–15 और (बी) 2016–20 के दौरान सामान्यीकृत अंतर वनस्पति सूचकांक में रुझान दर्शाते मान–केंडल परीक्षण के परिणाम
Fig. 1.9 Results of Mann-Kendall test indicating trends in normalized difference vegetation index for western Rajasthan during (a) 2001-15 and (b) 2016-20



चित्र 1.10 पश्चिमी राजस्थान की वार्षिक वर्षा में सार्थक प्रवृत्ति (पी<0.05) के परिमाण (1950–2021)
Fig. 1.10 Magnitudes of significant trend (p<0.05) in annual rainfall of western Rajasthan (1950-2021)

अंतर्गत फसल क्षेत्रफल का प्रवृत्ति परिमाण 4510 हेक्टेयर प्रति वर्ष (बाड़मेर) से लेकर में 60 हेक्टेयर प्रति वर्ष (चूरू) तक पाया गया। इसी प्रकार, जीरा के उत्पादन में गंगानगर, झुंझुनू और हनुमानगढ़ के अतिरिक्त सभी जिलों में उल्लेखनीय वृद्धि (पी<0.05) देखी गई, जिसका परिमाण 1740 टन प्रति वर्ष (जोधपुर) से लेकर 10 टन प्रति वर्ष (चूरू) रहा। जीरा की उत्पादकता के रुझानों ने चूरू (7.34 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष) और नागौर (6.55 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष) में उल्लेखनीय वृद्धि (पी<0.05) और सीकर (–5.78 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष) में उल्लेखनीय कमी (पी<0.05) दर्शाई।

पश्चिमी राजस्थान के लिए भूमि उपयोग/भूमि आवरण मानचित्रों का विकास

वर्ष 2020–21 की उपग्रह आईआरएस–एलआईएसएस–III छवियों (चित्र 1.11) का उपयोग करके 1:50,000 पैमाने पर पश्चिमी राजस्थान के 13 जिलों के 2,09,61,984.66 हेक्टेयर क्षेत्र के भूमि उपयोग/भूमि आवरण मानचित्र तैयार किए गए। परिणामों द्वारा इंगित हुआ कि 58 प्रतिशत क्षेत्र में कृषि योग्य भूमि स्थित है (32 प्रतिशत क्षेत्र एकल फसल के अंतर्गत और 26 प्रतिशत क्षेत्र दोहरी फसल के अंतर्गत), इसके बाद 27 प्रतिशत क्षेत्र रेत के टीलों के

statistics of cumin (1985-2020) was performed. Crop acreage under cumin indicated significantly increasing trends (p<0.05) in all the districts except Ganaganagar, Jhunjhunu and Sikar. Trend magnitude for crop acreage under cumin ranged from 4510 ha year^{-1} (Barmer) to 60 ha year^{-1} (Churu). Likewise, production of cumin revealed a significantly increasing trend (p<0.05) in all districts except Ganaganagar, Jhunjhunu and Hanumangarh with magnitude ranging from 1740 t year^{-1} (Jodhpur) to 10 t year^{-1} (Churu). Trends in cumin productivity were found significantly increasing (p<0.05) in Churu (7.34 kg ha^{-1} year^{-1}) and Nagaur (6.55 kg ha^{-1} year^{-1}) and significantly decreasing (p<0.05) in Sikar (-5.78 kg ha^{-1} year^{-1}).

Development of land use/land cover maps for western Rajasthan

Land use/land cover map of 13 districts of Rajasthan encompassing an area of 2,09,61,984.66 ha were generated at 1:50K scale using IRS-LISS-III images of 2020-21 (Fig. 1.11). The results revealed presence of



चित्र 1.11 वर्ष 2021 की आईआरएस एलआईएसएस–III उपग्रह इमेजरी का उपयोग करके तैयार किया गया पश्चिमी राजस्थान का भूमि उपयोग/भूमि आवरण मानचित्र
Fig. 1.11 Land use/land cover map of western Rajasthan prepared using IRS LISS-III satellite imageries of year 2021

अंतर्गत, 4.47 प्रतिशत क्षेत्र बंजर/पत्थरदार भूभाग के अंतर्गत, 5.7 प्रतिशत क्षेत्र झाड़ियों के अंतर्गत और 0.52 प्रतिशत क्षेत्र उद्योग/खनन के अंतर्गत पाया गया।

राजस्थान के शुष्क जिलों में वनस्पति विविधता का मूल्याँकन

नवंबर, 2023 और मार्च, 2024 महीनों (तालिका 1.4) के दौरान सेंटिनल 2ए डेटा का उपयोग कर रामगढ़ से रानाउ क्षेत्र के लिए सामान्यीकृत अंतर वनस्पति सूचकांक (एनडीवीआई), मृदा समायोजित वनस्पति सूचकांक (एसएवीआई), उन्नत वनस्पति सूचकांक (ईवीआई), पत्ती क्षेत्र सूचकांक (एलएआई), सामान्यीकृत अंतर जल सूचकांक (एनडीडब्ल्यूआई) और हरा लाल वनस्पति सूचकांक (जीआरवीआई) जैसे विभिन्न वनस्पति सूचकांकों की गणना की गई। नवंबर, 2023 और मार्च, 2024 के दौरान ईवीआई का मूल्य क्रमशः –1.7 से 1.9 और –1.8 से 1.7 के बीच पाया गया। दोनों महीनों के दौरान एनडीवीआई और एसएवीआई का मान लगभग समान था। वानस्पतिक गतिकी में रामगढ़ से रानाउ क्षेत्र तक विलायती बबूल, *लेप्टाडेनिया पायरोटेक्निका, ऐरवा जावानिका, कैलीगोनम पॉलीगोनोइड्स* का प्रभुत्व और *कैलोट्रोपिस प्रोसेरा* (सम से धनाना तक बरखान टिब्बा), *टेफ्रोसिया फाल्सीफोर्मिस* (खुइयाला

arable lands in 58% area (32% area under single crop and 26% area under double crop), followed by 27% area under sand dunes, 4.47% area under barren/rocky terrain, 5.7% area under scrublands and 0.52% area under industry/mining.

Assessment of vegetation diversity in arid districts of Rajasthan

Different vegetation indices like Normalized Difference Vegetation Index (NDVI), Soil Adjusted Vegetation Index (SAVI), Enhanced Vegetation Index (EVI), Leaf Area Index (LAI), Normalized Difference Water Index (NDWI) and Green Red Vegetation Index (GRVI) were calculated for Ramgarh to Ranau area using Sentinel 2A data during November, 2023 and March, 2024 months (Table 1.4). The value of EVI was ranging from -1.7 to 1.9 and -1.8 to 1.7 during November, 2023 and March, 2024, respectively. The value of NDVI and SAVI was almost same during both months. Vegetative dynamics showed dominance of *Acacia tortilis,*

तालिका 1.4 नवंबर 2023 और मार्च 2024 के दौरान पश्चिमी राजस्थान के लिए विभिन्न वनस्पति सूचकांकों की तुलना
Table 1.4 Comparison of different vegetation indices for western Rajasthan during November 2023 and March 2024

Vegetation indices	November 2023		March 2024	
	Min.	Max.	Min.	Max.
NDVI (Normalized Difference Vegetation Index)	-0.3	0.5	-0.3	0.5
SAVI (Soil Adjusted Vegetation Index)	-0.45	0.77	-0.49	0.76
EVI (Enhanced Vegetation Index)	-1.7	1.9	-1.8	1.7
LAI (Leaf Area Index)	-6.3	6.9	-6.8	6.2
NDWI (Normalized Difference Water Index)	-0.47	0.33	-0.5	1
GRVI (Green Red Vegetation Index)	-1	1	-1	1

टोल के पास), *क्रोटेलारिया बुरहिया* (छत्रल गाँव के पास), *टर्गिडम, लेसियुरस सिंडिकस* (धनाना गाँव के पास), *कैसिया ऑगस्टिफोलिया* (बासनपीर गांव के पास) *पैनिकम* का प्रभुत्व जैसलमेर में देखा गया (चित्र 1.12)। विलायती बबूल की ऊंची और घनी कैनोपी मुख्य रूप से नहर क्षेत्र, सड़क के किनारे और मानव बस्तियों के पास देखी गई। *सी. पॉलीगोनोइड्स, एल. पायरोटेक्निका* और *ए. जावानिका* प्रभुत्व वाले क्षेत्र में उच्च वनस्पति विविधता देखी गई और विलायती बबूल प्रभुत्व वाले क्षेत्र में सबसे कम वनस्पति विविधता दर्ज की गई। *इंडिगोफेरा अर्जेंटिया, डिप्टरीजियम ग्लौकम, क्रोटोलारिया बुरहिया, फागोनिया* एसपीपी और *अरिस्टिड्स* एसपीपी के आगमन ने वनस्पति क्षरण का संकेत दिया। *सी. पॉलीगोनोइड्स* निर्मित नेबखायों का भी अध्ययन किया गया और नेबखायों में 8 परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाली कुल 11 पौधों की प्रजातियाँ देखी गईं। घास की प्रजाति, *ओचथोक्लोआ कंप्रेसा* 70.9 के महत्वपूर्ण मूल्य सूचकांक (आईवीआई) मान के साथ

Prosophis juliflora, Leptadenia pyrotechnica, Aerva javanica, Calligonum polygonoides from Ramgarh to Ranau area and dominance of *Calotropis procera* (Barkhan dunes from Sam to Dhanana), *Tephrosia falsiformis* (near Khuiyala toll), *Crotalaria burhia* (near Chattral village), *Panicum turgidum*, *Lasiurus scindicus* (near Dhanana village), *Cassia augustifolia* (near Basanpeer village) in Jaisalmer (Fig. 1.12). The higher and dense canopy of *P. juliflora* was mainly observed along the canal area, road sides and near human settlements. Higher vegetation diversity was observed in *C. polygonoides*, *L. pyrotechnica* and *A. javanica* dominated area and lowest vegetation diversity was reported in *P. juliflora* dominated area. Arrival of *Indigofera argentia*, *Dipterygium glaucum*, *Crotolaria*



चित्र 1.12 सामान्यीकृत अंतरवनस्पति सूचकांक के मानचित्र (ए) राजस्थान राज्य (बी) जैसलमेर जिले, विभिन्न प्रमुख पौधों की प्रजातियाँ
Fig. 1.12 Maps of normalized difference vegetation index for (a) Rajasthan state (b) Jaisalmer district, showing different dominant plant species

प्रमुख प्रजाति थी। *अरिस्टिडा* प्रजातियां और *इंडिगोफेरा अर्जेन्टिया* क्रमशः 54.3 और 43.4 के आईवीआइ मान के साथ सह–प्रमुख प्रजातियाँ पाई गई।

हनुमानगढ़, चूरू और बीकानेर की कृषि योग्य भूमि में मृदा फॉस्फोरस का लक्षणवर्णन

हनुमानगढ़, चूरू और बीकानेर में कृषि योग्य भूमि की प्रमुख मृदा श्रृंखलाओं से कुल 191 मृदा नमूने, बिंदुओं के भौगोलिक निर्देशांकों सहित, एकत्र किए गए। मृदा श्रृंखला में एओलियन (मैदानी और ऊबड़–खाबड़), जलोढ़ मैदान, अंतर–टीला मैदान, मिश्रित टिब्बा और पेडिमेंट भू–आकृतियाँ शामिल रहीं। आमतौर पर मृदा क्षारीय, गैर–लवणीय पाई गई, जिसमें जैविक कार्बन और उपलब्ध फॉस्फोरस की मात्रा कम से मध्यम और उपलब्ध पोटेशियम की मात्रा मध्यम से उच्च दर्ज की गई। मृदा का कुल फॉस्फोरस 329 से 708 मि.ग्रा. प्रति कि.ग्रा. (हनुमानगढ़), 221 से 536 मि.ग्रा. प्रति कि.ग्रा. (चूरू), और 225 से 627 मि.ग्रा. प्रति कि.ग्रा. (बीकानेर) तक पाया गया। मृदा के कुल फॉस्फोरस में अकार्बनिक फॉस्फोरस हनुमानगढ़, चूरू और बीकानेर में क्रमशः 75 प्रतिशत (62 से 87 प्रतिशत तक), 78 प्रतिशत (73 से 85 प्रतिशत तक) और 78 प्रतिशत (60 से 89 प्रतिशत तक) और कार्बनिक फॉस्फोरस क्रमशः 24 प्रतिशत (12 से 38 प्रतिशत तक), 22 प्रतिशत (15 से 27 प्रतिशत तक) और 22 प्रतिशत (11 से 40 प्रतिशत तक) दर्ज किया गया। मृदा अवशिष्ट फॉस्फोरस के प्रमुख पुनर्प्राप्त रूप हाइड्रॉक्सीएपेटाइट फॉस्फोरस (105 से 484 मि.ग्रा. प्रति कि.ग्रा.), फाइटेट फॉस्फोरस (35 से 197 मि.ग्रा. प्रति कि.ग्रा.) और अवरुद्ध फॉस्फोरस (3 से 225 मि.ग्रा. प्रति कि.ग्रा.) पाए गए (चित्र 1.13)। प्राप्त फॉस्फोरस अंश हनुमानगढ़ की मृदा में हाइड्रॉक्सीएपेटाइट फॉस्फोरस > अवरोधित फॉस्फोरस > फाइटेट फॉस्फोरस > डाइ–कैल्शियम फॉस्फोरस > एल्युमिनियम फॉस्फोरस > ऑक्टा–कैल्शियम फॉस्फोरस > आयरन फॉस्फोरस, चूरू की मृदा में हाइड्रॉक्सीएपेटाइट फॉस्फोरस > फाइटेट फॉस्फोरस > अवरोधित फॉस्फोरस > एल्युमिनियम फॉस्फोरस > डाइ–कैल्शियम फॉस्फोरस > ऑक्टा–कैल्शियम फॉस्फोरस > आयरन फॉस्फोरस, तथा बीकानेर की मृदा में हाइड्रॉक्सीएपेटाइट फॉस्फोरस > फाइटेट फॉस्फोरस > एल्युमिनियम फॉस्फोरस > अवरोधित फॉस्फोरस > ऑक्टा–कैल्शियम फॉस्फोरस > डाइ–कैल्शियम फॉस्फोरस > आयरन फॉस्फोरस के क्रम में पाए गए। मृदा के कुल फॉस्फोरस का 80 प्रतिशत से अधिक हाइड्रॉक्सीएपेटाइट फॉस्फोरस, फाइटेट फॉस्फोरस तथा अवरोधित फॉस्फोरस के अंशों में पाया गया, जो प्रकृति में दुर्गम या खराब रूप से पहुँच योग्य पाया गया। प्रायोगिक क्षेत्र में फॉस्फोरस का तीन स्तरों यथा कोई फॉस्फोरस नहीं ($पी_0$), फॉस्फोरस की अनुशंसित खुराक के आधार पर रखरखाव फॉस्फोरस ($पी_1$), और अधिकतम अवशोषित फॉस्फोरस ($पी_2$) के आधार पर

burhia, Fagonia spp. and *Aristids* spp. indicated the vegetation degradation. The *C. polygonoides* created nebkhas were also studied and a total of 11 plant species representing 8 families were observed in nebkhas. The grass species, *Ochthochloa compressa* was the dominant species with important value index (IVI) value of 70.9. The co-dominant species were *Aristida* spp. and *Indigofera argentia* with IVI value of 54.3 and 43.4, respectively.

Characterization of soil phosphorus in arable lands of Hanumangrah, Churu and Bikaner

A total of 191 geo-referenced soil samples were collected from major soil series of arable lands in Hanumangarh, Churu and Bikaner. The soil series represented the aeolian (plains and hummocky), alluvial plain, interdunal plain, dune complex and pediments landforms. Generally, soils are alkaline, non-saline having low to medium organic carbon, available phosphorus (P) and medium to high available potassium (K). Total soil P ranged from 329-708 mg kg^{-1} (Hanumangarh), 221-536 mg kg^{-1} (Churu), and 225-627 mg kg^{-1} (Bikaner). In total soil P, inorganic P comprises of 75% (62-87%), 78% (73-85%) and 78% (60-89%) and organic P of 24% (12-38%), 22% (15-27%) and 22% (11-40%) in Hanumangarh, Churu and Bikaner, respectively. The major recovered forms of residual soil P are hydroxyapatite P (105-484 mg kg^{-1}), phytate P (35-197 mg kg^{-1}) and occluded P (3-225 mg kg^{-1}) (Fig. 1.13). The received P fractions were found in order of hydroxyapatite P > occluded P > phytate P > di-calcium P > aluminum P > octa-calcium P > iron P in soils of Hanumangah, hydroxyapatite P > phytate P > occluded P > aluminum P > di-calcium P > octa-calcium P > iron P in soils of Churu, and hydroxyapatite P > phytate P > aluminum P > occluded P > octa-calcium P > di-calcium P > iron P in soils of Bikaner. More than 80% of total soil P was observed in fractions of hydroxyapatite P, phytate P and occluded P, which remains inaccessible or poorly accessible in nature.

Development of P gradients in experimental field was started in July 2023 at three levels, i.e., no P (P0), maintenance P based on recommended dose of P (P1), and enriched P based on maximum adsorbed P (Qmax) (P2).



चित्र 1.13 हनुमानगढ़, चूरू और बीकानेर जिलों की कृषि योग्य भूमि में फॉस्फोरस अंशों में भिन्नता
Fig. 1.13 Variation in P fractions in arable lands of Hanumangarh, Churu and Bikaner districts

समृद्ध फॉस्फोरस पर परिवर्तिता ढलान का विकास जुलाई 2023 में शुरू किया गया। फॉस्फोरस ढलान के तहत् मृदा के फॉस्फोरस स्थिरीकरण के लिए एक संपूर्ण फसल के रूप में चारा ज्वार उगाया गया। फॉस्फोरस के बढ़ते स्तर के साथ उपलब्ध फॉस्फोरस (4 से 53 मि.ग्रा. प्रति कि.ग्रा.) में वृद्धि और अधिकतम अवशोषित फॉस्फोरस (316 से 283 मि.ग्रा. प्रति कि.ग्रा.) में कमी के साथ एक व्यापक भिन्नता देखी गई (चित्र 1.14)।

बन्नी चरागाह में भूमि आवरण, मृदा लवणता और जैव विविधता का अध्ययन

वर्ष 1990 से 2020 तक के वर्षा आँकड़ों से पता चलता है कि बन्नी चरागाह क्षेत्र की वार्षिक वर्षा में उल्लेखनीय परिवर्तन (60

Fodder sorghum as an exhaustive crop was grown for soil P stabilization under the P gradients. A wide variation with an increase in available P (4-53 mg kg^{-1}) and decrease in Qmax (316-283 mg kg^{-1}) was observed with increasing level of P (Fig. 1.14).

Monitoring land cover, soil salinity and biodiversity in Banni grassland

The rainfall data of 1990 to 2020 revealed a substantial annual variability (60%) across the Banni grassland region, while peak temperature occurring from April to June (CV 0.014) over past three decades. The



चित्र 1.14 विभिन्न मृदा फॉस्फोरस प्रवणताओं के बीच उपलब्ध फॉस्फोरस और अधिकतम फॉस्फोरस सोखने की क्षमता (क्यूमेक्स) में भिन्नता
Fig. 1.14 Variation in available P and maximum P adsorbed capacity (Qmax) among different soil P gradients

प्रतिशत) हुआ है, जबकि अप्रैल से जून के बीच अधिकतम तापमान दर्ज किया गया (सीवी 0.014) जो पिछले तीन दशकों में स्थिर रहा। इस अवधि में बन्नी क्षेत्र में औसत सामान्यीकृत अंतर वनस्पति सूचकांक में वार्षिक भिन्नता 25वें से 75वें परसेंटाइल के बीच रही। सबसे न्यूनतम औसत सूचकांक मान 1991 में (0.044) और अधिकतम 2011 में (0.096) दर्ज किए गए। इस दौरान, सूचकांक का मान (बाहरी मानों को छोड़कर) 0 से 0.162 के बीच रहा तथा इस समय क्रम और वार्षिक औसत सूचकांक के बीच विकसित किए गए एक रैखिक मॉडल ने उर्ध्वगामी प्रवृत्ति दिखाई, जो बन्नी चरागाह में हरियाली की स्थिति में वृद्धि को दर्शाता है (चित्र 1.15)।

विलायती बबूल प्रमुख वनस्पति प्रजाति है जिसकी अधिकतम घनत्वता (0 से 1289 वृक्ष प्रति हेक्टेयर) पाई गई, इसके बाद जाल प्रजाति (0 से 311 वृक्ष प्रति हेक्टेयर) का स्थान रहा। मृदाएँ क्षारीय प्रकृति की हैं (पीएच 7.65 से 9.16) और खारेपन में व्यापक रूप से भिन्नता पाई गई, कुछ स्थानों पर बहुत अधिक खारापन (विद्युत चालकता; 0.34 से 47.7 डेसी सीमेंस प्रति मीटर) दर्ज की गई। विद्युत चालकता ऊपरी मृदा स्तर (0 से 15 सेमी) की तुलना में निचली गहराई पर अधिक पाई गई।

inter-annual variability of mean NDVI across the Banni area from 1990-2020 ranged between 25th and 75th percentiles. The lowest (0.044) and highest (0.096) mean NDVI values were recorded in the years 1991 and 2011, respectively. The NDVI ranged from 0 to 0.162 across the years 1990-2020 excluding the outliers. The lowest (0.044) and highest (0.096) mean NDVI values were recorded in the years 1991 and 2011, respectively. A linear model developed between annual mean NDVI and the timeline (1990-2020) demonstrates a rising trend, indicative of the increasing greenness status of the *Banni* grassland (Fig.1.15).

Prosopis juliflora is the dominant plant species with maximum density (0-1289 trees ha^{-1}) followed by *Salvodara* sp. (0-311 trees ha^{-1}). The soils are alkaline (pH, 7.65-9.16) and varied widely in salinity having very high at some points (EC; 0.34-47.7 dS m^{-1}). Soil EC was higher in the upper layer (0-15 cm) than lower soil depths.



चित्र 1.15 अवधि 1990–2020 के दौरान बन्नी चरागाह के लिए सामान्यीकृत अंतर वनस्पति सूचकांक की अंतर–वार्षिक परिवर्तनशीलता को दर्शाते बॉक्स प्लॉट

Fig. 1.15 Box plot showing inter-annual variability of normalized difference vegetation index for Banni grassland during 1990-2020

जैव विविधिता संरक्षण, वार्षिक व बहुवार्षिक पादप सुधार
Biodiversity Conservation, Improvement of Annuals and Perennials

जननद्रव्य संरक्षण और रखरखाव

चरागाह घासों में, अंजन घास, मोड़ा धामण, ग्रामणा, मुरठ, बुरड़ा तथा अपराजिता के परिग्रहणों को प्रक्षेत्र में संरक्षित किया गया।

चरागाह घासें

अंजन घास

जीनप्रारूपों का मूल्याँकन: अंजन घास के पाँच जीनप्रारूपों यथा काजरी–581, काजरी–588, काजरी–589, काजरी–657 और काजरी–2221 का दो मानक किस्मों (काजरी अंजन–358 और काजरी अंजन–2178) के साथ चारा उपज तथा इसके अवयवों के लिए मूल्याँकन किया गया। घास की दो कटाई में पादप ऊँचाई तथा टिलर प्रति मीटर पंक्ति लम्बाई के लिए जीनप्रारूपों में सार्थक अंतर पाया गया। चारा उपज जीनप्रारूपों से प्रभावित नहीं हुई। यद्यपि, किस्म काजरी–657 (क्रमशः 7076.7 और 1647.4 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) तथा इसके बाद काजरी–581 (क्रमशः 6007.5 और 1546.2 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) से अधिकतम हरा तथा सूखा चारा की उपज दर्ज की गई। किस्म काजरी–581 के पौधों की ऊँचाई भी सर्वाधिक (100.3 से.मी.) रही, जबकि मानक किस्म काजरी अंजन–2178 में सर्वाधिक कल्ले (58.3 टिलर प्रति मीटर कतार लंबाई) बने (तालिका 2.1)।

चरागाह घास का गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन: चरागाह घासों का गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन किया गया, जिसमें काजरी अंजन–358 (76 कि.ग्रा.), काजरी अंजन–2178 (28 कि.ग्रा.), काजरी–75 (12

Germplasm conservation and maintenance

In range grasses, accessions of *Cenchrus ciliaris*, *C. setigerus*, *Panicum antidotale*, *P. turgidum*, *Cyambopogon* species and *Clitoria ternatea* were conserved under field conditions.

Range grasses

Cenchrus ciliaris

Evaluation of genotypes: In an evaluation trial of *C. ciliaris*, five genotypes viz. CAZRI-581, CAZRI-588, CAZRI-589, CAZRI-657 and CAZRI-2221 along with two checks (CAZRI Anjan-358 and CAZRI Anjan-2178) were evaluated for forage yield and its components. Genotypes showed significant variation for plant height and tillers over two cuts. Forage yields were non-significantly affected by the genotypes. However, maximum green fodder and dry matter yields were recorded from CAZRI-657 (7076.7 and 1647.4 kg ha^{-1}, respectively) followed by CAZRI-581 (6007.5 and 1546.2 kg ha^{-1}, respectively). CAZRI-581 had the tallest plants (100.3 cm), while check CAZRI Anjan-2178 had the maximum number of tillers (58.3 tillers m^{-1} row length) (Table 2.1).

Range grass quality seed production: Quality seeds for range grasses including CAZRI Anjan-358 (76 kg), CAZRI Anjan-2178 (28 kg), CAZRI-75 (12 kg) and

तालिका 2.1 अंजन घास के जीनप्रारूपों का प्रदर्शन
Table 2.1 Performance of *Cenchrus ciliaris* genotypes

Entries	Green fodder yield (kg ha^{-1})	Dry matter yield (kg ha^{-1})	Plant height (cm)	Tiller (no. m^{-1} row length)
CAZRI-581	6007.5	1546.2	100.3	47.1
CAZRI-588	5788.8	1383.2	89.3	49.6
CAZRI-589	5394.2	1409.8	82.9	49.4
CAZRI-657	7076.7	1647.4	92.6	51.6
CAZRI-2221	5087.5	1370.3	84.9	42.8
CAZRI Anjan-358 (C)	5937.9	1278.0	94.9	51.1
CAZRI Anjan-2178 (C)	5545.4	1509.2	79.3	58.3
CD (5%)	NS	NS	8.0	7.4

कि.ग्रा.) तथा सेवण घास (1.675 कि.ग्रा.) शामिल रहें। साथ ही, पूर्व में स्थापित काजरी अंजन–358, काजरी अंजन–2178, धामण घास (किस्म काजरी–76) तथा सेवण घास के बीज उत्पादन भूखण्डों का भी रखरखाव किया गया (चित्र 2.1)।

sewan grass (1.675 kg) were procured. Previously established seed production plots of CAZRI Anjan-358, CAZRI Anjan-2178, *C. setigerus* var. CAZRI-76 and *Lasiurus sindicus* grasses were also maintained (Fig. 2.1).



चित्र 2.1 चौड़ी कतार अंतर पर अंजन घास की किस्मों (ए) काजरी अंजन–358 और (बी) काजरी अंजन–2178 का बीज उत्पादन
Fig. 2.1 Seed production plots of *Cenchrus ciliaris* varieties (a) CAZRI Anjan-358 and (b) CAZRI Anjan-2178 at wider row spacing

प्रजनक बीज उत्पादन: अंजन घास की किस्मों के नाभिकीय और प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम शुरू किए गए और अंजन घास (काजरी–76) के नाभिकीय बीज प्रखंड को स्थापित किया गया। काजरी अंजन–358 (0.20 कि.ग्रा.), काजरी अंजन–2178 (0.375 कि.ग्रा.) और धामण (0.045 कि.ग्रा.) के नाभिकीय बीज उत्पादित किए गए। काजरी अंजन–358 (600 वर्ग मीटर क्षेत्र) और काजरी अंजन–2178 (0.1474 हेक्टेयर) के प्रजनक बीज प्रखंड स्थापित किए गए। काजरी अंजन–358 (12.3 कि.ग्रा.) और मोठ (काजरी मोठ–4; 1090 कि.ग्रा.) के प्रजनक बीज उत्पादित किए गए।

बीज प्रौद्योगिकी अनुसंधान

अंजन घास में कतार अंतर का मूल्यांकन: अंजन घास की तीन किस्मों, यथा काजरी अंजन–2178, काजरी अंजन–358 एवं काजरी–75 के बीज उत्पादन, चारा उत्पादन एवं बीज गुणवत्ता पर कतार अंतर के प्रभाव का मूल्यांकन किया गया। खरीफ 2022 में 84 वर्ग मीटर (8.4 मी. × 10 मी.) क्षेत्रफल की क्यारी में 70 और 140 से.मी. कतार अंतर पर फसल को खेत में स्थापित किया गया (चित्र 2.2)। हरा चारा तथा सूखी घास की उपज पर कतार अंतर का सार्थक प्रभाव नहीं देखा गया, परंतु किस्मों के बीच यह प्रभाव सांख्यिकीय रूप से सार्थक (पी मान 0.05 से कम) रहा। सर्वाधिक हरा चारा और सूखी घास उपज काजरी अंजन–75 (क्रमशः 51.2 तथा 25.16 क्विंटल प्रति हेक्टेयर) में दर्ज की गई, इसके बाद काजरी अंजन–2178 (क्रमशः 48.8 तथा 21.7 क्विंटल प्रति हेक्टेयर) रहा, जबकि न्यूनतम उपज काजरी अंजन–358 से प्राप्त हुई।

Breeder seed production: Nucleus and breeder seed production program of *Cenchrus ciliaris* varieties was undertaken and nucleus seed plot of *C. setigerus* (CAZRI-76) was established. Nucleus seeds of CAZRI Anjan-358 (0.20 kg), CAZRI Anjan-2178 (0.375 kg) and *C. setigerus* (0.045 kg) were produced. Breeder seed plots of CAZRI Anjan-358 (600 m^2 area) and CAZRI Anjan-2178 (0.1474 ha) were established. Breeder seeds of CAZRI Anjan-358 (12.3 kg) and moth bean (CAZRI Moth-4; 1090 kg) were produced.

Seed technology research

Influence of row spacing in *Cenchrus ciliaris*: Effect of row spacing on seed yield, forage yield, and seed quality in anjan grass (*Cenchrus ciliaris* L.) was evaluated with three varieties (CAZRI Anjan-2178, CAZRI Anjan-358 and CAZRI-75). Crop was established in the field at 70 and 140 cm row spacings with a plot area of 84 m^2 (8.4 m × 10 m) in kharif 2022 (Fig. 2.2). Effect of row spacings on both green fodder as well as dry matter yields was found non-significant; however, the effect of varieties was found significant ($p<0.05$) with highest green fodder and dry matter yields in CAZRI Anjan-75 (51.2 and 25.16 q ha^{-1}, respectively) followed by CAZRI Anjan-2178 (48.8 and 21.7 q ha^{-1}, respectively) and least in CAZRI Anjan-358.

चित्र 2.2 घास ब्लॉक में विभिन्न कतार अंतर पर अंजन घास की किस्मों की बुआई
Fig. 2.2 Grass blocks of *Cenchrus ciliaris* varieties with variable row spacing

फसलें

बाजरा

गर्म शुष्क वातावरण के अनुकूल शीघ्र पकने वाली संकर किस्मों का विकास: संस्थान में गर्मी के महीनों में नए संकरों के विकास और प्रजनन सामग्री बढ़ाने हेतु बिना मौसम के नर्सरी लगाई गई। अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना परीक्षण में प्रस्तुत करने के लिए नौ परीक्षण संकरों जिसमें पाँच प्रविष्टियाँ (सीजेडएच–272, सीजेडएच–273, सीजेडएच–274, सीजेडएच–275, सीजेडएच–276) आईएचटी (अगेती) तथा तीन प्रविष्टियाँ (सीजेडएच–269, सीजेडएच–270, सीजेडएच–271) को एएचपीटी (अगेती) दूसरे वर्ष के परीक्षण में शामिल करने हेतु बीजों का गुणन किया गया। एक परीक्षण संकर सीजेडएच–267 के बीजों को एएचपीटी (अगेती) तीसरे वर्ष के परीक्षण हेतु गुणा किया गया।

बहु-स्थानिक संकर मूल्याँकन परीक्षण: लोकप्रिय मानक किस्मों के साथ तीन स्थानों (जोधपुर, जैसलमेर और बीकानेर) पर 20 अगेती परीक्षण संकरों का मूल्याँकन किया गया तथा समन्वित परीक्षणों के तहत मूल्याँकन के लिए सात आशाजनक परीक्षण संकरों को प्रस्तुत किया गया। संकर प्रविष्टि सीजेडएच–267 ने 3519 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर की अधिकतम औसत बीज उपज दी तथा इसके बाद मानक किस्म एमपीएमएच–42 (3139 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) ने भी अधिक उपज दर्शाई।

संकर मूल्याँकन परीक्षण: जोधपुर में तीन स्थानिक परीक्षणों के तहत् वर्षा–आधारित परिस्थितियों में लोकप्रिय जाँच संकरों यथा एचएचबी–67 (आई), पीबी–1756, आरएचबी–223 के साथ 141 परीक्षण संकरों का मूल्याँकन किया गया। उच्च अनाज उपज के

Crops

Pearl millet

Development of early maturing hybrids adaptive to hot arid environments: In the summer months, off-season nursery was raised at the institute for development of new test hybrids and advancement of breeding material. Seeds of nine test hybrids were multiplied for submission to the coordinated trials including five entries (CZH-272, CZH-273, CZH-274, CZH-275, CZH-276) for IHT (early) and three entries (CZH-269, CZH-270 and CZH-271) for second year testing under AHPT (early). One test hybrid CZH-267 was multiplied for third year testing trial under AHPT (early).

Multi-location hybrid evaluation trial: Twenty early test hybrids were evaluated at three locations (Jodhpur, Jaisalmer and Bikaner) with popular check varieties and seven promising test hybrids were submitted to coordinated trials. The entry CZH-267 produced the highest mean seed yield of 3519 kg ha^{-1} followed by check MPMH-42 (31.39 kg ha^{-1}).

Hybrid evaluation trial: In three station trials at Jodhpur, 141 test hybrids were evaluated with popular check hybrids viz., HHB-67 (I), PB-1756, RHB-223 under rainfed conditions. Promising early test hybrids were identified based on high grain yield (Table 2.2). A

आधार पर आशाजनक अगेती परीक्षण संकरों की पहचान की गई (तालिका 2.2)। संस्थान की नामित एमएस लाइनों और उन्नत गैर–नामित आर पंक्तियों के पुनर्संयोजन द्वारा विकसित 100 संकरों के लिए एक संभावित उपज परीक्षण (पीवाईटी) भी लगाया गया। परीक्षण संकरों में जल्दी फूल आने के साथ अधिक उपज क्षमता देखी गई (तालिका 2.2)। इसके अतिरिक्त, अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना परीक्षण जैसे प्रारंभिक संकर परीक्षण (अगेती) और उन्नत संकर एवं जनसंख्या परीक्षण (अगेती), जिसमें क्रमशः 17 और 09 प्रविष्टियाँ शामिल रही, का संस्थान में मूल्याँकन किया गया तथा अधिक अनाज उपज वाली आशाजनक प्रविष्टियों की पहचान की गई (तालिका 2.2)।

अंत:प्रजात पुर्नस्थापक प्रविष्टियों का विकास: फसल के मौसम के दौरान जोधपुर और बीकानेर में अलग–अलग पीढ़ियों की 428 प्रविष्टियों का भी मूल्याँकन किया गया, जिनमें से 1074 आशाजनक

potential yield trial (PYT) was also conducted with 100 hybrids developed by recombining designated MS lines and advance non-designated R lines of CAZRI. The test hybrids showed higher yield potential and early flowering (Table 2.2). Besides this, 17 and 09 entries were also evaluated at institute under AICRP trials, i.e., initial hybrid trials-early (IHT-E) and advanced hybrid and population trials-early (AHPT-E), respectively, and identified the promising entries for high grain yield (Table 2.2).

Development of inbred restorer lines: During the cropping season, 428 entries of different segregating generation were also evaluated at Jodhpur and Bikaner, from which 1074 promising progenies were

तालिका 2.2 विभिन्न परीक्षणों में पहचाने गए बाजरा के आशाजनक संकर
Table 2.2 Promising pearl millet hybrids identified in different trials

*Trials (Test hybrids + checks)	Top 03 early hybrids for grain yield#	Trial mean grain yield (kg ha^{-1})	Check varieties
MLHT-I (20+4+7)	ICMA-04999 × CZI-2022/7 (46, 2839)	2453	MPMH-42 (46, 3139), HHB-67 (I) (45, 2497), PB-1756 (46, 2203), RHB-223 (45, 2166)
	ICMA-843 × CZI-2023/4 (45, 2777)		
	ICMA-08333 × CZI-2023/4 (45, 2767)		
HT I (47+3)	ICMA-08333 × CZI-2023/25 (46, 2362)	1441	PB-1756 (46, 1608), RHB-223 (45, 1104), HHB -67 (I) (45, 979)
	ICMA-16222 × CZI-2023/24 (46, 2304)		
	ICMA-08333 × CZI-2023/42 (46, 2170)		
HT II (47+3)	ICMA-07555 × CZI-2023/24 (45, 2491)	1270	PB-1756 (46, 2258), HHB-67 (I) (45, 1427), RHB-223 (45, 1170)
	ICMA-07555 × CZI-2023/17-2 (45, 2056)		
	ICMA-07555 × CZI-2023/40-1 (45, 1775)		
HT III (4+3)	ICMA-13666 × CZI-2023/25 (45, 2420)	1184	RHB-223 (45, 1360), HHB-67 (I) (44, 1258), PB-1756 (46, 937)
	ICMA-13666 × CZI-2023/20 (45, 2012)		
	ICMA-13666 × CZI-2023/30 (44, 1797)		
PYT (100)	ICMA-04999 × LN-24-9 (44, 4300)	1683	No checks were sown; only comparative yield was tested
	ICMA-07555 × LN-24-12 (44, 4035)		
	ICMA-07555 × LN-24-16 (44, 3584)		
IHT (E) (28)	IHT-102 (45, 2643), IHT-105 (45, 2435) IHT-123 (46, 2250)	1700	Check varieties are coded
AHPT (E) (17)	AHPT-817 (45, 1888), AHPT-806 (44, 1775), AHPT-802 (44, 1740)	1299	

*MLHT = Multi-location hybrid trial; AHT = Advance hybrid trial; HT = Hybrid trial; PYT = Potential yield trial; IHT = Initial hybrid trial; AHPT = Advance hybrid and population trial; #Values in parenthesis (days to 50% flowering, grain yield in kg ha^{-1})

संततियों को प्रोन्नति के लिए चुना गया। इसके अतिरिक्त, 376 स्वनिषेचित समष्टियों से 307 संततियों का चयन किया गया (तालिका 2.3)।

selected for advancement. In addition, 307 progenies were selected from 376 selfed populations (Table 2.3).

तालिका 2.3 नरपुर्नस्थापक अंतःप्रजाति संवर्धन के लिए चयनित आशाजनक संततियाँ
Table 2.3 Promising progenies selected for development of inbred restorer lines

Breeding material advanced					
Progenies selected from population generated by recombination			**Progenies advanced from natural population**		
Filial (F) generation sown	**Families/ cross evaluated**	**Progenies selected**	**Selfed generation sown**	**Families/ cross evaluated**	**Progenies selected**
F_{1-2}	15	30	S_{3-4}	11	71
F_{2-3}	75	319	S_{4-5}	263	119
F_{3-4}	60	74	S_{5-6}	59	08
F_{4-5}	169	486	S_{6-7}	43	109
F_{5-6}	44	80			
F_{6-7}	65	85			
Total		1074	Total		307

रोग प्रतिरोधी अंतःप्रजातियों और संकरों की पहचान: खरीफ ऋतु के दौरान रूग्ण भूखंड में मृदुरोमिल आसिता रोग के प्रति बाजरा के 146 परीक्षण संकरों और 34 आर पंक्तियों का मूल्याँकन किया गया। संवेदनशील प्रविष्टि 7042एस बुआई से तीन सप्ताह पहले परीक्षण प्रविष्टियों की पाँच पंक्तियों के बाद छठी पंक्ति में संक्रमण पंक्ति के रूप में बोई गई। बुआई से 30 से 60 दिनों के बाद क्रमशः 1 से 5 और 1 से 9 के मानक पैमाने पर मृदुरोमिल आसिता रोग और ब्लास्ट रोग के लिए स्कोरिंग की गई। मृदुरोमिल आसिता रोग की गंभीरता 0 प्रतिशत से 100 प्रतिशत के बीच पाई गई, जिसमें अतिसंवेदनशील प्रविष्टि 7042एस में रोग की गंभीरता सबसे अधिक जबकि बाजरा परीक्षण प्रविष्टियों में संक्रमण कम पाया गया। कुल 180 परीक्षण प्रविष्टियों में से एक उन्नत प्रजनन आर पंक्ति में मृदुरोमिल और ब्लास्ट रोग के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता पाई गई। शेष सभी संकर और आर पंक्तियाँ मृदुरोमिल रोग के प्रति प्रतिरोधी पाई गई, लेकिन ब्लास्ट के प्रति सभी पंक्तियाँ बुआई के 60 दिन बाद 5 स्कोर के साथ मध्यम रूप से प्रतिरोधी पाई गई।

बाजरा किस्मों के बीजों की आयामी विशेषताएँ: चयनित बाजरा किस्मों के बीजों के भौतिक मापदंडों का मूल्याँकन किया गया, जिनकी बाजरा आटा के भौतिक–रासायनिक और कार्यात्मक गुणों को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका रहती हैं। बीजों के रंग का आकलन पोर्टेबल कैलोरीमीटर (कोनीका मिनोल्टा, सीआर–10 प्लस) का उपयोग करके किया गया, जिसमें एल*, ए*, और बी* के मान मापे गए (चित्र 2.3)। एल* का मान 48.42 से 56.76 के बीच,

Identification of disease resistant inbred and hybrids: During kharif 2024, 146 pearl millet test hybrids and 34 R lines were evaluated against downy mildew disease in the sick plot. The infector rows of 7042S (susceptible entry) were sown 3 weeks ahead of test entries after every 6th row. The test entries (5 rows) were sown along with infector row. The observation on downy mildew and blast were recorded on 30 and 60 days after sowing (DAS) using 1-5 and 1-9 rating scales, respectively. The downy mildew severity ranged from 0% to 100% with the highest in susceptible line 7042S and lower in test entries. Out of 180 entries tested, one advance breeding R lines was observed for severe susceptibility of downy mildew and blast. Rest of the hybrids and R lines were found to be resistant to downy mildew but were moderately resistant to blast with a score of 5 in all the lines at 60 DAS.

Dimensional characteristics of seeds of pearl millet varieties: Physical parameters of seeds of selected pearl millet varieties were evaluated, which are critical in determining their influence on the physico-chemical attributes and functional properties of the flour. Seed color was assessed using a portable colorimeter (Konica Minolta, CR-10 Plus) and L^*, a^*, and b^* values of the seeds were measured (Fig. 2.3). The L^* values ranged

जबकि ए* का मान 2.84 से 6.00 और बी* का मान 15.86 से 27 के बीच पाया गया।

from 48.42-56.76, while *a** and *b** values varied from 2.84-6.00 and 15.86-27, respectively.

1. CZH-263			2. MPMH-17			3. HHB-67			4. CZH-271			5. Local Bajri			6. HHB-299		
L*	a*	b*	L*	a*	b*	L*	a*	b*	L*	a*	b*	L*	a*	b*	L*	a*	b*
48.42	2.84	18.36	48.8	5.78	22.58	49.02	3.6	20.96	49.94	2.92	15.86	56.76	6	27	54.88	3.02	20.14



चित्र 2.3 चयनित बाजरा जीनप्रारूपों के बीजों का रंग
Fig. 2.3 Seed color of selected pearl millet genotypes

बाजरा के दानों के आकार का मूल्याँकन किया गया जिनमें औसत लंबाई, चौड़ाई, मोटाई और ज्यामितीय माध्य व्यास के मान क्रमशः 2.997 से 3.172 मि.मी., 2.433 से 2.609 मि.मी., 2.036 से 2.209 मि.मी., और 2.453 से 2.629 मि.मी. के बीच पाए गए (तालिका 2.4)। बाजरा के बीजों की लंबाई 2.92±0.32 मि.मी. (स्थानीय बाजरी) से 3.85±0.41 मि.मी. (सीजेडएच–271) तक पाई गई। चौड़ाई 1.79±0.26 मि.मी. (स्थानीय बाजरी) से 2.08±0.36 मि.मी. (एचएचबी–67) तक पाई गई, जबकि मोटाई 1.61±0.28 मि.मी. (स्थानीय बाजरी) से 2.02±0.24 मि.मी. (सीजेडएच–263) तक दर्ज की गई। ज्यामितीय माध्य व्यास, जो बीजों की समग्र ज्यामितीय संरचना को दर्शाता है, 2.03±0.23 मि.मी. से 2.49±0.21 मि.मी. के बीच पाया गया। गोलाई जो बीजों की सघनता को दर्शाती है, 0.65±0.08 प्रतिशत (सीजेडएच–271) से 0.73±0.09 प्रतिशत (एचएचबी–67) तक पाई गई। सीजेडएच–271 किस्म का सतही क्षेत्रफल सबसे अधिक 19.57±3.19 वर्ग मि.मी. रहा, जबकि सबसे कम क्षेत्रफल स्थानीय बाजरी (13.07±2.95 वर्ग मि.मी.) का पाया

The size of pearl millet grains was evaluated, and average length, width, thickness, and geometric mean diameter ranged from 2.997-3.172 mm, 2.433-2.609 mm, 2.036-2.209 mm, and 2.453-2.629 mm, respectively (Table 2.4). The length of pearl millet seeds ranged from 2.92±0.32 mm (local bajri) to 3.85±0.41 mm (CZH-271). The width varied between 1.79±0.26 mm (local bajri) and 2.08±0.36 mm (HHB-67), while the thickness ranged from 1.61±0.28 mm (local bajri) to 2.02±0.24 mm (CZH-263). The geometric mean diameter, which reflects the overall geometric configuration of the seeds, ranged from 2.03±0.23 mm to 2.49±0.21 mm. Sphericity, a measure of seed compactness, varied from 0.65±0.08% (CZH-271) to 0.73±0.09% (HHB-67). The CZH-271 variety exhibited the largest surface area (19.57±3.19 mm²), whereas local bajri had the smallest (13.07±2.95 mm²).

तालिका 2.4 छह बाजरा किस्मों के आयामी गुण
Table 2.4 Dimensional properties of six pearl millet varieties

Variety	Length (mm)	Width (mm)	Thickness (mm)	Geometric mean diameter (mm)	Sphericity (%)	Seed surface area (mm^2)	Seed volume (mm^3)
CZH-263	3.54±0.32	2.16±0.27	2.02±0.24	2.48±0.17	0.71±0.08	19.40±2.64	5.85±1.51
MPMH-17	3.29±0.27	2.16±0.30	1.84±0.30	2.35±0.21	0.72±0.07	17.43±3.37	5.08±1.92
HHB-67	3.16±0.19	2.08±0.36	1.89±0.34	2.31±0.25	0.73±0.09	16.90±3.83	5.03±2.26
CZH-271	3.85±0.41	2.16±0.32	1.87±0.24	2.49±0.21	0.65±0.08	19.57±3.19	5.67±1.62
Local bajri	2.92±0.32	1.79±0.26	1.61±0.28	2.03±0.23	0.70±0.09	13.07±2.95	3.28±1.34
HHB-299	3.35±0.26	2.10±0.30	1.91±0.24	2.38±0.23	0.71±0.07	17.87±3.44	5.23±1.84

± represents standard deviation for n = 25

गया। इसी तरह बीज का आयतन, जो बीज के द्रव्यमान द्वारा आवरित कुल स्थान को दर्शाता है, सीजेडएच–263 में सर्वाधिक (5.85±1.51 घन मि.मी.), जबकि स्थानीय बाजरी में सबसे कम (3.28±1.34 घन मि.मी.) पाया गया। एक हजार बीजों का वजन सीजेडएच–271 किस्म में सर्वाधिक (12.32 ग्राम), जबकि स्थानीय बाजरी में सबसे कम (5.35 ग्राम) पाया गया।

बाजरा के अनाज पर भौतिक-रासायनिक उपचारों का प्रभाव: प्रतिक्रिया सतह पद्धति का उपयोग करके विभिन्न उपचारों को रेखांकित किया गया, जिसमें कच्चे या छिले हुए बीज, नमी की मात्रा (20 प्रतिशत, 30 प्रतिशत और 40 प्रतिशत), निविष्ट वोल्टेज (100, 150 और 200 वोल्ट), ओहमिक तापन और इन्फ्रारेड उपचार तथा उनके संयोजन शामिल रहे (चित्र 2.4)। इस विधि से बाजरा के बीज की गुणवत्ता पर एकाकी एवं संयुक्त उपचार के प्रभावों का गहन मूल्यॉंकन संभव हो सका। दानों को छीलने वाली मशीन द्वारा 10 मिनट तक बाजरा के दाने छीलने से 3.48 प्रतिशत का परिशोधन प्राप्त हुआ। पहचाने गए उपचार घटकों के कुल 76 उपचारों का प्रयोग स्थानीय बाजरी के नमूनों पर किया गया। उपचारित बाजरा के दानों को पीसकर आटा बनाया गया और इसे कमरे के तापमान पर विभिन्न अवधियों के लिए संग्रहित किया गया। आटा की भंडारण गुणवत्ता का मूल्यॉंकन करने हेतु ऐल्कोहॉलिक अम्लता और पेरॉक्साइड मान जैसे संकेतकों का उपयोग किया गया। ऐल्कोहॉलिक अम्ल की सांद्रता 0.127 से 0.272 मि.ग्रा. सोडियम हाईड्रोक्साईड प्रति ग्राम (0 दिवस) से बढ़कर 0.181 से 0.603 मि.ग्रा. सोडियम हाईड्रोक्साईड प्रति ग्राम (15 दिवस) हो गई। हालांकि स्थानीय बाजरी के दानों में आंतरिक एस्कॉर्बिक अम्ल की मात्रा कम (0.69 मि.ली. महोज प्रति ग्राम ताजा भार) पाई गई, लेकिन 50 और 100 मि.ग्रा. प्रति लीटर एस्कॉर्बिक अम्ल की बाह्यपूरकता से, क्रमश 8.1 प्रतिशत और 22.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो उनुपचारित (नियंत्रण) की तुलना में अधिक दर्ज की गई।

Seed volume, representing the total space occupied by the seed mass, was highest in CZH-263 (5.85±1.51 mm^3) and lowest in local bajri (3.28±1.34 mm^3). Thousand seed weight was highest for CZH-271 (12.32 g) and lowest for local bajri (5.35 g).

Effect of physico-chemical treatments on pearl millet grain: Response surface methodology (RSM) was used to design treatments involving raw or pearled seeds, moisture content (20%, 30%, and 40%), input voltage (100, 150 and 200 V) for ohmic heating (OH) and infrared (IR) treatment and their combinations (Fig. 2.4). This approach allowed for an in-depth evaluation of the effects of individual and combined independent variables on pearl millet seed quality. Pearling was done using a grain pearler for 10 minutes, achieving a degree of decortication of 3.48%. Based on the identified variables, a total of 76 treatments were undertaken in local bajri samples. The treated grains were milled into powder and stored at room temperature conditions for varying durations. The storage quality of flour was assessed using indicators such as alcoholic acidity and peroxide value. The alcoholic acidity ranged from 0.127-0.272 mg NaOH g^{-1} (0^{th} day) to 0.181-0.603 mg NaOH g^{-1} (15 days of storage). Although the intrinsic ascorbic acid content of local bajri was low (0.69 mM g^{-1} fresh weight), its supplementation with ascorbic acid at concentrations of 50 and 100 mg L^{-1} resulted in respective improvements of 8.1% and 22.8% in ascorbic acid compared to the control.



चित्र 2.4 बाजरा के दानों का उपचार (ए) छिलकाविहीन, (बी) ओहमिक तापन (सी) इंफ्रारेड उपचार
Fig. 2.4 Pearl millet grain treatments, (a) pearling (b) ohmic heating with temperature probe (c) infra-red treatment

ग्वार

बहु-स्थानिक परीक्षणों में प्रविष्टियों का मूल्याँकन: वर्षा–आधारित परिस्थितियों में जोधपुर, बीकानेर और पाली में चार स्थानिक परीक्षणों (प्रत्येक परीक्षण में बारह प्रविष्टियाँ के साथ) में तीन मानक किस्मों (आरजीआर–20–15, आरजीआर–18–1 और आरजीसी–1033) के साथ 48 प्रविष्टियों का मूल्याँकन किया गया (तालिका 2.5)। स्थानिक परीक्षण–1 में, सर्वोत्तम जाँच मानक आरजीआर–20–15 (1581.0 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) की तुलना में चार प्रविष्टियों (सीएजेडजी–20–27, सीएजेडजी–20–38, सीएजेडजी–20–21 और सीएजेडजी–21–3) की बीज उपज में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। प्रविष्टि सीएजेडजी–20–54 ने परीक्षण–2 में सर्वश्रेष्ठ जाँच मानक आरजीआर–20–15 (1486.3 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) की तुलना में 17.3 प्रतिशत से अधिक तथा परीक्षण–3 में सीएजेडजी–20–40 (34.8 प्रतिशत), सीएजेडजी–20–59 (24.5 प्रतिशत), सीएजेडजी–20–46 (23.6 प्रतिशत) और सीएजेडजी–20–56 (10.7 प्रतिशत) प्रविष्टियों ने सर्वश्रेष्ठ जाँच मानक आरजीआर–18–1

Clusterbean

Evaluation of entries at multi-locations: Fourty eight entries along with three checks (RGr-20-15, RGr-18-1 and RGC-1033) were evaluated for higher yield under rainfed condition in four station trials (twelve entries in each trial) at Jodhpur, Bikaner and Pali (Table 2.5). In station trial-1, four entries (CAZG-20-27, CAZG-20-38, CAZG-20-21 and CAZG-21-3) showed more than 10% yield superiority over the best check, RGr-20-15 (1581.0 kg ha^{-1}). Entry CAZG-20-54 yielded 17.3% more over the best check, RGr-20-15 (1486.3 kg ha^{-1}) in trial-2; entries CAZG-20-40 (34.8%), CAZG-20-59 (24.5%), CAZG-20-46 (23.6%) and CAZG-20-56 (10.7%) out yielded over the best check, RGr-18-1 (1348.4 kg ha^{-1}) in trial-3, while in station trial-4, entry CAZG-20-66 and CAZG-20-31 recorded 14% yield increment over the best check, RGr-18-1 (1459.5 kg ha^{-1}).

तालिका 2.5 खरीफ ऋतु में जोधपुर और बीकानेर में बीज उपज के लिए ग्वार की प्रविष्टियों का प्रदर्शन
Table 2.5 Performance of clusterbean entries for seed yield at Jodhpur and Bikaner during kharif 2024

Entries	Grain yield (kg ha^{-1})			% change over best check
	Jodhpur	Bikaner	Mean	
Station trial-I				
CAZG-20-27	1857.4	1882.9	1870.1	18.29
CAZG-20-38	1827.8	1741.7	1784.7	12.89
CAZG-20-21	1830.6	1673.1	1751.9	10.81
CAZG-21-3	1771.3	1706.0	1738.7	9.97
CAZG-17-4-1	2045.4	1392.6	1719.0	8.73
CAZG-19-9	1590.7	1757.4	1674.1	5.89
CAZG-21-2	1868.5	1321.3	1594.9	0.88
CAZG-20-17	1806.5	1319.0	1562.7	-1.16
CAZG-20-8	1634.3	1321.8	1478.0	-6.51
CAZG-20-37	1417.6	1524.1	1470.8	-6.97
CAZG-20-28	1772.2	1100.9	1436.6	-9.14
CAZG-19-7	1772.2	1068.5	1420.4	-10.16
RGr-20-15 check	1602.8	1559.3	1581.0	0.00
RGr-18-1 check	1658.3	1269.0	1463.7	-7.42
RGC-1033 check	1521.3	1023.6	1272.5	-19.52
Location mean	1731.8	1444.1	1587.9	-
Coefficient of variation (%)	9.69	13.69	-	-

Entries	Grain yield (kg ha^{-1})			% change over best check
	Jodhpur	Bikaner	Mean	
Station trial-II				
CAZG-20-54	1711.1	1775.5	1743.3	17.29
CAZG-21-23	1486.1	1742.6	1614.4	8.62
CAZG-19-10	1506.5	1588.0	1547.2	4.10
CAZG-20-22	1511.1	1578.7	1544.9	3.94
CAZG-20-52	1355.6	1453.7	1404.6	-5.49
CAZG-21-24	1450.0	1218.5	1334.3	-10.23
CAZG-20-50	1162.0	1411.6	1286.8	-13.42
CAZG-21-19	1237.0	1336.1	1286.6	-13.44
CAZG-21-27	1325.0	1108.3	1216.7	-18.14
CAZG-20-55	1196.3	1180.1	1188.2	-20.06
CAZG-16-12	1209.3	1141.2	1175.2	-20.93
CAZG-20-51	1034.3	1256.0	1145.1	-22.95
RGr-20-15 check	1352.8	1619.9	1486.3	0.00
RGr-18-1 check	1450.9	1381.0	1416.0	-4.73
RGC-1033 check	1563.0	1114.4	1338.7	-9.93
Location mean	1370.1	1393.7	1381.9	-
Coefficient of variation (%)	13.12	17.00	-	-
Station trial-III				
CAZG-20-40	1876.9	1759.3	1818.1	34.83
CAZG-20-59	1763.9	1594.4	1679.2	24.53
CAZG-20-46	1467.6	1864.8	1666.2	23.57
CAZG-20-56	1486.1	1498.6	1492.4	10.68
CAZG-20-58	1520.4	1406.0	1463.2	8.51
CAZG-20-49	1372.2	1388.0	1380.1	2.35
CAZG-20-63	1496.3	1245.4	1370.8	1.66
CAZG-20-62	1549.1	1188.9	1369.0	1.53
CAZG-20-60	1761.1	972.7	1366.9	1.37
CAZG-20-57	1493.5	1219.4	1356.5	0.60
CAZG-20-45	1445.4	1086.6	1266.0	-6.11
CAZG-20-61	1365.7	1020.8	1193.3	-11.50
RGr-18-1 check	1561.1	1135.6	1348.4	0.00
RGr-20-15 check	1428.7	1090.7	1259.7	-6.58
RGC-1033 check	1608.3	804.2	1206.3	-10.54
Location mean	1546.4	1285.0	1415.7	-
Coefficient of variation (%)	10.55	17.04	-	-

Entries	Grain yield (kg ha^{-1})			% change over best check
	Jodhpur	Bikaner	Mean	
Station trial-IV				
CAZG-20-66	1531.5	1784.3	1657.9	13.59
CAZG-21-31	1577.8	1735.6	1656.7	13.51
CAZG-21-13	1513.0	1689.4	1601.2	9.71
CAZG-21-1	1325.0	1797.7	1561.3	6.98
CAZG-21-92	1473.1	1555.6	1514.4	3.76
CAZG-20-64	1214.8	1790.7	1502.8	2.97
CAZG-20-67	1213.0	1751.9	1482.4	1.57
CAZG-20-68	1264.8	1693.5	1479.2	1.35
CAZG-21-18	1359.3	1560.2	1459.7	0.02
CAZG-17-4-5	1150.0	1692.6	1421.3	-2.62
CAZG-19-9-1	1242.6	1375.0	1308.8	-10.33
CAZG-20-65	1124.1	1386.1	1255.1	-14.01
RGr-18-1 check	1292.6	1626.4	1459.5	0.00
RGr-20-15 check	1341.7	1200.9	1271.3	-12.90
RGC-1033 check	1331.5	1178.7	1255.1	-14.01
Location mean	1330.3	1587.9	1459.1	-
Coefficient of variation (%)	13.68	16.06	-	-

(1348.4 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) की तुलना में अधिक उपज, जबकि प्रविष्टियाँ सीएजेडजी–20–66 और सीएजेडजी–20–31 ने स्थानिक परीक्षण–4 में, सर्वश्रेष्ठ जाँच मानक आरजीआर–18–1 (1459.5 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) की तुलना में उपज में 14 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्शाई।

ग्वार में नये संकरण और प्रजनन सामग्री का मूल्याँकन: खरीफ ऋतु में पौधों के प्रकार में विविधता, शीघ्रता, और उपज सुधार के लिए 1000 से अधिक हाथ से संकरण बनाने के प्रयास किए गए। इन प्रयासों में 18 विविध माता–पिता को शामिल किया गया तथा 15 संकरण–संयोजन से 27 संभावित फलियाँ प्राप्त हुई (तालिका 2.6)। उपयुक्त पौध प्रकार, अगेतीपन और उच्च उपज हेतु चयन के लिए विभिन्न परीक्षणों के तहत् उत्परिवर्तित और चयन सहित बड़ी संख्या में पृथक्करण सामग्री का मूल्याँकन किया गया (तालिका 2.7)।

ग्वार के बीजों से गोंद का शुद्धिकरण: ग्वार के बीजों से गोंद के शुद्धिकरण हेतु एथेनॉल अवक्षेपण विधि का उपयोग किया गया। ग्वार (किस्म आरजीसी–1033) के बीजों को गर्म आसुत पानी में भिगोया गया तथा एंडोस्पर्म को बीज के छिलके और भ्रूण भाग से हाथ द्वारा अलग किया गया। सूखे एंडोस्पर्म को सूक्ष्म पाउडर में

New crosses attempted and breeding materials evaluated: More than 1000 manual hybridization were attempted involving 18 diverse parents for diversification of plant type, earliness, and yield improvement in kharif season. Twenty-seven putative pods were recovered representing 15 cross combinations (Table 2.6). A large number of segregating materials including mutants and selections were evaluated in different trials for selection of suitable plant types, earliness, and yield (Table 2.7).

Purification of gum content from clusterbean: Ethanol precipitation method was used for gum purification from seeds. Seeds of clusterbean (cv. RGC-1033) were soaked in hot distilled water and endosperms were separated manually from seed coat and germ portion. Dried endosperms were ground into fine powder and sieved (0.5 mm). Powdered samples of seed meal, endosperm and commercial grade guar gum were used for ethanol precipitated gum extraction (Fig. 2.5a, b, c). The ethanol precipitated yield of gum varied from 74.2% to 96.4% in

तालिका 2.6 नए सफल संकरणों (क्रॉस) का विवरण
Table 2.6 Details of newly attempted successful crosses

Parents	No. of pods	Remarks
RGC-936 × CAZG-110	2	Flower colour, plant type, ground clearance and yield
CAZG-16-12 × RGC-1066	1	Flower colour and plant type
CAZG-16-12 × CAZG-16-1	1	Flower colour and basal branching
RGr-20-15 × RGC-1066	2	Flower colour, plant type and yield
RGr-20-15 × CAZG-15-5-8	1	Flower colour, plant type and regular bearing, earliness, yield
सुनिश्चित करने के लिए इष्टतम उर्वरक रणनीति की पहचान की गई। उर्वरक के प्रयोग से गिनी घास + ल्यूसर्न उत्पादन प्रणाली के अंतर्गत हरे और सूखे चारे की पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिसमें 150 प्रतिशत आरडीएफ के अंतर्गत हरे (175.50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर) और सूखे (45.19 क्विंटल प्रति हेक्टेयर) चारे की पैदावार उच्चतम रही। 100 प्रतिशत आरडीएफ और 125 प्रतिशत आरडीएफ के बीच हरे चारे की समान उपज प्राप्त हुई, लेकिन बारहमासी ज्वार + ग्वार + जई उत्पादन प्रणाली के तहत 150 प्रतिशत आरडीएफ पर यह थोड़ी कम हो गई। हालाँकि, 150 प्रतिशत आरडीएफ के परिणामस्वरूप सूखे चारे की उपज अधिक (64.87 क्विंटल प्रति हेक्टेयर) हुई, जो दर्शाता है कि यह प्रणाली सूखे चारे के उत्पादन के लिए उर्वरक आदान के प्रति संवेदनशील हो सकती है (चित्र 3.20)। मोरिंगा + ज्वार + जई के अंतर्गत, उर्वरक के तीनों अलग–अलग खुराकों के उपयोग से हरे और सूखे चारे की पैदावार में लगातार वृद्धि हुई। हरे (163.83 क्विंटल प्रति हेक्टेयर) और सूखे चारे (57.83 क्विंटल प्रति हेक्टेयर) दोनों उत्पादनों के लिए 150 प्रतिशत आरडीएफ के तहत उच्चतम पैदावार देखी गई। बाजरा + ग्वार + चारा चुकंदर उत्पादन प्रणाली में 125 प्रतिशत आरडीएफ के साथ हरे (234.83 क्विंटल प्रति हेक्टेयर) और सूखे (51.95 क्विंटल प्रति हेक्टेयर) चारे की उपज अधिकतम प्राप्त की गई और यह 150 प्रतिशत आरडीएफ पर कम हो गई (चित्र 3.20)। अध्ययन से यह संकेत मिलता है कि उर्वरक के प्रयोग द्वारा विभिन्न चारा उत्पादन प्रणालियों में दोनों हरे और सूखे चारे के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है।

identified to ensure year-round fodder availability for livestock. The fertilizer application significantly increased both green and dry fodder yields under guinea grass + lucerne production system with highest green fodder (175.50 q ha^{-1}) and dry fodder (45.19 q ha^{-1}) yield under 150% RDF. Similar yield of green fodder was realized between FD1 and FD2 but it was slightly decreased at FD3 under the perennial sorghum + clusterbean + oats production system. However, FD3 resulted in higher dry fodder yield (64.87 q ha^{-1}), indicating that this system may be sensitive to fertilizer inputs for dry fodder production (Fig. 3.20). Under the moringa + sorghum + oats, both the green and dry fodder yields increased consistently with application of all the three varying fertilizer dosages from FD1 to FD3. The highest yields were observed at 150% of RDF for both green fodder (163.83 q ha^{-1}) and dry fodder (57.83 q ha^{-1}) productions. In the case of pearl millet + clusterbean + fodder beet production system, the highest green (234.83 q ha^{-1}) and dry fodder (51.95 q ha^{-1}) yields were achieved with 125% of RDF and it decreased at 150% of RDF (Fig. 3.20). The study indicated that fertilizer the application significantly enhanced both green and dry fodder production across different fodder production systems.



चित्र 3.20 उर्वरक के विभिन्न उपचारों के साथ चारा उत्पादन प्रणालियों में चारे का उत्पादन
Fig. 3.20 Fodder production across forage production system under different fertilizer application

एकीकृत भूमि एवं जल संसाधन प्रबंधन
Integrated Land and Water Resources Management

सुदूर संवेदन विधि द्वारा शुष्क फसलों में जल तनाव की मात्रा का निर्धारण

सिंचित परिस्थितियों में रबी मौसम की दो फसलों, यथा सरसों (किस्म गिरिराज) और जीरा (किस्म जीसी–4) और खरीफ मौसम की दो फसलों, यथा बाजरा (किस्म एचएचबी 67) और मूंग (किस्म आईपीएम–205–7) में जल तनाव की मात्रा के निर्धारण हेतु प्रयोग किए गए। मृदा में नमी की कमी के आधार पर चार जल तनाव उपचारों यथा टी1 (नियंत्रण के रूप में 0 से 20 प्रतिशत), टी2 (20 से 40 प्रतिशत), टी3 (40 से 60 प्रतिशत) और टी4 (60 से 80 प्रतिशत) का अनुप्रयोग किया गया। पौधों के जड़–क्षेत्र में 30 से.मी. की प्रभावी गहराई के लिए अनुप्रयोग किये गये जल की मात्रा की गणना की गई और क्षेत्र क्षमता पर उपलब्ध मृदा–नमी (13.6 प्रतिशत) की मात्रा में हुई कमी के आधार पर जल तनाव के स्तर की गणना की गई। फसल वृद्धी के दौरान सप्ताह में दो बार मृदा–नमी और विभिन्न फलाद्गमिकी चरणों पर फसल तनाव की निगरानी की गई। इसके साथ ही, जैवभौतिकी और कार्यिकीय कारकों, कैनोपी अवरक्त तापमान, कैनोपी स्पेक्ट्रल को स्पेक्ट्रोरेडियोमीटर का उपयोग कर मापा गया। खरीफ के मौसम में, 23 वर्षा–दिनों में कुल 626 मि.मी. बारिश हुई और फसल के दौरान 0 से 10 से.मी. गहराई पर मृदा–नमी 6.3 प्रतिशत से 18.4 प्रतिशत तक रही (चित्र 4.1ए)। औसत से अधिक वर्षा के सुवितरित होने के कारण फसलों को किसी भी जल तनाव का सामना नहीं करना पड़ा। अगस्त में अधिकतम मासिक वर्षा 431 मि.मी. (कुल मौसमी वर्षा का 68 प्रतिशत) हुई, जो क्षेत्र की औसत मौसमी वर्षा से अधिक रही। सरसों (1507 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) और जीरा (349 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) फसलों की उपज उपचार टी1 के तहत् सबसे अधिक और साथ ही उपचार टी2, टी3 और टी4 की उपज से काफी भिन्न (α=0.05) रही। यद्यपि, उपचार टी3 में सरसों और जीरा की उपज उपचार टी2 और टी4 (चित्र 4.2ए) में प्राप्त उपज से सार्थक रूप से भिन्न नहीं पाई गई। बाजरा और मूंग की फसल की उपज क्रमशः 1356 से 1455 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर और 446 से 466 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर दर्ज की गई, जिसने सभी उपचारों की उपज के मध्य कोई सार्थक अंतर नहीं दर्शाया (चित्र 4.2बी)। प्रजनन अवस्था के दौरान दर्ज की गई सरसों की वर्णक्रमीय परावर्तनता दृश्यमान, निकट–अवरक्त और लघु तरंग अवरक्त क्षेत्रों में अधिक रही और वानस्पतिक वृद्धी अवस्था में जीरा की वर्णक्रमीय परावर्तनता से कम पाई गई (चित्र 4.1बी)।

Quantification of water stress in arid crops using remote sensing approach

Experiments on quantification of water stress were undertaken in two rabi season crops, i.e., mustard (var. Giriraj) and cumin (var. GC-4) and two kharif season crops, i.e., pearl millet (var. HHB 67) and mung bean (var. IPM-205-7) under irrigated conditions. Four water stress treatments i.e., T_1 (0-20% as control), T_2 (20-40%), T_3 (40-60%) and T_4 (60-80%) were imposed based on soil moisture depletion. Amount of water applied was computed for the effective rhizosphere depth of 30 cm and stress level was computed on depletion of available soil moisture content at field capacity (13.6%). The soil moisture was monitored biweekly throughout the crop growing season and crop stress at different phenological stages. Simultaneously, biophysical, physiological parameters, canopy infrared temperature, canopy spectra were measured using spectroradiometer. In kharif season, 626 mm of rainfall was received in 23 rainy days and soil moisture at 0-10 cm depth ranged from 6.3-18.4% during the cropping season (Fig. 4.1a). The crops did not face any water stress due to the occurrence of well-distributed above-average rainfall. The maximum monthly rainfall of 431 mm (68% of the total seasonal rainfall) occurred in August, which was more than the average seasonal rainfall of the area. The yield of mustard (1507 kg ha^{-1}) and cumin (349 kg ha^{-1}) crops were highest under treatment T_1 and significantly different (α=0.05) from that of treatments T_2, T_3 and T_4. However, the yields of mustard and cumin in treatment T_3 were not significantly different from that obtained in treatments T_2 and T_4 (Fig. 4.2a). The yield of pearl millet and mung bean crops varied from 1356-1455 kg ha^{-1} and from 446-466 kg ha^{-1}, respectively, which did not show a significant difference among all the treatments (Fig. 4.2b). Spectral reflectance of mustard, observed during the reproductive stage, was higher at visible, near-infrared, and shortwave infrared regions and was lower than spectral reflectance of cumin at vegetative stage (Fig. 4.1b).



चित्र 4.1 (ए) खरीफ मौसम के दौरान वर्षा आधारित परिस्थितियों में मृदा नमी की गतिशीलता तथा (बी) जीरा और सरसों की फसलों का वर्णक्रमीय परावर्तन वक्र

Fig 4.1 (a) Soil moisture dynamics under rainfed condition during kharif season (b) Spectral reflectance curve of cumin and mustard crops



चित्र 4.2 विभिन्न जल तनाव स्थितियों के तहत रबी 2023–24 में (ए) सरसों और (बी) जीरा फसलों की उपज तथा खरीफ 2024 में (सी) बाजरा और (डी) मूंग की फसलों की उपज

Fig. 4.2 Yield of (a) mustard and (b) cumin crops in rabi 2023-2024 and (c) pearl millet and (d) mung bean crops in kharif 2024 seasons under various water stress conditions

हाइड्रोपोनिक्स और एरोपोनिक्स प्रणाली का मूल्याँकन

हाइड्रोपोनिक्स में लेट्यूस (*लैक्टुका सैटिवा* एल.) के लवणता तनाव को कम करने के लिए जैवउत्तेजन

हाइड्रोपोनिक्स प्रणाली में, सहजन और खेजड़ी के जल और इथेनॉल–आधारित पत्ती के अर्क के पर्ण स्प्रे का सामान्य (नियंत्रण) और खारे माध्यम (25 मि.मी.) के तहत लेट्यूस (*लैक्टुका सैटिवा* एलसीवी कैपिरा) की वृद्धि पर प्रभाव का मूल्याँकन किया गया। 2.5 प्रतिशत और 5 प्रतिशत सांद्रता पर पर्ण स्प्रे पूरे मौसम के दौरान 10 दिन के अंतराल पर तीन बार किया गया। लवणता के कारण लेट्यूस की वृद्धि में काफी बाधा आई, जिसके कारण बिना लवणीय नियंत्रण की तुलना में ताजा पत्ती के वजन (–13.9 प्रतिशत), ताजा जड़ के वजन (–20.2 प्रतिशत), पत्ती क्षेत्र (–22.5 प्रतिशत), शुष्क पत्ती के वजन (–19.3 प्रतिशत) और पत्तियों की संख्या (–21.3 प्रतिशत) में कमी पाई गई (तालिका 4.1)। यद्यपि, सहजन और खेजड़ी के प्रयोग ने लेट्यूस की वृद्धि को बढ़ाया और लवणीय और

Assessment of Hydroponics and Aeroponics Systems

Biostimulation to mitigate salinity stress of lettuce (*Lactuca sativa* L.) in hydroponics

In hydroponics system, the effects of foliar spray of water and ethanol-based leaf extracts of moringa (*Moringa oleifera* L., moringa leaf extract) and prosopis (*Prosopic cineraria* L., prosopis leaf extract) were assessed on the growth of leaf lettuce (*Lactuca sativa* L. cv. 'Kaipira') under normal (control) and saline medium (25 mM). The foliar spray at 2.5% and 5% concentrations were applied thrice during the entire season at 10-day interval. Lettuce growth was considerably hampered due to salinity leading to reduction in fresh leaf weight (-13.9%), fresh root weight (-20.2%), leaf area (-22.5%), dry leaf weight (-19.3%) and number of leaves (-21.3%) as compared to non-saline control (Table 4.1). However,

तालिका 4.1 हाइड्रोपोनिक्स प्रणाली में खारे और गैर–लवणीय माध्यम के तहत उगाए गए लेट्यूस के पौधों की पत्ती और जड़ का ताजा वजन, पत्ती का क्षेत्रफल, पत्ती का सूखा वजन, पोटाश, सोडियम तथा पोटाश/सोडियम का अनुपात पर एमएलई और पीएलई के अनुप्रयोग का प्रभाव

Table 4.1 Impact of moringa and *Prosopis cineraria* extracts on fresh weights of leaf and root, leaf area, leaf weight (dry), K^+, Na^+ and Na^+/K^+ ratio of lettuce as affected by application of moringa leaf extract and prosopis leaf extract on lettuce plants grown in hydroponics system under saline and non-saline conditions

Treatment	Fresh leaf weight (g)	Fresh root weight (g)	Leaf area (cm^2)	Potassium (K^+)	Sodium (Na^+)	Na^+/K^+ ratio
Stress level (SL)						
Non-saline	177.8^{a}	8.9^{a}	2391.4^{a}	36.99^{a}	3.614^{b}	0.097^{b}
Saline	156.0^{b}	7.4^{b}	1951.7^{b}	31.81^{b}	15.64^{a}	0.50^{a}
Significance-SL	**	**	**	**	**	**
Spray treatments (ST)						
Moringa LE - water 2.5%	158.6^{d}	7.2^{d}	2109.5^{ef}	30.04^{cd}	10.9^{ab}	0.38^{ab}
Moringa LE - water 5%	167.2^{cd}	8.1^{c}	2225.2^{cd}	34.3^{b}	9.18^{cd}	0.28^{cd}
Moringa LE - ethanol 2.5%	175.6^{c}	9.5^{b}	2351.2^{b}	37.97^{a}	8.58^{cd}	0.23^{de}
Moringa LE - ethanol 5%	197.6^{a}	10.6^{a}	2525.5^{a}	40.06^{a}	7.70^{d}	0.19^{e}
Prosopis LE - water 2.5%	157.2^{d}	6.6^{d}	2061.02^{f}	28.78^{d}	11.22^{d}	0.41^{a}
Prosopis LE - water 5%	166.3^{cd}	7.2^{d}	2196.7^{de}	33.41^{bc}	10.08^{abc}	0.31^{bc}
Prosopis LE - ethanol 2.5%	174.3^{c}	8.7^{c}	$2293.4.4^{bc}$	36.67^{ab}	8.79^{cd}	0.25^{de}
Prosopis LE - ethanol 5%	187.1^{b}	9.8^{b}	$2448.2.5^{a}$	39.84^{a}	8.04^{d}	0.21^{de}
Control (WS)	120.4^{e}	5.8^{e}	1332.8^{g}	28.46^{d}	12.07^{a}	0.45^{a}
Significance-ST	*	**	**	**	**	**

Note: Different letters on values represents a statistically significant difference among different treatments by Tukey's HSD Test ($p<0.05$)
*, **, represent significant at 0.05 and 0.01, respectively

गैर–लवणीय स्थितियों के तहत् पौधों में खनिज संचय को बदल दिया। 2.5 प्रतिशत सांद्रता की तुलना में 5 प्रतिशत सांद्रता पर पत्ती के अर्क की प्रतिक्रिया अधिक स्पष्ट देखी गई। सहजन और खेजड़ी के पत्तों पर 5 प्रतिशत सांद्रता के प्रयोग ने नियंत्रण की तुलना में लेट्यूस में क्रमशः सोडियम को 36.2 प्रतिशत और 33.4 प्रतिशत कम किया और पोटेशियम को क्रमशः 40.7 प्रतिशत और 39.9 प्रतिशत बढ़ा दिया।

फूलगोभी और लेट्यूस की खेती में मृदा रहित प्रणालियों का तुलनात्मक प्रदर्शन

फूलगोभी (*ब्रैसिका ओलेरेशिया* वर्स. *बोट्रीटिस* एल.) (किस्म फोर्टलेजा एफ1) और लेट्यूस (हरा और लाल) (*लाटुका सातिवा* एल.) में वृद्धि की तुलना तीन मृदारहित खेती प्रणालियों, यथा पोषक तत्व फिल्म तकनीक (एनएफटी) चैनल, एरोपोनिक चैनल (एसी) और टॉवर गार्डन (टीजी) के लिए ग्रीनहाउस (चित्र 4.3 ए) के तहत् नियमित और वैकल्पिक रोपण के साथ की गई। वैकल्पिक रोपण में उगाए गए पौधों में नियमित रोपण की तुलना में अधिक ताजा फूल का वजन (44.1 प्रतिशत), ताजा जड़ का वजन (33.5 प्रतिशत), शुष्क दही का वजन (41.0 प्रतिशत) और शुष्क जड़ का वजन (10.0 प्रतिशत) दर्ज किया गया। इसके विपरीत, नियमित रोपण में फूल की 37.3 प्रतिशत अधिक उपज दर्ज की गई और टॉवर गार्डन ने पोषक तत्व फिल्म तकनीक और एरोपोनिक चैनल की तुलना में 11.1 प्रतिशत अधिक उपज दर्ज की। एरोपोनिक चैनल में पोषक तत्व फिल्म तकनीक और टॉवर गार्डन की तुलना में ताजा फूल का क्रमशः 16.1 प्रतिशत और 46.0 प्रतिशत अधिक वजन, ताजा जड़ का क्रमशः 46.0 प्रतिशत और 87.1 प्रतिशत अधिक वजन, शुष्क फूल का क्रमशः 40.9 प्रतिशत और 75.4 प्रतिशत अधिक वजन तथा शुष्क जड़ का क्रमशः 4.6 प्रतिशत और 15.38 प्रतिशत अधिक वजन दर्ज किया गया। नियमित रोपण की तुलना में वैकल्पिक रोपण में दही की गुणवत्ता अधिक पाई गई, जिसे एफआरएपी और डीपीपीएच विधियों द्वारा मापी गई कुल एंटीऑक्सीडेंट क्षमता (क्रमशः 42.1 प्रतिशत और 12.9 प्रतिशत) से प्रमाणित किया गया। इसने वैकल्पिक अंतराल में उगाई गई फूलगोभी में बढ़े हुए पोषण मूल्य को रेखांकित किया (तालिका 4.2)। एक कि.ग्रा. फूलगोभी फूल का उत्पादन करने के लिए आवश्यक जल की मात्रा एरोपोनिक चैनल (30.4 लीटर) में सबसे कम पाई गई, उसके बाद पोषक तत्व फिल्म तकनीक (37.3 लीटर) और टॉवर गार्डन (56.2 लीटर) का स्थान रहा।

हरी पत्तेदार सलाद (किस्म 'कैपिरा') लाल सलाद (किस्म 'तुस्का') की तुलना में अधिक उत्पादक पाई गई। एरोपोनिक चैनल प्रणाली में पोषक तत्व फिल्म तकनीक चैनल और टॉवर गार्डन प्रणालियों की तुलना में हरे (150.37 प्रतिशत और 60.59 प्रतिशत) और लाल सलाद (81.58 प्रतिशत और 45.60 प्रतिशत) दोनों के लिए उच्च जैवभार दर्ज किया गया। एरोपोनिक चैनल में हरे सलाद के लिए ताजा पत्ती की उपज और पत्ती क्षेत्र सबसे अधिक (क्रमशः

the application of moringa leaf extract and prosopis leaf extract boosted the growth of lettuce and altered the mineral accumulation in plants under saline and non-saline conditions. The response of leaf extracts was more conspicuous at 5% concentration than that at 2.5% concentration. Foliar applications at 5% concentrations of moringa and prosopis reduced sodium concentrations by 36.2% and 33.4%, respectively and increased potassium level by 40.7% and 39.9%, respectively in lettuce as compared to control.

Comparative performance of soilless systems in cauliflower and lettuce cultivation

Growth of cauliflower (*Brassica oleracea* var. *botrytis* L.) (cv. Fortleza F1) and lettuce (green and red) (*Latuca sativa* L.) was compared for three soilless cultivation systems, i.e., nutrient film technique (NFT) channel, aeroponic channel (AC) and tower garden (TG) with regular and alternate planting under greenhouse condition (Fig. 4.3 a). Plants grown in alternate planting registered higher fresh curd weight (44.1%), fresh root weight (33.5%), dry curd weight (41.0%) and dry root weight (10.0%) as compared to regular planting. On the contrary, curd yield was recorded higher (37.3%) in regular planting and TG showed higher yield (11.1%) than NFT and AC. AC showed higher fresh curd weight (16.1%, 46.0%), fresh root weight (46.0%, 87.1%), dry curd weight (40.9%, 75.4%) and dry root weight (4.6%, 15.38%) than that recorded in NFT and TG, respectively. Curd quality was higher in alternate planting than that in regular planting, evidenced from total antioxidant capacity measured by FRAP (42.1%) and DPPH (12.9%) methods. This underscores the enhanced nutritional value in cauliflower grown in alternate spacing (Table 4.2). Amount of water needed to produce 1 kg of cauliflower curd was found to be the lowest in AC (30.4 L) followed by NFT (37.3 L) and TG (56.2 L).

Green leafy lettuce (cv. 'Kaipira') was more productive than red lettuce (cv. 'Tuska'). The AC system registered higher biomass for both green (150.37% and 60.59%) and red lettuce (81.58% and 45.60%) as compared to NFT channel and TG systems. Fresh leaf yield and leaf area were found to be the highest (200.8 g plant^{-1} and 2273.44 cm^2, respectively) for green lettuce in AC. However, the lowest fresh leaf yield and leaf area

200.8 ग्रा. प्रति पौधा और 2273.44 वर्ग से.मी.) पाया गया। यद्यपि, लाल सलाद के लिए टॉवर गार्डन में ताजा पत्ती की उपज और पत्ती क्षेत्र दोनों ही सबसे कम दर्ज किए गए (चित्र 4.3 बी)। एरोपोनिक चैनल प्रणाली में जल की आवश्यकता (क्रमशः हरे और लाल सलाद के लिए 14 और 29 लीटर) पोषक तत्व फिल्म तकनीक (क्रमशः हरी और लाल सलाद के लिए 21 और 34 लीटर) और टॉवर गार्डन (क्रमशः हरी और लाल सलाद के लिए 25 और 41 लीटर) की तुलना में कम दर्ज की गई (चित्र 4.3 बी)। इसी प्रकार, कुल घुलनशील शर्करा की मात्रा एरोपोनिक्स (लाल और हरे सलाद में क्रमशः 6.4 और 6.2 मि.ग्रा. प्रति ग्रा.) में सबसे अधिक पाई गई।

were recorded in TG for red lettuce (Fig. 4.3 b). The AC system required lesser water (14 and 29 L for green and red lettuce, respectively) than that required by NFT (21 and 34 L for green and red lettuce, respectively) and TG (25 and 41 L for green and red lettuce, respectively) (Fig. 4.3 b). Soluble protein level was the highest in aeroponics (20.35 and 15.03 mg g^{-1} for red and green lettuce, respectively). Likewise, total soluble sugar content was the highest in aeroponics (6.4 and 6.2 mg g^{-1} in red and green lettuce, respectively).



(a)

(b)

चित्र 4.3 क्षैतिज रोपण के रूप में एरोपोनिक चैनल (एसी) और पोषक तत्व फिल्म तकनीक चैनल (एनएफटीसी) और ऊर्ध्वाधर रोपण के रूप में टॉवर गार्डन (टीजी) का उपयोग करके फूलगोभी (ए) और सलाद पत्ता (बी) की खेती में मृदा रहित प्रणालियों का प्रदर्शन
Fig. 4.3 Performance of soilless systems in cultivation of cauliflower (a) and lettuce (b) using aeroponic channel (AC) and nutrient film technique channel (NFTC) as horizontal planting, and tower garden (TG) as vertical planting

प्रमुख फसलों और फसल प्रणालियों के जल और ऊर्जा उपयोग का आकलन

नौ सिंचित फसल प्रणालियों यथा बाजरा–गेहूँ (पीएम–डब्ल्यू), बाजरा–भारतीय सरसों (पीएम–आईएम), बाजरा–चना (पीएम–सीपी), मूंग–गेहूँ (एमबी–डब्ल्यू), मूंग–भारतीय सरसों (एमबी–आईएम), मूंग–चना (एमबी–सीपी), मूंगफली–गेहूँ (जीएन–डब्ल्यू), मूंगफली–भारतीय सरसों (जीएन–आईएम), और मूंगफली–चना (जीएन–सीपी), को नेक्सस दृष्टिकोण का उपयोग करके जल और ऊर्जा खपत के साथ–साथ उत्पादन प्रदर्शन और

Assessment of water and energy use of major crops and cropping systems

A field experiment was conducted to quantify water and energy consumption along with production performances and interconnections among water-energy use and food production using nexus approach of nine irrigated cropping systems: pearl millet-wheat (PM-W), pearl millet-Indian mustard (PM-IM), pearl millet-chickpea (PM-CP), mung bean-wheat (MB-W), mung bean-Indian mustard (MB-IM), mung bean-chickpea

तालिका 4.2 विभिन्न रोपण और मृदा रहित खेती प्रणाली का फूलगोभी के ताजा फूल वजन, ताजा जड़ वजन, सूखा फूल वजन और सूखा जड़ वजन पर प्रभाव
Table 4.2 Curd fresh weight, root fresh weight, curd dry weight and root dry weight of cauliflower as affected by different planting and soil less growing system

Treatments	Fresh curd weight (g)	Fresh root weight (g)	Dry curd weight (g)	Dry root weight (g)	Yield (kg m^{-2})	TAC-FRAP (FRU g^{-1})	TAC-DPPH (%)
Planting system (PS)							
Regular	223.2[b]	40.0[b]	19.5[b]	4.0[b]	4.12[b]	1.9[b]	60.7[b]
Alternate	321.7[a]	53.4[a]	27.5[a]	4.4[a]	3.0[a]	2.7[a]	68.1[a]
Significance	**	**	**	*	**	**	**
Soil less system (SS)							
NFT-channel	282.3[a]	42.8[b]	22.0[b]	4.3	3.6[a]	2.6[b]	63.4[b]
Aeroponic channel	305.6[a]	62.5[a]	31.0[a]	4.5	3.0[b]	3.4[a]	71.7[a]
Tower-garden	229.1[b]	35.0[c]	17.67[c]	3.9	4.0[a]	0.9[c]	58.2[c]
Significance	**	**	**	*	**	**	**

**,* = significant at 0.01 and 0.05% level of probability, respectively.

जल–ऊर्जा उपयोग और खाद्य उत्पादन के बीच अंतर्संबंधों को मापने के लिए एक क्षेत्रीय प्रयोग किया गया। इन फसल प्रणालियों ने संसाधन उपयोग, कृषि–आर्थिक प्रदर्शन और जल–ऊर्जा–खाद्य संबंध सूचकांक आयामों हेतु सार्थक भिन्नता दिखाई।

जल उपयोग और जल उत्पादकता: फसल प्रणालियों में कुल जल खपत 4,790 से 10,530 घन मी. प्रति हेक्टेयर के साथ सार्थक भिन्नता दर्ज की गई (चित्र 4.4ए)। जल की सबसे अधिक खपत मूंगफली–गेहूँ प्रणाली में पाई गई। मूंगफली आधारित फसल प्रणालियों ने बाजरा और मूंग आधारित प्रणालियों की तुलना में औसतन 1.6 गुना अधिक कुल जल और 1.9 गुना अधिक सिंचाई जल का उपयोग दर्ज किया गया। विभिन्न फसल प्रणालियों के बीच भौतिक सिंचाई जल उत्पादकता में 0.87 से 1.84 कि.ग्रा. घन मीटर की सीमा के साथ काफी भिन्नता देखी गई। यह भिन्नता बाजरा–चना प्रणाली में अन्य सभी फसल प्रणालियों की तुलना में सार्थक रूप से सबसे अधिक तथा मूंगफली–सरसों प्रणाली में सबसे कम थी (चित्र 4.4बी)। बाजरा आधारित फसल प्रणाली में औसतन भौतिक सिंचाई जल उत्पादकता सबसे अधिक (1.50 कि.ग्रा. घन मी.) तथा उसके बाद मूंग आधारित में (1.23 कि.ग्रा. घन मी.) और मूंगफली आधारित में (0.90 कि.ग्रा. घन मी.) सबसे अधिक दर्ज की गई। आर्थिक सिंचाई जल उत्पादकता 22.3 से 72.3 घन मी. तक आंकी गयी; मूंग आधारित फसल प्रणाली की औसतन आर्थिक सिंचाई जल उत्पादकता सर्वाधिक पाई गई तथा उसके बाद बाजरा और मूंगफली आधारित प्रणाली में औसतन आर्थिक सिंचाई जल उत्पादकता सर्वाधिक दर्ज की गई (चित्र 4.4सी)।

(MB-CP), groundnut-wheat (GN-W), groundnut-Indian mustard (GN-IM), and groundnut-chickpea (GN-CP). These cropping systems showed significant variations in resource use, agro-economic performance, and water-energy-food nexus index (WEFN) dimensions.

Water use and water productivities: The cropping systems exhibited significant variations in total water consumption (Fig. 4.4a) ranging from 4,790 to 10,530 m^3 ha^{-1}. The GN-W system had the highest water consumption. On average, the groundnut-based cropping systems used 1.6 times more total water and 1.9 times more irrigation water compared to the pearl millet and mung bean-based systems. The physical irrigation water productivity (PIWP) varied significantly among cropping systems and ranged from 0.87 to 1.84 kg m^{-3}, with the pearl millet-chickpea system having the highest value, significantly surpassing all other cropping systems (Fig. 4.4b). The GN-IM system had the lowest PIWP. On average, the pearl millet-based cropping system had the highest PIWP at 1.50 kg m^{-3}, followed by mung bean at 1.23 kg m^{-3} and groundnut at 0.90 kg m^{-3}. Economic irrigation water productivity (EIWP) ranged from 22.3 to 72.3 m^{-3}; on average, the mung bean-based cropping system also had the highest EIWP, followed by the pearl millet and groundnut-based systems (Fig. 4.4c).



चित्र 4.4. फसल प्रणालियों की (ए) जल उपभोग (बी) भौतिक सिंचाई जल उत्पादकता, (सी) आर्थिक सिंचाई जल उत्पादकता (एन = 3)

Fig 4.4. (a) Water consumption, (b) Physical irrigation water productivity (PIWP), (c) economic irrigation water productivity (EIWP) of cropping systems (n=3)

The values followed by same letter(s) are not different according different letter(s) are not different according to LSD at $\alpha = 0.05$. (PM-W: Pearl millet – Wheat, PM-IM: Pearl millet – Indian mustard, PM-CP: Pearl millet – chick pea, MB-W: Mung bean – Wheat, MB-IM: Mung bean – Indian mustard, Mung bean – chick pea; GN-W: Groundnut – Wheat, GN-IM: Groundnut – Indian mustard, GN- CP: Groundnut – Chickpea)

ऊर्जा उपयोग और ऊर्जा उपयोग दक्षता: फसल प्रणालियों के ऊर्जा खपत में आदान की मात्रा और प्रकार तथा उनसे जुड़ी ऊर्जा तीव्रता में अंतर के कारण सार्थक भिन्नता पाई गई। ऊर्जा की खपत 1.8 से 5.3 × 10^4 मेगा जूल प्रति हेक्टेयर तक थी (चित्र 4.5ए)। मूंगफली आधारित प्रणालियों में ऊर्जा खपत सबसे अधिक तथा उसके बाद बाजरा और मूंग आधारित प्रणालियों में ऊर्जा खपत सबसे अधिक दर्ज की गई। ऊर्जा उत्पादन 10.9 से 26.1 × 10^4 मेगा जूल प्रति हेक्टेयर तक था, जिसमें मूंगफली आधारित प्रणालियों ने अन्य प्रणालियों की तुलना अधिक ऊर्जा उत्पादन देखा गया (चित्र 4.5बी)। मूंगफली आधारित प्रणालियों से बाजरा और मूंग आधारित प्रणालियों की तुलना में क्रमशः 5.0 और 9.1 × 10^3 मेगा जूल प्रति हेक्टेयर अधिक ऊर्जा उत्पादन दर्ज किया गया। फसल प्रणालियों के बीच शुद्ध ऊर्जा में सार्थक भिन्नता (पी <0.05) देखी गई, जिसका मान 9.1 से लेकर 20.8 × 10^4 मेगा जूल प्रति हेक्टेयर तक दर्ज किया गया। शुद्ध ऊर्जा का सबसे अधिकमान मूंगफली–गेहूँ और मूंगफली–सरसों प्रणालियों में पाया गया (चित्र 4.5सी)। फसल उत्पादन में ऊर्जा उपयोग का मूल्याँकन करने के लिए एक महत्वपूर्ण सुचंकाक ऊर्जा उपयोग दक्षता का मान 4.9 से 7.7 तक रहा, जिसका औसत 5.6 था (चित्र 4.5डी)। बाजरा–चना प्रणाली सबसे अधिक

Energy use and energy use efficiency: The energy input (EI) of the cropping systems varied significantly due to differences in the amount and type of inputs and their associated energy intensities. Energy consumption ranged from 1.8 to 5.3 × 10^4 MJ ha^{-1} (Fig. 4.5a). Groundnut-based systems had the highest energy consumption, followed by pearl millet and mung bean-based systems. Energy output (EO) ranged from 10.9 to 26.1 × 10^4 MJ ha^{-1}, with groundnut-based systems showing significantly greater EO than the other systems (Fig. 4.5b). Groundnut-based systems produced 5.0 and 9.1 × 10^3 MJ ha^{-1} more EO than pearl millet and mung bean-based systems, respectively. Net energy (NE) varied significantly (P<0.05) among cropping systems, ranging from 9.1 to 20.8 × 10^4 MJ ha^{-1}, with the groundnut-wheat and groundnut-indian mustard systems having the highest NE (Fig. 4.5c). Energy use efficiency (EUE), an important metric for evaluating the efficiency of energy utilization in crop production, ranged from 4.9 to 7.7, with a mean of 5.6 (Fig. 4.5d). The pearl

ऊर्जा कुशल पाई गई, जिसने अन्य फसल प्रणालियों की तुलना में काफी अधिक ऊर्जा उपयोग दक्षता प्रदर्शित किया। बाजरा आधारित प्रणालियों में ऊर्जा उपयोग दक्षता सबसे अधिक देखी गई तथा उसके बाद मूंग और मूंगफली आधारित प्रणालियों में ऊर्जा उपयोग दक्षता सबसे अधिक दर्ज की गई।

millet-chickpea system was the most energy-efficient, demonstrating a significantly higher EUE than the other cropping systems. Pearl millet-based systems had the highest EUE, followed by mung bean and groundnut-based systems.



चित्र 4.5 फसल प्रणालियों की (ए) ऊर्जा खपत (बी) ऊर्जा उत्पादन (सी) शुद्ध ऊर्जा (डी) ऊर्जा उपयोग दक्षता (एन = 3)

Fig 4.5 (a) Energy consumption, (b) energy output, (c) net energy, (d) energy use efficiency of cropping systems of cropping systems (n=3)

The values followed by same letter/s are not different according different letter/s are not different according to LSD at α = 0.05. (PM-W: Pearl millet – Wheat, PM-IM: Pearl millet – Indian mustard, PM-CP: Pearl millet – chick pea, MB-W: Mung bean – Wheat, MB-IM: Mung bean – Indian mustard, Mung bean – chick pea; GN-W: Groundnut – Wheat, GN-IM: Groundnut – Indian mustard, GN- CP: Groundnut – Chickpea)

फसल उत्पादकता: मुख्य उत्पाद और जैवभार उपज हेतु विभिन्न फसल प्रणालियों में सार्थक अंतर देखा गया (चित्र 4.6)। मुख्य उत्पाद की उपज 3.20 से 6.64 टन प्रति हेक्टेयर तक थी, जिसमें मूंगफली–गेहूँ प्रणाली से अन्य फसल प्रणालियों की तुलना में अधिक उपज दर्ज की गई (चित्र 4.6ए)। मूंग–चना और मूंग–सरसों प्रणालियों में अन्य प्रणालियों की तुलना में मुख्य उत्पाद की उपज कम पाई गई। मूंगफली आधारित प्रणाली से 5.63 टन प्रति हेक्टेयर तथा उसके बाद बाजरा आधारित प्रणाली से 4.80 टन प्रति हेक्टेयर और मूंग आधारित प्रणाली से 4.03 टन प्रति हेक्टेयर की उपज प्राप्त की गई। मूंगफली आधारित फसल प्रणालियों से बाजरा और मूंग आधारित प्रणालियों की तुलना में क्रमशः 17 प्रतिशत और 40 प्रतिशत अधिक मुख्य उत्पाद उपज प्राप्त किया गया। औसतन, 13 टन प्रति हेक्टेयर जैवभार उत्पादकता के साथ विभिन्न फसल

Crop productivity: The cropping systems exhibited significant differences in both main product and biomass yields (Fig. 4.6). The main product yield ranged from 3.20 to 6.64 Mg ha^{-1}, with the groundnut-wheat (GN-W) system showing a significantly higher yield compared to the other cropping systems (Fig. 4.6a). The mung bean-chickpea (MB-CP) and mung bean-Indian mustard (MB-IM) systems had lower main product yields than the others. Groundnut-based system yielded 5.63 Mg ha^{-1}, followed by the pearl millet-based system at 4.80 Mg ha^{-1} and the mung bean-based system at 4.03 Mg ha^{-1}. The groundnut-based cropping systems achieved 17% and 40% higher main product yields than the pearl millet and mung bean-based systems, respectively. The biomass

प्रणालियों में जैवभार उपज 8.2 से 17.1 टन प्रति हेक्टेयर तक पाई गई (चित्र 4.6बी)। मूंगफली आधारित प्रणालियों से बाजरा और मूंग आधारित प्रणालियों की तुलना में क्रमशः 8 प्रतिशत और 41 प्रतिशत अधिक जैवभार उपज प्राप्त किया गया।

yield of the cropping systems ranged from 8.2 to 17.1 Mg ha^{-1}, with an average biomass productivity of 13 Mg ha^{-1} (Fig 4.6b). Groundnut-based systems achieved 8% and 41% greater biomass yields than the pearl millet and mung bean-based systems, respectively.



चित्र 4.6 फसल प्रणालियों की (ए) मुख्य उत्पाद उपज (बी) जैवभार उपज (एन = 3)

Fig. 4.6. (a) Main product yield, (b) biomass yield of cropping systems of cropping systems (n=3)

The values followed by same letter(s) are not different according to LSD at α = 0.05. (PM-W: Pearl millet – Wheat, PM-IM: Pearl millet – Indian mustard, PM-CP: Pearl millet – chick pea, MB-W : Mung bean – Wheat, MB-IM: Mung bean – Indian mustard, Mung bean – chick pea; GN-W: Groundnut – Wheat, GN-IM: Groundnut – Indian mustard, GN-CP: Groundnut – Chickpea)

जल-ऊर्जा-खाद्य संबंध: जल और ऊर्जा खपत, ऊर्जा और जल की भौतिक और आर्थिक उत्पादकता से संबंधित संकेतकों के आधार पर जल–ऊर्जा–खाद्य संबंध का मूल्याँकन किया गया (चित्र 4.7)। विभिन्न फसल प्रणालियों के लिए इन संकेतकों के मानों में सार्थक भिन्नता दर्ज की गई। जल और ऊर्जा खपत के संदर्भ में, मूंग–चना और बाजरा–चना प्रणालियाँ अन्य की तुलना में बेहतर विकल्प के रुप में देखी गईं जबकि मूंगफली–गेहूँ प्रणाली को कम उपयुक्त पाया गया। जल और ऊर्जा आर्थिक उत्पादकता के संदर्भ में, मूंग–चना और मूंग–सरसों प्रणालियाँ उपयुक्त विकल्प के रुप में देखी गईं जबकि बाजरा–गेहूँ प्रणाली को कम पसन्द किया गया। फसल प्रणालियों के लिए जल–ऊर्जा–खाद्य संबंध सूचकांक 0.117 से 0.833 तक रहा, बाजरा–चना प्रणाली के लिए इसका मान सबसे अधिक रहा तथा उसके बाद मूंग–चना प्रणाली का मान सबसे अधिक रहा (चित्र 4.8)। मूंगफली–गेहूँ फसल प्रणाली में जल–ऊर्जा–खाद्य संबंध सूचकांक का मान सबसे कम दर्ज किया गया। औसतन, मूंग आधारित फसल प्रणाली का जल–ऊर्जा–खाद्य संबंध सूचकांक अधिक पाया गया तथा उसके बाद बाजरा और मूंगफली आधारित प्रणाली में इसका मान अधिक रहा। ये परिणाम यह बताते हैं कि गर्म शुष्क क्षेत्रों में उत्पादन और लाभप्रदता के साथ–साथ जल एवं ऊर्जा की खपत को अनुकूलित करने के लिए बाजरा और मूंग आधारित फसल प्रणाली, मूंगफली आधारित प्रणालियों की तुलना में बेहतर विकल्प साबित हो सकती हैं।

Water-energy-food nexus: The water-energy-food nexus (WEFN) was assessed through the indicators related to water and energy consumption, mass and economic productivities of energy and water (Fig. 4.7). The values of these performance indicators varied significantly among cropping systems. In terms of water and energy consumption, the mung bean-chickpea and pearl millet-chickpea systems were better options as compared to others, while groundnut-wheat was the least favored. Regarding water and energy economic productivity, mung bean-chickpea and mung bean-Indian mustard were preferred options, whereas pearl millet-wheat was the least favorable. The WEFN index for the cropping systems ranged from 0.117 to 0.833, with the highest value observed in the pearl millet-chickpea system, followed by the mung bean-chickpea system (Fig. 4.8). The groundnut-wheat cropping system had the lowest WEFN index. On average, the mung bean-based cropping system achieved the highest WEFN index, followed by the pearl millet and groundnut-based systems. These results suggest that pearl millet and mung bean-based cropping systems were better options than groundnut-based systems for optimizing water and energy consumption along with production and profitability in hot arid regions.



चित्र 4.7 फसल प्रणालियों की (ए) जल खपत (बी) ऊर्जा खपत (सी) जल द्रव्यमान उत्पादकता, (डी) ऊर्जा द्रव्यमान उत्पादकता, (इ) जल आर्थिक उत्पादकता और (फ) ऊर्जा आर्थिक उत्पादकता के सामान्यीकृत मान

Fig. 4.7. Normalized values of (a) water consumption, (b) energy consumption, (c) water mass productivity, (d) energy mass productivity, (e) water economic productivity and (f) energy economic productivity of cropping systems

(PM-W: Pearl millet – Wheat, PM-IM: Pearl millet – Indian mustard, PM-CP: Pearl millet – chick pea, MB-W: Mung bean – Wheat, MB-IM: Mung bean – Indian mustard, Mung bean – chick pea; GN-W: Groundnut – Wheat, GN-IM: Groundnut – Indian mustard, GN-CP: Groundnut – Chick pea)



चित्र 4.8 फसल प्रणालियों के लिए जल–ऊर्जा–खाद्य संबंध सूचकांक के मान
Fig. 4.8 Values of water-energy-food nexus index for cropping systems
(PM-W: Pearl millet – Wheat, PM-IM: Pearl millet – Indian mustard, PM-CP: Pearl millet – chick pea, MB-W: Mung bean – Wheat, MB-IM: Mung bean – Indian mustard, Mung bean – chick pea; GN-W: Groundnut – Wheat, GN-IM: groundnut – Indian mustard, GN- CP: Groundnut – Chickpea)

पाली क्षेत्र के लवणीय वातावरण में गेहूँ आधारित फसल प्रणाली की उत्पादकता बढ़ाने हेतु संसाधन संरक्षण प्रौद्योगिकी

गेहूँ–ज्वार फसल प्रणाली के तहत लवणता के कुशल प्रबंधन पर संसाधन संरक्षण प्रौद्योगिकी के प्रभावों का मूल्याँकन करने के लिए रबी और खरीफ मौसम के दौरान क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, पाली में एक स्थानीय प्रयोग किया गया (चित्र 4.9)। अवशेष उपचार के परिणामस्वरूप मृदा में कार्बनिक कार्बन के मान में 18.50 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई। विभिन्न सिंचाई विधियों के तहत गेहूँ–ज्वार प्रणाली में उठी क्यारियों और अवशेष उपचारों के अंतर्गत पूरे वर्ष मिट्टी की ऊपरी 30 से.मी. सतह के भीतर लवणता में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखा गया। सतही सिंचाई प्रणाली की तुलना में बूँद–बूँद सिंचाई प्रणाली

Resource conservation technology for enhancing productivity of wheat-based cropping system under saline environment in Pali

A field experiment was conducted at the Regional Research Station, Pali, during the rabi and kharif seasons to study the impact of resource conservation technology on the efficient management of salinity in a wheat-sorghum cropping system (Fig. 4.9). The residue treatment resulted 18.50% increase in soil organic carbon content as compared to without residue treatment. Significant changes in soil salinity within the top 30 cm of soil were observed throughout the year in the wheat-

चित्र 4.9 फसल अवशेषों के साथ स्थायी रूप से उठी क्यारियों पर गेहूँ और ज्वार की फसल
Fig. 4.9 Wheat and sorghum crop on raised bed with residue

और उठी क्यारियों के तहत मिट्टी के ऊपरी 30 से.मी. में सोडियम की मात्रा में क्रमशः 18.12 प्रतिशत और 14.63 प्रतिशत तथा विद्युत चालकता में क्रमशः 24.80 प्रतिशत और 13.19 प्रतिशत तक प्रभावी रूप से कमी देखी गई। इसी प्रकार, सतही सिंचाई प्रणाली की तुलना में बूँद–बूँद सिंचाई प्रणाली और उठी क्यारियों के तहत गेहूँ में क्रमशः 72.4 प्रतिशत और 27.38 प्रतिशत सिंचाई जल की बचत दर्ज की गई। परम्परागत जुताई पद्धतियों की तुलना में स्थायी रूप से उठी क्यारियों पर रोपण तथा उसके बाद शून्य जुताई पद्धति से अनाज और भूसे की पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। विभिन्न जुताई पद्धतियों की तुलना करने पर पाया गया कि सतही सिंचाई प्रणाली के साथ पारंपरिक जुताई की तुलना में कुण्ड सिंचाई और फसल अवशेष अवधारण के साथ स्थायी रूप से उठी क्यारियों पर रोपण करने से मिट्टी की लवणता को प्रभावी रुप से कम किया जा सकता है।

मृदा सुधारकों और फर्टिगेशन के माध्यम से पाली में अनार में लवणता प्रबंधन

अनार (किस्म भगवा) के पौधों में द्वितीयक लवणता प्रबंधन के लिए तीन फर्टिगेशन अनुसूची (एफ1–34:22:22:22, एफ2–20:30:10:40 एवं एफ3–20:40:20:20) जो कि पौधों के चार विकास चरणों में एनपीके उर्वरक की अनुशंसित खुराक के प्रतिशत को भी दर्शाता है, का उपयोग किया गया। पौधों की वृद्धि को बढ़ावा देने वाले राइजोबैक्टीरिया (पीजीपीआर) संघ – (पेनिसिलियम, स्यूडोमोनास और एजोस्पिरिलम प्रजाति), माइकोराइजल कवक, माइक्रोबियल पॉलीमर, वर्मीवाश और ह्युमिक एसिड का उपयोग जैविक सुधारकों के रूप में किया गया। फसल की विभिन्न अवस्था एवं ह्युमिक एसिड अनुप्रयोग पर फर्टिगेशन अनुसूची एफ3 (एनपीके के 20:40:20:20 प्रतिशत) के तहत पौधों की अधिकतम ऊँचाई और उपज दर्ज की गई। ह्युमिक एसिड उपचार के तहत सोडियम का संचयन सबसे कम देखा गया। ह्युमिक एसिड के उपचार से मृदा पीएच (5.8) और सोडियम सान्द्रता (53.8 प्रतिशत) के मानों में कमी तथा फलों की संख्या (37.9 प्रतिशत), फलों के वजन (32.1 प्रतिशत) एवं फलों की उपज (63.4 प्रतिशत) में बढ़ोतरी देखी गई। ह्युमिक एसिड (50 ग्राम प्रति पौधा) के उपचार से प्राप्त उच्चतम फल उपज (20.1 कि.ग्रा. प्रति पौधा) वर्मीवाश अनुप्रयोग (1 लीटर प्रति पौधा) के बराबर थी।

मूंग की फसल में नमी की कमी के प्रति सहनशीलता के लिए देशी आर्बस्कुलर माइकोराइजल कवक की पहचान और अनुप्रयोग

मूंग की फसल में मेजबान वरीयता के लिए माइकोराइजल उपभेदों का मूल्याँकन

पश्चिमी राजस्थान में सात रेगिस्तानी झाड़ियों से कुल 28 राइजोस्फीयर मृदा के नमूने एकत्र किए गए। ट्रैप कल्चर प्रयोगों के माध्यम से पहचाने गए कुल 28 माइकोराइजल बहुरूपता प्रकार में से, पाँच शीर्ष प्रदर्शन करने वाले उपभेदों, यथा जेएसएलएम–05, sorghum system under different irrigation methods, raised bed, and residue treatments. The drip irrigation system and raised bed effectively reduced sodium content by 18.12% and 14.63%, respectively, and decreased electrical conductivity by 24.80% and 13.19% in the top 30 cm of soil as compared to the surface irrigation system. Similarly, the drip irrigation and raised bed system saved 72.4% and 27.38% of irrigation water, respectively in the wheat as compared to the surface irrigation system. Significantly higher grain and straw yields were recorded under permanent raised bed planting, followed by zero tillage, in comparison to conventional tillage practices. Among different tillage practices, permanent raised bed planting with furrow irrigation and crop residue retention proved to be more effective in minimizing soil salinization compared to conventional tillage with surface irrigation.

Salinity management in pomegranate through fertigation scheduling and soil amendments in Pali

Pomegranate (cv. Bhagwa) plants were subjected to secondary salinity management through three fertigation schedules having percentage of recommended dose of NPK fertilizer at four growth stage (F1-34:22:22:22; F2-20:30:10:40; F3-20:40:20:20). Plant growth promoting rhizobacteria (PGPR) consortia- (*Penicillium, Pseudomonas* and *Azospirillum* sp.), mycorrhizal fungi, microbial polymer, vermiwash and humic acid were used as organic amendments. The maximum plant height and yield attributes were recorded under fertigation schedule F3 (20:40:20:20% of NPK) at different crop stage and humic acid application. The lowest sodium accumulation was observed under humic acid treatment. The humic acid application in soil resulted in to reduced soil pH (5.8) and sodium concentration (53.8%) and increased fruit number (37.9%), fruit weight (32.1%) and fruit yield (63.4%) as compare to control. The highest fruit yield (20.1 kg plant^{-1}) was observed with humic acid (50 g plant^{-1}) which was at par with vermiwash application (1 L plant^{-1}).

Identification and application of native arbuscular mycorrhizal fungi for deficit moisture stress tolerance in mung bean

Evaluation of mycorrhizal strains for host preference in mung bean crop

A total of 28 rhizosphere soil samples were collected from seven desert shrubs in western Rajasthan. Out of the total 28 mycorrhizal morphotypes, identified through trap

जेएसएलएम–11, जेएसएलएम–15, जेडीपी–3, और आरएसएमडी–एम1 को गमलों और क्षेत्र प्रयोगों में आगे के मूल्याँकन के लिए चुना गया। जोधपुर में मूंग का क्षेत्र प्रयोग यादृच्छिक ब्लॉक डिजाइन में चार प्रतिकृतियों और 5 मीटर × 8 मीटर के प्रखंड आकार के साथ दो कारकों, यथा वर्मी–कम्पोस्ट और माइकोराइजल इनोक्यूलेशन के साथ किया गया। वर्मीकम्पोस्ट उपचारों में टी1 (वर्मी–कम्पोस्ट के बिना, –वीसी) और टी2 (वर्मी–कम्पोस्ट के साथ, +वीसी) को सम्मिलित किया गया। माइकोराइजल इनोक्यूलेशन उपचार में एम0 (नियंत्रण या बिना इनोक्यूलेशन), एम1 (माइकोराइजा आरएसएमडी–एम1), एम2 (माइकोराइजा जेएसएलएम–15), एम3 (माइकोराइजा जेएसएलएम–5), एम4 (माइकोराइजा जेएसएलएम–11), और एम5 (माइकोराइजा जेडीपी–3) शामिल किए गए।

मृदा के जैव-रासायनिक फिंगरप्रिंट के लिए माइकोराइजल उपभेदों की प्रतिक्रिया

सबसे अधिक डिहाइड्रोजिनेज गतिविधि 4.5 माइक्रोग्राम टीपीएफ प्रति ग्राम मृदा प्रति घंटा वर्मीकम्पोस्ट के बिना (–वीसी) और 5.0 माइक्रोग्राम टीपीएफ प्रति ग्राम मृदा प्रति घंटा वर्मीकम्पोस्ट (+वीसी) के साथ उपचार एम3 में देखी गई (चित्र 4.10)। बुवाई के 60 दिन बाद उपचार एम3 के तहत 3.08 माइक्रोग्राम टीपीएफ प्रति ग्राम मृदा प्रति घंटा (–वीसी) और 1.95 माइक्रोग्राम टीपीएफ प्रति ग्राम मृदा प्रति घंटा (+वीसी) के साथ उल्लेखनीय रूप से उच्च डिहाइड्रोजिनेज गतिविधि दर्ज की गई। उपभेद एम3 के साथ इनोकुलेशन के परिणामस्वरूप फ्लुरोस्सेंट डाईएसीटेट गतिविधि बुवाई के 45 दिन बाद 21 माइक्रोग्राम फ्लोरेसिन प्रति ग्राम मृदा प्रति घंटा (–वीसी) और 30 माइक्रोग्राम फ्लोरेसिन प्रति ग्राम मृदा प्रति घंटा (+वीसी) के साथ सर्वाधिक पाई गई। बुवाई के 60 दिन बाद समान उपचार में गतिविधि 16 माइक्रोग्राम फ्लोरेसिन प्रति ग्राम मृदा प्रति घंटा (+वीसी) और 13 माइक्रोग्राम फ्लोरेसिन प्रति ग्राम मृदा प्रति घंटा (–वीसी) उल्लेखनीय रूप से उच्च पाई गई। वर्मी–कम्पोस्ट के साथ इनोकुलेशन के परिणामस्वरूप माइकोराइजल उपभेद एम3 के साथ एसिड फॉस्फेटेस गतिविधि में 16.17 माइक्रोग्राम पीएनपी प्रति ग्राम प्रति घंटा के साथ उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जबकि बिना इनोकुलेशन के नियंत्रण में यह 1.01 माइक्रोग्राम पीएनपी प्रति ग्राम प्रति घंटा रहा। इसी प्रकार, वर्मी–कम्पोस्ट उपचार के साथ एम3 में क्षारीय फॉस्फेटेस गतिविधि बढ़कर 68.96 माइक्रोग्राम पीएनपी प्रति ग्राम प्रति घंटा हो गई, जबकि नियंत्रण में यह 47.11 माइक्रोग्राम पीएनपी प्रति ग्राम प्रति घंटा दर्ज की गई, जिसने बढ़ी हुई फास्फोरस गतिशीलता को दर्शाया।

पौधों की वृद्धि और उपज विशेषताएँ

उपचार एम3 में, बुवाई के 30 दिन बाद मूंग की पौधे की ऊँचाई 13.33 से.मी. दर्ज की गई, जो बुवाई के 60 दिन बाद बढ़कर 37.35 से.मी. हो गई। दूसरी ओर, (+वीसी) उपचार के परिणामस्वरूप बुवाई के 30 दिन बाद पौधे की ऊँचाई 11.6 से.मी. और बुवाई के 30 दिन

culture experiments, five top performing strains, i.e., JSLM-05, JSLM-11, JSLM-15, JDP-3, and RSMD-M1 were selected for further evaluation in pot and field experiments. A field experiment of mung bean was undertaken at Jodhpur in randomized block design with four replications and a plot size of 5 m × 8 m with two factors, i.e., vermicompost and mycorrhizal inoculation. The vermicompost treatments consisted of T_1 (without vermi-compost, -VC) and T_2 (with vermicompost, +VC). The mycorrhizal inoculation treatments included M_0 (control or without inoculation), M1 (mycorrhiza RSMD-M1), M2 (mycorrhiza JSLM-15), M3 (mycorrhiza JSLM-5), M4 (mycorrhiza JSLM-11), and M5 (mycorrhiza JDP-3).

Response of mycorrhizal strains to biochemical fingerprint of soil

The highest dehydrogenase activity (DHA) activity was observed in treatment M3 with values of 4.5 µg TPF g^{-1} soil hr^{-1} without vermicompost (-VC) and 5.0 µg TPF g^{-1} soil hr^{-1} with vermicompost (+VC) (Fig. 4.10). Significantly higher DHA activity was recorded under treatment M3 at 60 days after sowing (DAS) with 3.08 µg TPF g^{-1} soil hr^{-1} (-VC) and 1.95 µg TPF g^{-1} soil hr^{-1} (+Vc). Inoculation with strain M3 resulted in the highest fluorescent diacetate (FDA) activity (Fig. 4.10) at 45 DAS, measuring 21 µg fluorescein g^{-1} soil hr^{-1} (-VC) and 30 µg fluorescein g^{-1} soil hr^{-1} (+VC). Significantly higher FDA activity was recorded in the same treatment at 60 DAS, with 16 µg fluorescein g^{-1} soil hr^{-1} (+VC) and 13 µg fluorescein g^{-1} soil hr^{-1} (-VC). Acid phosphatase activity increased significantly with mycorrhizal strain M3 inoculated with vermicompost, recording 16.17 µg pNP g^{-1} hr^{-1}, compared to the uninoculated control at 1.01 µg pNP g^{-1} hr^{-1}. Similarly, alkaline phosphatase activity rose to 68.96 µg pNP g^{-1} hr^{-1} in M3 with vermicompost treatment, versus 47.11 µg pNP g^{-1} hr^{-1} in the control, indicating enhanced phosphorus mobilization.

Plant growth and yield attributes

In treatment M3, plant height of mung bean at 30 DAS was recorded as 13.33 cm, which further increased to 37.35 cm at 60 DAS. On the other hand, (+VC)



T1(M0) T2(M1) T3(M2) T4(M3) T5(M4) T6(M5)

चित्र 4.10 मूंग की फसल में मृदा उत्प्रेरकों (ऊपरी और मध्य) की गतिविधियां और जड़ वृद्धि (निचली) पर माइकोराइजल टीकाकरण का प्रभाव –वीसी/+वीसी; वर्मीकम्पोस्ट के साथ/वर्मीकम्पोस्ट के बिना

Fig. 4.10 Effect of mycorrhizal inoculation on soil enzymes (upper & middle) activities and root growth (lower) of the mung bean crop -VC/+VC; withput vermicompost/with vermicompost

बाद 32.4 से.मी. हो गई, जबकि (–वीसी) उपचार में पौधे की ऊँचाई 10.6 से.मी. (बुवाई के 30 दिन बाद) और 30.4 से.मी. (बुवाई के 60 दिन बाद) पाई गई। उपचार एम3 ने बुवाई के 30 दिन बाद (3.31 ग्राम प्रति पौधा) और बुवाई के 60 दिन बाद (13.93 ग्राम प्रति पौधा) पर सबसे अधिक शुष्क प्ररोह भार प्राप्त किया। उपचार (+वीसी) में 2.42 ग्राम प्रति पौधा (बुवाई के 30 दिन बाद) और 10.87 ग्राम प्रति पौधा (बुवाई के 60 दिन बाद) का शुष्क तना भार दर्ज किया गया, जबकि उपचार (–वीसी) में 1.99 ग्राम प्रति पौधा (बुवाई के 30 दिन बाद) और 10.08 ग्राम प्रति पौधा (बुवाई के 60 दिन बाद) दर्ज किया गया। इसी तरह, उपचार एम3 में अधिकतम शुष्क जड़ भार बुवाई के 30 दिन बाद (0.46 ग्राम प्रति पौधा) और बुवाई के 60 दिन बाद (1.46 ग्राम प्रति पौधा) दोनों समय पर देखा गया। उपचार + वीसी में बुवाई के 30 दिन बाद शुष्क जड़ भार 0.36 ग्राम प्रति पौधा और बुवाई के 60 दिन बाद 1.14 ग्राम प्रति पौधा पाया गया, जबकि उपचार –वीसी में बुवाई के 30 और 60 दिन बाद पर क्रमशः 0.30 और 0.88 ग्राम प्रति पौधा दर्ज किया गया।

treatments resulted in plant height of 11.6 cm at 30 DAS and 32.4 cm at 60 DAS, while (-VC) treatments showed the plant height of 10.6 cm (30 DAS) and 30.4 cm (60 DAS). The treatment M3 yielded the highest dry shoot weight at 30 DAS (3.31 g plant^{-1}) and 60 DAS (13.93 g plant^{-1}). Treatments (+VC) recorded dry shoot weight of 2.42 g plant^{-1} (30 DAS) and 10.87 g plant^{-1} (60 DAS), whereas treatments (-VC) had 1.99 g plant^{-1} (30 DAS) and 10.08 g plant^{-1} (60 DAS). Similarly, the maximum dry root weight was observed in M3 treatment both at 30 DAS (0.46 g plant^{-1}) and 60 DAS (1.46 g plant^{-1}). Treatments (+VC) showed dry root weight of 0.36 g plant^{-1} (30 DAS) and 1.14 g plant^{-1} (60 DAS), while treatments (-VC) had 0.30 and 0.88 g plant^{-1} at 30 and 60 DAS, respectively.

उपचार एम3 में मूंग की उच्चतम अनाज उपज (1,360 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) और पुआल उपज (3,288.8 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर) प्राप्त हुई, जबकि नियंत्रण उपचार में उपज क्रमशः 759.6 और 1,971.2 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर दर्ज की गई। उपचार +वीसी के परिणामस्वरूप अनाज की उपज 1,067.2 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर और पुआल उपज 2,535.4 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर प्राप्त हुई, जबकि उपचार –वीसी में अनाज उपज 1,032.5 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर और पुआल उपज 2,493.9 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर दर्ज की गई (चित्र 4.11)।

Mung bean plants treated with M3 achieved the highest grain yield of 1,360 kg ha^{-1} and straw yield of 3,288.8 kg ha^{-1} as compared to the control, which recorded 759.6 and 1,971.2 kg ha^{-1}, respectively. Treatments (+VC) resulted in grain yields of 1,067.2 kg ha^{-1} and straw yields of 2,535.4 kg ha^{-1}, while treatments (-VC) had grain yields of 1,032.5 kg ha^{-1} and straw yields of 2,493.9 kg ha^{-1} (Fig. 4.11).



चित्र 4.11 वर्मीकम्पोस्ट और माइकोराइजल स्ट्रेन से प्रभावित मूंग की पौध वृद्धि (ऊपरी और मध्य) और उपज (निचली) –वीसी/+वीसी; वर्मीकम्पोस्ट के साथ/वर्मीकम्पोस्ट के बिना

Fig. 4.11 Plant growth (upper and middle) and yield (lower) of mung bean affected by vermicompost and mycorrhizal strains -VC/+VC; without vermicompost/with vermicompost.

पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन सुधार
Improvement of Livestock Production and Management

चारा उत्पादन और पशुधन वहन क्षमता का आकलन

वर्षा आधारित स्थिति में चारे के प्रमुख स्रोत खरीफ फसलों के फसल अवशेष जैसे बाजरा, मूंग और ग्वार, साथ ही वार्षिक घास, खरपतवार और पेड़ की पत्तियां पाया गया। सिंचित स्थिति में दोनों गाँवों (जाटू भांडू और डुडाबेरा) में खरीफ फसलों के अवशेष, घास और पेड़ की पत्तियों के अलावा, खेती की जाने वाली चारा बाजरा और रबी फसलें यानी गेहूँ और जौ भी चारे का प्रमुख स्रोत हैं। दो गाँवों की अलग–अलग खेती की स्थिति में चारा उत्पादन और पशुधन वहन क्षमता अलग–अलग थी। वर्षा आधारित स्थिति में चारा उत्पादन 12 से 17 क्विंटल प्रति हेक्टेयर और औसत 15.73 क्विंटल प्रति हेक्टेयर और सिंचित स्थिति में दोनों गाँवों में 28 से 38 क्विंटल प्रति हेक्टेयर और औसत 29.3 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक था। दोनों गाँवों में सिंचित स्थिति में चारे की उपलब्धता वर्षा आधारित स्थिति की तुलना में अधिक थी (तालिका 5.1)। जाटू भांडू गाँव की औसत वहन क्षमता वर्षा आधारित 0.71 एसीयू प्रति हेक्टेयर और सिंचित स्थिति में 1.47 थी। इसी प्रकार, डुडाबेरा गाँव में वर्षा आधारित और सिंचित स्थिति में यह 0.78 और 1.38 एसीयू प्रति हेक्टेयर था। कृषि योग्य फसलों से वर्षा आधारित परिस्थितियों की तुलना में चारे की अधिक उपलब्धता के कारण सिंचित अवस्था में वहन क्षमता अधिक थी। समग्र वहन क्षमता (1.05 एसीयू प्रति हेक्टेयर) चराई दबाव (1.67 एसीयू प्रति हेक्टेयर) की तुलना में कम थी, जिसके परिणामस्वरूप दोनों गाँवों की वर्षा आधारित और सिंचित स्थिति में चारे की कमी पाई गई।

Fodder production and livestock carrying capacity assessment

सामुदायिक संपत्ति संसाधनों के तहत तालाब और चरागाह भूमि से पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएँ: बीकानेर और जैसलमेर जिलों के सभी चयनित गाँवों में वर्ष 2019–2023 के दौरान तालाबों में पानी की उपलब्धता 9.3 महीने थी और प्रत्येक परिवार के औसतन 8.3 पशु तालाबों से प्रतिदिन लगभग 87.1 लीटर पानी पी रहे थे। तालाब से भूजल का अधिक पुर्नभरण होने से आस–पास के खेतों में फसल

Ecosystem services from water pond and pasture land under CPRs: The average pond water availability was 9.3 months during the years 2019-2023 in all the selected villages of Bikaner and Jaisalmer districts. About 8.3 animals of each family were drinking 87.1 L of water every day from the ponds. Due to increase in recharge of

सघनता में 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। प्रत्येक परिवार द्वारा घरेलू उपयोग के लिए प्रतिदिन औसतन 31.5 औसतन 31.5 लीटर पानी का उपयोग किया गया। इसके अतिरिक्त, बीकानेर और जैसलमेर जिलों के गाँवों में 2019–2023 के दौरान, सामुदायिक संपत्ति संसाधनों के तहत चरागाह भूमि से प्रत्येक परिवार द्वारा लगभग 969 कि.ग्रा. जलाऊ लकड़ी तथा 29.0 कि.ग्रा. खाद्य सामग्री जैसे केर, सांगरी, बेर, खुंभी, खिमपोली, फोगला और गोंद एकत्र की गई।

सामुदायिक संपत्ति संसाधनों में पेड़ों, झाड़ियों और घासों का घनत्वः बीकानेर और जैसलमेर जिलों के चयनित गाँवों की सामुदायिक चरागाह भूमि में पेड़ों, झाड़ियों और घासों के घनत्व को क्रमशः 10, 5 और 1 मीटर आकार के चतुर्भुजों की सहायता से मापा गया। खेजड़ी, बबूल, जाल, शीशम और कुमट और गैर–स्वादिष्ट विलायती बबूल सामुदायिक चरागाह भूमि में मौजूद प्रमुख वृक्ष प्रजातियाँ थीं। सामुदायिक चरागाह भूमि में पाई जाने वाली अधिकांश स्वादिष्ट झाड़ियों में फोग, बावली, झर बेरी, केर और लाना तथा गैर–स्वादिष्ट झाड़ियों में बुई, खींप, सोनामुखी और आक शामिल थीं। प्रमुख चारा घासों के रुप मेंगंठिया, भुरट, सेवन, धामण, बेकर, कांटी, लापड़ी, सिलावड़ी, मगरी, काकरोटी और धामसा पाई गई। बीकानेर और जैसलमेर जिलों के सामुदायिक चरागाह भूमि में घासों के शुष्क जैवभार की औसत उत्पादकता 606 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर पाई गई।

मृदा और जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों को अभिग्रहण और उनका प्रसार

बीकानेर जिले के बीकानेर, नोखा और कोलायत तहसीलों के चयनित 9 गाँवों के 180 किसानों में मृदा और जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों के प्रति उनके दृष्टिकोण, प्रसार स्तर, ज्ञान और उनके अभिग्रहण का अध्ययन किया गया।

किसानों द्वारा मृदा जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों के अभिग्रहण का स्तरः बीकानेर तहसील के बीकानेर तहसील के चयनित गाँवों में अधिकांश (63.3 प्रतिशत) किसान मृदा जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों को मध्यम, 30 प्रतिशत कम तथा केवल 6.7 प्रतिशत उच्च स्तर पर अपना रहे थे। जबकि, नोखा तहसील में अधिकांश किसान (56.7 प्रतिशत) कम, 35 प्रतिशत मध्यम तथा केवल 8.3 प्रतिशत किसान उच्च स्तर पर मृदा जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों को मध्यम स्तर पर अपनाया। कोलायत तहसील के चयनित गाँवों में मृदा जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों के अपनाने का स्तर उच्च (30 प्रतिशत) था तथा उसके बाद नोखा तहसील में 8.3 प्रतिशत और बीकानेर तहसील के चयनित गाँवों में यह स्तर 6.7 प्रतिशत पाया गया। इसी प्रकार, एकत्रित आँकड़ों से पता चला कि पश्चिमी राजस्थान में बीकानेर, नोखा तथा कोलायत तहसीलों के चयनित गाँवों में अधिकांश (43.9 प्रतिशत) किसानों द्वारा मृदा जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों को अपनाने का निम्न स्तर था तथा उसके बाद 41.1 प्रतिशत मध्यम तथा 15 प्रतिशत उच्च स्तर पर इन प्रौद्योगिकियों को अपना रहे थे।

groundwater from the ponds, the cropping intensity increased by 26% in nearby farms. On an average, 31.5 L of water was used by each family every day for domestic use. In addition, about 969 kg fuel wood and 29.0 kg food materials such as ker, sangari, ber, khumbhi, khimpoli, phogla and gum were collected by each family in each year from pasture CPRs in the villages of Bikaner and Jaisalmer districts during 2019-2023.

Density of trees, bushes and grasses in pasture CPRs: The density of trees, bushes and grasses in pasture land CPRs were measured with the help of 10, 5, and 1.0 m size quadrats, respectively in selected villages of Bikaner and Jaisalmer districts. Khejri, babul, jaal, shisham and kumat and non-palatable mesquite were the major tree species found in pasture lands of CPRs. The majority of palatable bushes found in pasture lands of CPRs were phog, bavali, jharberi, ker and lana and non-palatable bushes found werebui, khimp, sonamukhi and aak. Predominantly, palatable grasses such asganthia, bhurut, sewan, dhaman, and palatable forbs such as bekar, kanti, lapdi, silavari, magari, and kakaroti were found in pasture lands of CPRs while the non-palatable forb included dhamasa. The average dry biomass productivity of grasses in pasture lands of CPRs of Bikaner and Jaisalmer districts was recorded to be 606 kg ha^{-1}.

Adoption and diffusion of soil and water conservation technologies

The adoption, diffusion level, extent of knowledge and attitude of farmers towards soil and water conservation (SWC) technologies were studied in 9 selected villages (180 farmers) of Bikaner, Nokha and Kolayat tehsils of Bikaner district.

Adoption level of SWC technologies by farmers: Majority (63.3%) of farmers were having moderate adoption level of SWC technologies in selected villages of Bikaner tehsil, followed by 35% in Nokha tehsil and 25% in selected villages of Kolayat tehsil. The extent of high adoption level of SWC technologies in selected villages of Kolayat tehsil was 30% followed by 8.3% in Nokha tehsil and 6.7% in Bikaner tehsil. Similarly, the pooled data revealed that majority (43.9%) of farmers were having low, followed by moderate (41.1%) and high (15%) level of adoption of SWC technologies in selected

किसानों द्वारा मृदा जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों का प्रसार स्तर: बीकानेर और कोलायत तहसील के चयनित गाँवों में अधिकांश (58.3 प्रतिशत) किसानों में मृदा एवं जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों का प्रसार कम था जबकि नोखा तहसील में यह 53.3 प्रतिशत पाया गया। मृदा एवं जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों के उच्च स्तर के प्रसार की सीमा बहुत कम पाई गई जो कोलायत तहसील के चयनित गाँवों में 11.7 प्रतिशत, नोखा तहसील में 3.3 प्रतिशत तथा बीकानेर तहसील के चयनित गाँवों में कोई प्रसार नही पाया गया। इसी प्रकार, एकत्रित आँकड़ों से यह भी पता चला कि पश्चिमी राजस्थान में बीकानेर, नोखा तथा कोलायत तहसीलों के चयनित गाँवों में अधिकांश (56.6 प्रतिशत) किसानों में मृदा जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों का प्रसार कम, मध्यम (38.3 प्रतिशत) और उच्च (5 प्रतिशत) स्तर पर था।

किसानों द्वारा मृदा जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों को अपनाने और प्रसार की सीमा: प्रौद्योगिकी अभिग्रहण सूचकांक से पता चला कि नोखा तहसील के 23 प्रतिशत किसानों द्वारा मृदा एवं जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों को अपनाया गया, इसके बाद कोलायत तहसील में 21.3 प्रतिशत और बीकानेर तहसील में 21.1 प्रतिशत किसानों द्वारा मृदा एवं जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों को अपनाया गया। प्रौद्योगिकी प्रसार सूचकांक से पता चला कि कोलायत तहसील में 16.5 प्रतिशत, नोखा तहसील में 15.9 प्रतिशत और बीकानेर तहसील में 14.7 प्रतिशत मृदा जल संरक्षण प्रौद्योगिकियाँ किसानों के खेतों से प्रसारित हुई।

मृदा एवं जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों के प्रति किसानों का अभिग्रहण व्यवहार: बीकानेर जिले की बीकानेर, नोखा और कोलायत तहसीलों में अधिकांश किसानों ने महत्वपूर्ण मृदा जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों में टांका (92.8 प्रतिशत), कवर क्रॉपिंग (76.1 प्रतिशत), भूमि समतलीकरण (49.4 प्रतिशत) और स्प्रिंकलर (28.9 प्रतिशत) को अपनाया। कोलायत तहसील में स्प्रिंकलर का अधिकतम उपयोग (45 प्रतिशत) जबकि बीकानेर तहसील में इसका न्यूनतम (15 प्रतिशत) दर्ज किया गया।

बीकानेर में किसानों के खेतों पर अपनाई गई कृषि प्रणालियों का आर्थिक मूल्याँकन

चूरू जिले की पाँच तहसीलों (सुजानगढ़, राजगढ़, चूरू, तारानगर और बीदासर) के 33 गाँवों के 203 किसान परिवारों से एकत्रित प्राथमिक आँकड़ों का उपयोग करके कृषि प्रणालियों का विश्लेषण किया गया। गाँवों का चयन संभाव्यता आनुपातिक पद्धति के माध्यम से किया गया। जिले में किसान परिवारों को सिंचाई की उपलब्धता के आधार पर तीन मुख्य समूहों में वर्गीकृत किया गया : वर्षा आधारित (33 प्रतिशत), सिंचित (27.6 प्रतिशत), और वर्षा आधारित और सिंचित दोनों प्रणालियों का संयोजन (39.4 प्रतिशत) वाले परिवार।

कृषि प्रणालियों के घटक और प्रकार: चूरू जिले में, किसानों के खेतों पर छह अलग–अलग कृषि प्रणालियों की पहचान की गई,

villages of Bikaner, Nokha and Kolayat tehsils in western Rajasthan.

Diffusion level of SWC Technologies by Farmers: The majority (58.3%) of farmers were having low level of diffusion of SWC technologies in selected villages of Bikaner and Kolayat tehsil followed by 53.3% in Nokha tehsil. The extent of high level of diffusion of SWC technologies very low with 11.7% in the selected villages of Kolayat tehsil, followed by 3.3%in Nokha tehsil and none in Bikaner tehsil. Similarly, the pooled data also revealed that the majority (56.6%) of farmers were having low, followed by moderate (38.3%) and high (5%) level of diffusion of SWC technologies in selected villages of Bikaner, Nokha and Kolayat tehsils in western Rajasthan.

Extent of adoption and diffusion of SWC technologies by farmers: The technologies adoption index showed that 23% SWC technologies were adopted by the farmers of Nokha tehsil followed by 21.3% in Kolayat tehsil and 21.1% in Bikaner tehsil. While the technologies diffusion index showed that 16.5% SWC technologies were diffused from farmers' fields in Kolayat tehsil followed by 15.9%in Nokha tehsil and 14.7% in Bikaner tehsil.

Adoption behaviour of farmers towards SWC technologies: Majority of farmers adopted tanka (92.8%), cover cropping (76.1%), land leveling (49.4%) and sprinkler (28.9%) as important SWC technology in Bikaner, Nokha and Kolayat tehsils of Bikaner district. The adoption of sprinkler was maximum (45%) in Kolayat tehsil while it was minimum (15%) in Bikaner tehsil.

Economic evaluation of farming systems adopted on farmers' fields in Bikaner

The farming systems were analyzed using primary data collected from 203 farm households across 33 villages of five tehsils (Sujangarh, Rajgarh, Churu, Taranagar, and Bidasar) of Churu district. The villages were selected through probability proportional method. Farm households in the district were categorized into three main groups based on the availability of irrigation: rainfed (33%), irrigated (27.6%), and a combination of both rainfed and irrigated systems (39.4%).

Components and types of farming systems: In Churu district, six distinct farming systems were identified on

जिसमें पाँच प्रमुख घटक यथा फसलें, कृषिवानिकी, पशुधन, चारा, बागवानी (फल और सब्जियाँ) शामिल थे। इनमें से, फसलें + कृषिवानिकी + पशुधन प्रणाली सबसे प्रचलित पाई गई, जो सम्पूर्ण घटकों का 37 प्रतिशत प्रतिनिधित्व कर रही थी। इसी प्रकार फसलें + कृषिवानिकी + पशुधन + बागवानी + चारा का प्रतिनिधित्व 31 प्रतिशत तथा फसलें + कृषिवानिकी + पशुधन + बागवानी कृषि प्रणाली का प्रतिनिधित्व 18 प्रतिशत पाया गया (चित्र 9.4)।

farmers' fields, incorporating five key components: crops (C), agroforestry (AF), livestock (LS), fodder, and horticulture (H) i.e., fruits and vegetables. Among these, the C+AF+LS system was the most prevalent farming system, representing 37% of the total components, followed by the C+ AF + LS + H + fodder system at 31% and the C + AF + LS + H system at 18% (Fig 9.4).



चित्र 9.4 चुरू जिले में प्रचलित कृषि प्रणालियाँ
Fig. 9.4 Existing farming systems in Churu District

कृषि योग्य फसलें, कृषिवानिकी, पशुधन, चारा, बागवानी तीनों प्रकार की प्रचलित कृषि प्रणालियों के मुख्य घटकों के रूप में देखे गये तथा विभिन्न उत्पादन प्रणालियों के बीच उनके सापेक्ष योगदान में सार्थक भिन्नता दर्ज की गयी। विभिन्न घटकों में 95 प्रतिशत योगदान के साथ फसलें, कृषिवानिकी एवं पशुधन प्रमुख घटक थे जबकि चारा और बागवानी में सब्जियाँ और फल क्रमशः 39 प्रतिशत, 46 प्रतिशत और 36 प्रतिशत घरों की कृषि प्रणालियों में देखे गये।

खरीफ के दौरान, वर्षा आधारित कृषि प्रणाली में 91 प्रतिशत घरों की कृषि प्रणालियों में ग्वार तथा उसके बाद बाजरा (88 प्रतिशत) और मूंग (54 प्रतिशत) की खेती देखी गई जबकि रबी में, 63 प्रतिशत परिवारों ने चना उगाया तथा 25 प्रतिशत ने तारामीरा की खेती की। सिंचित कृषि प्रणाली में, कपास मुख्य खरीफ फसल के रुप में देखी गई जिसे 70 प्रतिशत परिवारों ने उगाया तथा उसके बाद ग्वार (68 प्रतिशत) और बाजरा (48 प्रतिशत) अन्य मुख्य खरीफ फसल के रुप में देखी गई। रबी के दौरान, 98 प्रतिशत किसानों ने सरसों की खेती की तथा उसके बाद गेहूँ (95 प्रतिशत) और मेथी (43 प्रतिशत) प्रमुख फसल के रुप में देखी गई। वर्षा आधारित और सिंचित दोनों ही स्थितियों में ग्वार (70 प्रतिशत) और बाजरा (59 प्रतिशत) की खेती प्रमुख खरीफ फसल के रुप में तथा सरसों (94

Crops, agroforestry, livestock, fodder, and horticulture were the major components of the prevailing farming systems and their relative contributions varying significantly among different production systems. Arable crops, agroforestry, and livestock dominated, collectively accounting for 95% of the total. While, fodder, vegetables, and fruits were included in the farming systems of 39%, 46%, and 36% of households, respectively.

During the kharif season, 91% of households in the rainfed farming system cultivated clusterbean, followed by pearl millet (88%) and green gram (54%). In the rabi season, gram was grown by 63% of households, while taramira was cultivated by 25% households. In the irrigated farming system, cotton was the primary kharif crop, grown by 70% of households, followed by clusterbean (68%) and pearl millet (48%). In the rabi season, Indian mustard was cultivated by 98% of farmers, followed by wheat (95%) and fenugreek (43%). Among households practicing both rainfed and irrigated farming

प्रतिशत) और गेहूँ (88 प्रतिशत) की खेती प्रमुख रबी फसल के रुप में देखी गई।

वर्षा आधारित क्षेत्रों में प्रति घर कृषिवानिकी पेड़ों की औसत संख्या 54, सिंचित क्षेत्रों में 43 तथा वर्षा आधारित और सिंचित दोनों स्थिति वाले क्षेत्रों में इनकी संख्या 55 पाई गई। इन पेड़ों का औसत पेड़ घनत्व 51 पेड़ प्रति हेक्टेयर दर्ज किया गया तथा तीनों कृषि प्रणालियों में प्रति घर औसतन 45 पेड़ों के साथ खेजड़ी एक प्रमुख कृषिवानिकी प्रजाति के रूप में पाई गई।

औसतन 12 पशुओं के साथ चूरू जिले में 95 प्रतिशत घरों में पशुधन वर्चस्व देख गया। विभिन्न कृषि प्रणालियों में पशु समूहों का आकार भिन्न–भिन्न दर्ज किया गया यथा सिंचित क्षेत्रों में औसतन 8 पशु जबकि वर्षा आधारित क्षेत्रों में पशु समूहों का आकार 16 पशु तक देखा गया। वर्षा आधारित क्षेत्रों में भेड़ और बकरी पालन अधिक प्रचलित था तथा इन क्षेत्रों में प्रत्येक घर में औसतन 42 भेड़ और 22 बकरियाँ देखी गई जबकि सिंचित क्षेत्रों में इनकी संख्या क्रमशः 20 और 11 दर्ज किया गया। इसी प्रकार वर्षा आधारित क्षेत्रों में गायों एवं भैंसों का पालन प्रमुखता से किया गया तथा इन क्षेत्रों के 56.7 प्रतिशत घरों में गायों एवं भैंसों का पालन देखा गया, जबकि सिंचित क्षेत्रों में इसका प्रतिशत 32.1 दर्ज किया गया। लेकिन फिर भी सिंचित क्षेत्र घरों में भैंसों की संख्या अधिक (81.3 प्रतिशत) पाई गई।

चूरू जिले में, 36 प्रतिशत परिवार फलों की खेती करते हुए पाए गए तथा प्रत्येक परिवार के पास औसतन 2.83 पेड़ देखे गये। फलों वाले वृक्षों में बेर प्रमुखता से उगाया जाने वाला फल वृक्ष पाया गया तथा 33 प्रतिशत परिवारों में इसकी खेती गई उसके बाद, 19.21 प्रतिशत परिवारों में नींबू की खेती देखी गई। इसके अलावा, 4.4 प्रतिशत परिवार व्यावसायिक रुप से अनार की खेती करते हुए पाए गए जबकि 3 प्रतिशत और 2.5 प्रतिशत परिवारों के पास क्रमशः बेर और नींबू के बाग देखे गये। चूरू जिले में 44 प्रतिशत परिवारों में सब्जियों की खेती देखी गई जिसमें से 4.43 प्रतिशत परिवारों ने व्यावसायिक स्तर पर सब्जी की खेती की। अध्ययन से पता चला कि इस क्षेत्र में औसतन 0.21 हेक्टेयर क्षेत्र फल सब्जियों की खेती के लिए आवंटित किया गया जिसमें मटर, खीरा, आलू, मूली, पालक, मिर्च, फूलगोभी, मेथी और ग्वारफली की खेती प्रमुखता से की गई।

भूमि स्वामित्व, विखंडन, फसलें और पशुधन: वर्षा आधारित खेतों के लिए औसत परिचालन भूमिजोत का आकार 7.83 हेक्टेयर, सिंचित खेतों के लिए 6.65 हेक्टेयर तथा सम्मिलित रुप से वर्षा आधारित एवं सिंचित प्रणालियों के तहत औसत परिचालन भूमिजोत का आकार 7.72 हेक्टेयर दर्ज किया गया। औसतन, अधिकांश किसानों के पास भूमि के मात्र दो टुकड़े थे तथा सभी कृषि प्रणालियों में इसकी विखंडन दर 56.25 प्रतिशत से 60.71 प्रतिशत तक दर्ज की गई। जिले में, अधिकांश किसान परिवारों (45.18 प्रतिशत) के पास

systems, clusterbean (70%) and pearl millet (59%) were the dominant kharif crops, while Indian mustard (94%) and wheat (88%) were the main rabi crops.

The average number of agroforestry plants household^{-1} was 54 under rainfed areas, 43 under irrigated areas, and 55 under regions having both rainfed and irrigated farming systems. The average density of agroforestry plant was 51 plants ha^{-1}. Khejri emerged as the dominant agroforestry species, with an average of 45 plants household^{-1} across all the three farming systems.

In Churu district, 95% of households owned livestock, with an average herd size of 12 animals. Different farming systems had different size of herds, including 8 animals in irrigated areas and 16 in rainfed areas. Small ruminants were more prevalent in rainfed systems, with households owning an average of 42 sheep and 22 goats, compared to 20 sheep and 11 goats in irrigated areas. Cattle ownership was higher in rainfed systems, with 56.7% of households owning cattle, compared to 32.1% in irrigated systems. Conversely, buffalo ownership was more common in irrigated areas, wherein 81.3% of households owned buffalos.

In Churu district, 36% of households cultivated fruit crops, with an average of 2.83 trees household^{-1}. Ber was the most commonly grown fruit, cultivated by 33% of the households, followed by lemon at 19.21%. Additionally, 4.4% of households maintained commercial pomegranate orchards, while 3% and 2.5% have orchards of ber and lemon, respectively.

In Churu district, 44% of households grew vegetables, wherein 4.43% were engaged in commercial vegetable farming. The average area allocated to vegetable cultivation was 0.21 ha. Peas, cucurbits, potatoes, radishes, spinach, chili, cauliflower, fenugreek, and clusterbean were the major vegetables grown in the region.

Land holding, fragmentation, crops and livestock: The average operational landholding size was 7.83 ha for rainfed farms, 6.65 ha for irrigated farms, and 7.72 ha for farms combining rainfed and irrigated systems. On an average, households were managing two landholding fragments, with fragmentation rates ranging from 56.25% to 60.71% across all farming systems. In Churu district,

मध्यम आकार की परिचालन भूमि (2 से 4 हेक्टेयर) पाई गई। बड़ी परिचालन भूमि वाले किसानों (>10 हेक्टेयर) की संख्या 18.72 प्रतिशत जबकि छोटे और सीमांत किसानों (<2 हेक्टेयर) की संख्या कुल कृषक समुदाय का केवल 5.5 प्रतिशत पाई गई। अधिकांश किसानों (87 प्रतिशत) के पास औसत परिचालन भूमि के दो या उससे अधिक टुकड़े जबकि 59 प्रतिशत किसानों के पास दो तथा 20.69 प्रतिशत किसानों के पास परिचालन भूमि के तीन टुकड़े पाए गए।

अर्थशास्त्र: कृषि लागत और मूल्य आयोग की मानक कार्यप्रणाली का उपयोग करते हुए चूरु जिले की वर्षा आधारित, सिंचित, और वर्षा आधारित और सिंचित दोनों प्रणालियों के संयोजन वाली स्थितियों में प्रचलित कृषि प्रणालियों का वित्तीय विश्लेषण किया गया। आमतौर पर वर्षा आधारित प्रणालियाँ में सिंचित और आंशिक रूप से सिंचित प्रणालियों की तुलना में सकल राजस्व और शुद्ध राजस्व में कमी देखी गई। वर्षा आधारित कृषि प्रणाली के तहत फसलें + कृषिवानिकी + पशुधन के साथ 8.41 लाख रुपये का सकल राजस्व और 3.48 लाख रुपये का शुद्ध राजस्व प्राप्त हुआ जो कि सिंचित प्रणाली (सकल राजस्वः रुपये 12.84 लाख तथा शुद्ध राजस्वः रुपये 6.52 लाख) की तुलना में काफी कम था। पशुधन, बागवानी और चारा फसलों के एकीकरण से अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई। सिंचित प्रणाली के तहत फसलें + कृषिवानिकी + पशुधन + बागवानी + चारा फसलों के एकीकरण से रुपये 6.73 लाख का शुद्ध राजस्व प्राप्त किया गया जो कि विविधीकरण, संसाधनों के अनुकूलित उपयोग और विविध आय स्रोतों के लाभों को प्रदर्शित करती है।

बाधाएँ: जल की कमी, आदानों की उच्च लागत, कृषि उपज के लिए अपर्याप्त कीमत, भंडारण सुविधाओं की कमी और सामाजिक कारक, प्रचलित कृषि प्रणाली में महत्वपूर्ण बाधाओं के रुप में देखे गए। कृषि श्रम और ऋण की कमी, तकनीकी सलाह या विशेषज्ञता की अपर्याप्त पहुँच, परिवहन सुविधाओं की कमी और गुणवत्ता वाले बीजों का अभाव, प्रचलित कृषि प्रणाली में अन्य प्रमुख चुनौतियों के रुप में दर्ज किए गए।

पारिस्थितिकी तंत्र, कृषि व्यवसाय और संस्थाओं का आकलन

रेत के टीलों के स्थिरीकरण की प्रौद्योगिकी का मूल्याँकन: केंद्रित समूह चर्चा, साहित्य समीक्षा और विज्ञान आधारित मान्यताओं के आँकड़ों का उपयोग करके रेत के टीला स्थिरीकरण से फसल, चारा और लकड़ी उत्पादन पर पड़ने वाले प्रभावों तथा साथ ही कृषि श्रम और नहर की सफाई की लागत को कम करने जैसी सहायक सेवाओं का मूल्याँकन किया गया। बबूल के साथ लगाए गए स्थिर टीलों द्वारा 5 साल की उम्र तक 9 टन प्रति हेक्टेयर जलाऊ लकड़ी का उत्पादन प्राप्त किया गया। जलाऊ लकड़ी का मूल्य 2700 रुपये प्रति टन के बाजार मूल्य के आधार पर 24,300 रुपये प्रति हेक्टेयर

most farmers had medium-sized landholdings (2-4 ha), accounting for 45.18% of households, followed by semi-medium holdings. Large farmers (>10 ha) had 18.72%, while small and marginal farmers (<2 ha) constituted only 5.5% of the total farming community. Majority (87%) of farming households had more than two landholding fragments whereas, 59% households had two fragments and 20.69% households had three fragments of operational landholding.

Economics: The economic analysis of the existing farming systems across all the three conditions were carried out using the standard methodology of the Commission for Agricultural Costs and Prices (CACP). The rainfed systems generally exhibited lower gross revenue (GR) and net revenue (NR) as compared to irrigated and partially irrigated systems. The C + AF + LS system in rainfed conditions showed a GR of 8.41 lakh rupees and an NR of 3.48 lakh rupees, which was significantly lower than the irrigated system having a GR of 12.84 lakh rupees and an NR of 6.52 lakh rupees. More diversified systems, especially those incorporating livestock, horticulture, and fodder crops generated higher net revenues across all the farming systems. The C + AF + LS + H + Fodder system in irrigated conditions yielded the highest NR of 6.73 lakh rupees, demonstrating the benefits of risk diversification, optimized resource use, and multiple income sources.

Constraints: Water scarcity was the most significant constraint in the prevailing farming system followed by the high cost of inputs, limited access to fair output prices and storage facilities and social factors. Shortage of farm labor and credit, lack of technical advice or expertise, inadequate transportation facilities and lack of improved seed varieties were some of the other major challenges faced by the farmers of the region.

Assessment of ecosystems, agribusiness and institutions

Impact assessment of sand dune stabilization technology: The impact of implementing sand dune stabilization (SDS) technology on crop, fodder, and wood production, along with supporting services like reducing labor and canal desilting costs was evaluated using data from focused group discussions (FGDs), literature review, and scientifically grounded assumptions. The

आंका गया। रेत के टीलों के स्थिरीकरण की प्रौद्योगिकी द्वारा चारा उत्पादन में भी सुधार देखा गया, जिसमें 945 रुपये मूल्य के साथ 0.27 टन प्रति हेक्टेयर की वृद्धि दर्ज की गई। यह सुधार विभिन्न घासों जैसे धामन घास और लाना प्रजाति जैसी विभिन्न झाड़ियों की स्थापना के कारण हो सकता है। इसके अतिरिक्त, चराई और जलाऊ लकड़ी संग्रह से संबंधित कार्यों पर प्रतिदिन लगभग 1.3 घंटे की बचत की भी देखी गई। केंद्रित समूह चर्चा से विदित हुआ कि स्थिर टीलों वाले क्षेत्रों में सिंचाई चैनलों की साल में दो बार (खरीफ से पहले और खरीफ के बीच में) सफाई की जाती है, जबकि अस्थिर टीलों वाले क्षेत्रों में यह काम साल में पाँच बार किया जाता है। एक हेक्टेयर सिंचाई के लिए चैनलों की सफाई के लिए चार मानव–दिनों की आवश्यकता के आधार पर, बचत का अनुमान लगभग 4,800 रुपये प्रति हेक्टेयर पाया गया। फसलों की पैदावार में सुधार, टीलों के स्थिरीकरण का एक और प्रत्यक्ष लाभ है। इसके कारण वर्षा आधारित और खरीफ फसलों में अधिक महत्वपूर्ण सुधार दर्ज किया गया तथा बाजरा (9 से 23 प्रतिशत), ग्वार (16 से 39 प्रतिशत), मोठ (20 से 34 प्रतिशत), और अन्य फसलों की उपज में वृद्धि देखी गई। नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, और पोटेशियम की मात्रा भी स्थिर टीलों पर अधिक पाई गई। नाइट्रोजन फॉस्फोरस और पोटेशियम के औसत स्तर में क्रमशः 34.22, 7.40 और 61.22 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर की वृद्धि हुई, जिसका अनुमानित आर्थिक मूल्य 10,071 रुपये पाया गया।

रेत के टीलों के स्थिरीकरण से कार्बन संचयन (मुख्य रूप से कार्बनिक कार्बन की मात्रा) में वृद्धि दर्ज की गई (चित्र 9.5)। रेत के स्थिर टीलों में कार्बन संचयन की मात्रा 5.4 टन प्रति हेक्टेयर पाई गई, जिसमें 4.7 टन कार्बनिक कार्बन और 0.7 टन अकार्बनिक कार्बन शामिल था। कार्बन संचयन की यह मात्रा रेत के अस्थिर टीलों में कार्बन संचयन की मात्रा से काफी अधिक थी। विभिन्न स्थानों पर रेत के स्थिर टीलों में पादप जैवभार की मात्रा 6.54 टन प्रति हेक्टेयर दर्ज की गई जो कि रेत के अस्थिर टीलों में पादप जैवभार (0.35 टन प्रति हेक्टेयर) की तुलना में सार्थक रुप से अधिक थी। इस से यह पता चलता है कि रेत के अस्थिर टीलों की तुलना में रेत के स्थिर टीलों में लगभग 19 गुना अधिक कार्बन संचयन हुआ। रेत के स्थिर टीलों में 60.7 टन कार्बन प्रति हेक्टेयर का संचयन पाया गया जबकि रेत के अस्थिर टीलों में इसकी मात्रा 49 टन कार्बन प्रति हेक्टेयर दर्ज की गई। औसतन सभी स्थानों पर रेत के स्थिर टीलों में 11.7 टन प्रति हेक्टेयर अधिक कार्बन पाया गया जो कि रेत के अस्थिर टीलों की तुलना में लगभग 24 प्रतिशत अधिक कार्बनसंचयन को दर्शाता है।

सामुदायिक संपत्ति संसाधनों का नियमन और प्रबंधनः झुंझुनू जिले के मंडावा, चिड़ावा और झुंझुनू तहसील के भारू, भोमपुरा और खगन का बास गाँव में केंद्रित समूह चर्चा द्वारा सामुदायिक संपत्ति संसाधनों के नियमन और प्रबंधन पर एक अध्ययन किया गया। भारू गाँव में

stabilized dunes planted with *Acacia tortilis* produced 9 t ha^{-1} of fuelwood by the age of 5 years. The value of fuelwood was estimated at Rs. 24,300 ha^{-1}, based on a market price of Rs. 2700 t^{-1}. SDS technology also contributed to improve fodder production, with an increase of 0.27 t ha^{-1} costing of Rs. 945.This was due to the establishment of diverse grass and shrub species such as *Cenchrus cillaris* and *Haloxylon* sp. Additionally, households reported saving of approximately 1.3 h day^{-1} on tasks related to grazing and fuelwood collection. According to FGDs, in areas with stabilized sand dunes, irrigation channels were desilted twice a year (before and mid-kharif season), compared to five times a year in areas with unstabilized dunes. The savings were estimated to be Rs. 4,800 ha^{-1}, based on the need for four man-days to desilt channels for one ha of irrigation. Crop yield improvement was another direct benefit of dune stabilization. Yield enhancements were observed in several crops including pearl millet (9-23%), clusterbean (16-39%), and moth bean (20-34%) with the significant improvements in the yield of kharif crops under rainfed conditions. Soil chemical properties, particularly nitrogen (N), phosphorus (P), and potassium (K), also improved on stabilized sand dunes. On an average, N, P, and K levels increased by 34.22, 7.40, and 61.22 kg ha^{-1}, respectively, with an estimated economic value of Rs. 10,071.

The sand dune stabilization also improved the carbon accumulation, primarily in organic carbon stock (Fig. 9.5). The stabilized sand dune had 5.4 Mg ha^{-1} of carbon stock, comprising 4.7 Mg of organic carbon and 0.7 Mg of inorganic carbon, which was significantly higher than the carbon stock in unstabilized sand dunes. The total averaged carbon accumulated in plant biomass across the locations on stabilized sand dunes was 6.54 Mg ha^{-1}, which was significantly higher than the plant biomass (0.35 Mg ha^{-1}) of unstabilized sand dunes indicating that the stabilized sand dunes had approximately 19 times greater carbon accumulation as compared to unstabilized sand dunes. The stabilized sand dunes had accumulated 60.7 Mg carbon ha^{-1}, while the unstabilized sand dune had accumulated 49 Mg carbon ha^{-1}. On an average across the locations, the stabilized sand dunes had accumulated 11.7 Mg ha^{-1} more carbon, representing approximately a 24% greater carbon accumulation compared to unstabilized sand dunes.



चित्र 9.5 स्थिर और अस्थिर रेत के टीलों का कुल कार्बन संचयन
Fig. 9.5 Total carbon accumulation under stabilized and unstabilized sand dunes

11.98 प्रतिशत सामुदायिक संपत्ति संसाधन क्षेत्र पाया गया जिसमें प्रति 10 हेक्टेयर में 232 लोग रहते हुए पाए गए, भोमपुरा गाँव में 3.76 प्रतिशत सामुदायिक संपत्ति संसाधन क्षेत्र में 1169 लोग तथा खगन का बास गाँव में 7.21 प्रतिशत सामुदायिक संपत्ति संसाधन क्षेत्र में प्रति 10 हेक्टेयर में 221 लोग रहते हुए पाए गए। सामुदायिक संपत्ति संसाधनों द्वारा वर्ष के विभिन्न मौसमों में गैर–दूधारु पशुओं के लिए चारे की कुल आवश्यकता का औसतन 14 से 38 प्रतिशत जबकि दूधारु पशुओं के लिए चारे की कुल आवश्यकता का 8 से 16 प्रतिशत प्राप्त किया गया (चित्र 9.6)। पिछले तीस वर्षों की अवधि में सामुदायिक संपत्ति संसाधनों पर निर्भर परिवारों के अनुपात में काफी गिरावट दर्ज की गई। इसी प्रकार सामुदायिक संपत्ति संसाधनों की विभिन्न गतिविधियों में लिप्त परिवारों के अनुपात में भी काफी कमी देखी गई।

Governance and management of common property resources: A study was conducted on the governance and management of common property resources in Bharoo, Bhompura and Khagan Ka Bas in Mandawa, Chirawa and Jhunjhunu Tehsil of Jhunjhunu district through FGDs. Bharoo had 11.98% area under CPR with 232 people per 10 hectares, Bhompura had 3.76% area with 1169 people, and Khagan Ka Bas had 7.21% area under CPR with 221 people per 10 hectares. On average, CPRs provided 14% to 38% of total fodder requirement for non-milking livestock and 8% to 16% of total fodder requirement for milking livestock across different seasons of the year (Fig. 9.6). A substantial decline in the proportion of



चित्र 9.6 चारे की आवश्यकता में सामुदायिक संपत्ति संसाधन का योगदान (%)
Fig. 9.6 Contribution (%) of CPRs in fodder requirement

अध्ययन किए गए क्षेत्रों में चरागाह और बंजर भूमि की उत्पादकता 1160 कि ग्रा प्रति हेक्टेयर पाई गई। चारा (61 प्रतिशत) और जलाऊ लकड़ी (32 प्रतिशत) सामुदायिक संपत्ति संसाधन के प्रमुख आर्थिक उत्पाद के रुप में पाए गए तथा इसके बाद भोजन (4 प्रतिशत) और छप्पर सामग्री (3 प्रतिशत) प्रमुख आर्थिक उत्पाद के रुप में देखे गए। आर्थिक मूल्याँकन के संदर्भ में, भोजन सामग्री का हिस्सा सबसे अधिक (72.6 प्रतिशत) तथा इसके बाद जलाऊ लकड़ी, चारा और छप्पर/बाड़ सामग्री का हिस्सा अधिक पाया गया। अत्यधिक जनसंख्या दबाव, सामुदायिक संपत्ति संसाधनों के क्षेत्र में कमी एवं अत्यधिक चारण दबाव के कारण सामुदायिक संपत्ति संसाधनों की गुणवत्ता में बहुत तेजी से गिरावट देखी गयी। सामुदायिक संपत्ति संसाधनों के प्रबन्धन में स्थानीय लोगों की अनिच्छा, सामुदायिक संपत्ति संसाधन क्षेत्र में विलायती बबूल का तेजी से प्रसार तथा पारंपरिक प्रबंधन प्रणाली का उन्मूलन, सामुदायिक संपत्ति संसाधनों की गुणवत्ता में गिरावट के अन्य प्रमुख कारण हैं।

स्वदेशी पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और संभावित हस्तक्षेपों की पहचान

कृषि पद्धतियों, मृदा संरक्षण विधियों, जलवायु और समय संकेतकों, जल वितरण प्रणालियों और कटाई के बाद प्रसंस्करण तकनीकों के लिए स्वदेशी पारंपरिक ज्ञान (आईटीके) के दस्तावेजीकरण हेतु कारगिल ब्लॉक में सांकू, स्तात्केत्सखर, सत्यांगकुंग, चिकटन और आर्यन घाटी के गरखोन में अन्वेषण किया गया (चित्र 9.7)। दस औषधीय पौधों की प्रजातियों की पहचान की गई जिनका पारंपरिक सोवारिग्पा या आमची प्रणाली में उपयोग

households was observed over a thirty-year period. Similarly, the proportion of the households engaged in CPR activities also decreased up to 95%.

The productivity of the pastures and wastelands under the study areas was 1160 kg ha^{-1}. Fodder (61%) was the major economic product of CPRs followed by fuel wood (32%), food (4%), and thatching material (3%). In terms of economic valuation, food had the highest share (72.6%), followed by fuel wood, fodder and thatching/fencing material. The quality of CPRs is degrading with rapid pace due to excessive population pressure, reduction under the area of CPRs and excessive grazing pressure. Unwillingness of community in the management of CPRs, antagonistic effect of rapidly spreading *Prosopis juliflora* etc. are also leading to decline in the area under CPRs.

Documentation of indigenous traditional knowledge and identification of possible interventions

An exploration was carried out for documentation of indigenous technology knowledges (ITKs) for agricultural practices, soil conservation methods, climate and time indicators, water distribution systems, and post-harvest processing techniques in Sankoo, Statketskhar, Styangkung, Chiktan in Kargil block, and Garkhon in Aryan Valley in Leh (Fig. 9.7). Ten medicinal plant species were identified which are used in the traditional

चित्र 9.7 स्वदेशी पारंपरिक ज्ञान के लिए स्थानीय लोगों से संवाद
Fig. 9.7 Interaction with local people for indigenous traditional knowledge

किया जाता है। पारंपरिक औजारों और उपकरणों का दस्तावेजीकरण किया गया, जैसे कि स्काईपा, जोबकरी की खाल से बना दूध मथने का उपकरण है तथा आधुनिक मथनों की तुलना में मक्खन की कम हानि को दर्शाता है। लद्दाखी सल्फर (मोजी) का उपयोग सूखे खुबानी के आकर्षण और बाजारी मूल्य को बढ़ाने के लिए किया जाता था, साथ ही यह उसकी गुणवत्ता को भी बनाए रखता था। एक और महत्वपूर्ण पारंपरिक ज्ञान "अपाची–बारी" जो ऐतिहासिक रूप से एक महत्वपूर्ण सिंचाई अनुसूचन प्रणाली थी, को भी दर्ज किया गया। हालांकि जमीनों के स्वामित्व के बदलते स्वरूप के कारण अब यह उपयुक्त नहीं मानी जाती।

Sowa rigpa or Amchi system. Documented traditional tools and devices, such as the Skyapa, a goat-skin container used for churning milk, demonstrated reduced butter loss compared to modern churners. Ladakhi Sulpher (Mozi) was used to improve the visual appeal and marketability of dried apricots, while maintaining residual quality. Another notable ITK recorded was the Apachi-bari, the irrigation scheduling system, though historically significant, but is no longer suitable due to changes in landholding patterns.

प्रौद्योगिकी आकलन, सुधार एवं हस्तान्तरण
Technology Assessment, Refinement and Transfer

लघु कृषकों की आय बढ़ाने के लिए सतत् आजीविका हस्तक्षेप

किसान फार्म, नवाचार, संसाधन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी (फार्मर फर्स्ट) परियोजना के तहत् जोधपुर के विभिन्न गाँवों में 70 हेक्टेयर क्षेत्रफल में किसान खेतों में कुल 175 प्रदर्शन आयोजित किए गए, जिससे उपज और लाभप्रदता के लिए किसान प्रथाओं के साथ उन्नत फसल किस्मों का मूल्याँकन किया जा सके (तालिका 10.1)। रबी के मौसम में, गेहूँ (जीडब्ल्यू–11), जीरा (जीसी–4), सरसों (एनआरसीएचबी–101) और मेथी (एएफजी–3) की उन्नत किस्मों द्वारा किसानों के अभ्यास की तुलना में क्रमशः 28.4, 25.4, 28.5, और 31.8 प्रतिशत की उच्चतम उपज वृद्धि दर्ज की गई। बेहतर प्रथाओं के कारण मेथी में 59,180 रुपये प्रति हेक्टेयर से लेकर जीरा में 82,210 रुपये प्रति हेक्टेयर तक का शुद्ध लाभ अर्जित हुआ, और साथ ही 17,282 से 19,182 रुपये प्रति हेक्टेयर तक का अतिरिक्त लाभ भी प्राप्त हुआ। खरीफ के मौसम में, मूंग (आईपीएम–205–7) और मोठ (सीएजेडआरआई मोठ–5) द्वारा क्रमशः 22.6 प्रतिशत और 32.3 प्रतिशत उपज वृद्धि दर्ज की गई, जबकि बाजरा (एचएचबी–67) और ग्वार (आरजीसी–936) द्वारा

Sustainable livelihood interventions for augmenting small landholders' income

A total of 175 demonstrations covering 70 ha area at farmer's field were conducted in different villages of Jodhpur under Farmer FIRST project to evaluate improved crop varieties with farmer practices for yield and profitability (Table 10.1). In rabi season, improved varieties of wheat (GW-11), cumin (GC-4), mustard (NRCHB-101) and fenugreek (AFG-3) demonstrated 28.4%, 25.4%, 28.5% and 31.8%, respectively yield enhancement compared with farmers' practice. Improved practices led to higher net returns, ranging from Rs. 59,180 ha^{-1} in fenugreek to Rs. 82,210 ha^{-1} in cumin, with additional returns of Rs. 17,282-19,182 ha^{-1}. In kharif season, mung bean (IPM-205-7) and moth bean (CAZRI Moth-5) showed 22.6% and 32.3% yield increase, respectively, while pearl millet (HHB-67) and clusterbean (RGC-936) recorded 21.5% and 15.4% improvements

तालिका 10.1 उन्नत फसल किस्मों का प्रदर्शन, उपज एवं आर्थिक लाभों का तुलनात्मक विश्लेषण
Table 10.1 Performance of improved crop varieties under demonstration with comparative analysis of yield and economic returns

Crop	Improved variety	No. of demonstration	Area (ha)	Seed yield (kg ha^{-1})			Net return (Rs. ha^{-1})		Additional returns (Rs. ha^{-1})
				IP	FP	% increase	IP	FP	
Rabi 2023-24									
Wheat	GW-11	30	12	3245	2528	28.4	71189	53907	17282
Cumin	GC-4	15	06	514	410	25.4	82210	63250	18960
Mustard	NRCHB-101	20	08	2379	1852	28.5	75472	56290	19182
Fenugreek	AFG-3	10	04	1628	1235	31.8	59180	41131	18049
Total		75	30	-	-	-	-	-	-
Kharif 2024									
Mung bean	IPM-205-7	30	12	764	623	22.6	35110	27636	7474
Pearl millet	HHB-67	40	16	1450	1193	21.5	17964	13406	4558
Clusterbean	RGC-936	20	08	885	767	15.4	25505	21271	4234
Moth bean	CAZRI Moth-5	10	04	578	437	32.3	13626	10630	2996
Total		100	40	-	-	-	-	-	-

IP- Improved practice, FP- Farmer practice

उपज में स्थानीय किस्मों की तुलना में 21.5 प्रतिशत और 15.4 प्रतिशत सुधार दर्ज किया गया। आर्थिक विश्लेषण द्वारा 13,626 से 35,110 रुपये प्रति हेक्टेयर का शुद्ध लाभ अर्जित किया जा सका, जिसने शुष्क कृषि–जलवायु परिस्थितियों में उपज और लाभप्रदता बढ़ाने में उन्नत किस्मों की प्रभावकारिता को दर्शाया।

over the local varieties. Economic analysis revealed net returns of Rs. 13,626 to 35,110 ha^{-1}, demonstrating the efficacy of improved varieties in enhancing yield and profitability under arid agro-climatic conditions.

प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप द्वारा पशुधन उत्पादन में सुधार

पशुधन उत्पादन पर ज्ञान और प्रचलन का आकलन करने के लिए, जोधपुर के चार गाँवों यथा बांकलिया, बालरवा, बीसलपुर और दांतीवाड़ा, में से प्रत्येक के पचास घरों को चुना गया। कमियों को दूर करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया और ज्ञान, उसे अपनाने और आय में परिवर्तन को दर्ज किया गया। प्रशिक्षण प्रदान करने के बाद ज्ञान प्राप्ति की औसत दर में वृद्धि देखी गई। निम्न मानक विचलन मूल्यों ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रशिक्षुओं के बीच ज्ञान के स्तर में कम भिन्नता का संकेत दिया (तालिका 10.2)।

Technology interventions for improving livestock production

To assess the knowledge and practices on livestock production, fifty households were chosen each from four villages of Jodhpur viz., Bankliya, Balarwa, Bisalpur, and Dantiwada. Trainings were offered to address gaps, and changes in knowledge, adoption, and income were recorded. An increase in the mean value of knowledge gain was observed after imparting training. Lower standard deviation values indicated less variation in knowledge gain levels among the trainees after receiving the training (Table 10.2).

तालिका 10.2 प्रशिक्षण से पहले और बाद में उत्तरदाताओं के ज्ञान स्तर में परिवर्तन
Table 10.2 Pre- and post-training change in knowledge level of respondents

Items	Before	After
	Mean±SD	Mean±SD
Artificial insemination for breed improvement	3.01±1.23	4.60±0.57
Importance of providing feed supplements	2.99±1.60	4.30±0.88
Need for deworming of livestock	2.98±1.12	4.32±0.61
Importance of vaccination	2.46±1.40	4.33±0.65
Importance of timely colostrum feeding to new born	1.36±1.23	3.87±0.82
Importance of weaning	1.32±1.26	3.88±0.89
Need for keeping different categories of animals separately	1.05±0.93	4.31±0.94
Knowledge on right way of milking	0.92±0.90	4.30±0.73
Importance of closed covered animal shed	0.13±0.34	0.14±0.36

जब अनुसंधान का डिजाइन पहले और बाद की स्थिति में अंतर को दर्शाता है तथा आँकड़े की संख्या भी कम हो तब मैकनेमर परीक्षण का उपयोग किया जाता है, जिसमे "नहीं–नही" का अर्थ है प्रशिक्षण से पहले और बाद में नहीं अपनाना; "हाँ–हाँ" का अर्थ है कि प्रथा पहले से ही लागू थी; "हां–नहीं" दर्शाता है कि प्रथा बंद कर दी गई है; "नहीं–हाँ" प्रशिक्षण के कारण प्रथा को अपनाने का संकेत देता है (तालिका 10.3)। विलकॉक्सन हस्ताक्षरित रैंक परीक्षण का उपयोग कर आय में हुए परिवर्तन को मापा गया; जिसके अंतर्गत, आय में औसत अंतर 6000 और 1800 रुपये पाया गया (तालिका 10.4)।

When the research design looks at a situation before and after and the data is nominal, the McNemar test is used, where 'No-No' means non-adoption before and after training; 'Yes-Yes' means the practice was already in place; 'Yes-No' shows a practice was stopped; 'No-Yes' indicates a new adoption due to training (Table 10.3). Income change was measured using Wilcoxon signed rank test and the mean difference was observed to be Rs. 6000 and 1800 (Table 10.4).

तालिका 10.3 उत्तरदाताओं द्वारा प्रशिक्षण पूर्व और प्रशिक्षण के बाद वैज्ञानिक प्रथाओं को अपनाने की दर को मापने के लिए मैकनेमर परीक्षण
Table 10.3 McNemar test to measure the rate of pre- and post training adoption of scientific practices by the respondents (P=<0.05)

Scientific practice	No-No	Yes-Yes	Yes-No	No-Yes
Artificial insemination	52	136	1	11
Provide feed supplements	18	111	1	70
Deworming	67	35	-	98
Vaccination for common diseases	113	62	-	25
Colostrum feeding	68	33	-	99
Weaning of calves	49	59	-	92
Keeping different groups of animals separately	148	22	-	30
Right milking practice	38	53	-	109
Availability of fodder	12	44	-	34
Closed covered animal housing	174	26	0	0
Pedigreed bull	171	29	0	0

तालिका 10.4 पहले और बाद की घरेलू आय में बदलाव को मापने के लिए विलकॉक्सन हस्ताक्षर रैंक परीक्षण
Table 10.4 Wilcoxon signed rank test to measure change in pre- and post household income

Parameters	Median	Mean difference	
Average annual gross income from livestock (₹)			p<.001
Before intervention	35500	6000	
After intervention	43000		
Average annual net income from livestock (₹)			
Before intervention	10650	1800	
After intervention	12900		

सामाजिक–मनोवैज्ञानिक लक्षणों को समझने के लिए, जोधपुर के दस सफल पशुधन मालिकों का चयन किया गया (चित्र 10.1)। उनकी आयु 35 से 65 वर्ष के मध्य थी और उनकी शिक्षा कार्यात्मक रूप से साक्षर से लेकर 9वीं कक्षा तक थी। उद्यमी स्व–मूल्याँकन स्केल का उपयोग कर पशुपालन के लिए किये गए मूल्याँकन, बेहतर पाए गए।

जोधपुर और बीकानेर जिलों में पशुधन के लिए आहार प्रबंधन प्रणाली

यह अध्ययन जोधपुर जिले के बिलाड़ा ब्लॉक के गाँव खारिया, मीठापुर और भावी, बीकानेर जिले के कोलायत ब्लॉक के गाँव नाइयो की बस्ती और इंदो का बाला एवं नोखा ब्लॉक के गाँव चित्ताना और सारुंडा से चुने गए 172 घरों से एकत्र किए गए प्राथमिक आँकड़ों पर आधारित है। बिलाड़ा ब्लॉक में भैंस पालने वाले

Ten successful livestock owners from Jodhpur were studied to understand their socio-psychological traits (Fig. 10.1). They were aged between 35 to 65 years and had education levels from functionally literate to 9th standard. They had good animal husbandry practices and were assessed using the 'Entrepreneurial Self-Assessment Scale'.

Feeding management system for livestock in Jodhpur and Bikaner districts

The study is based on primary data collected from 172 households, selected from villages Khariya Meethapur and Bhavi, in Bilara block of Jodhpur district; villages Naiyo ki basti and Indo ka bala in Kolayat block and villages Chittana and Sarunda, of Nokha block of Bikaner district. It was found that households rearing



चित्र 10.1 पशुधन उद्यमियों का सामाजिक–मनोवैज्ञानिक लक्षण
Fig. 10.1 Socio-psychological traits of livestock entrepreneurs

परिवार (97 प्रतिशत) सबसे अधिक हैं, जबकि कोलायत ब्लॉक (96 प्रतिशत) में मवेशी पालन सबसे अधिक पाया गया। लूनी ब्लॉक में भेड़ पालन सबसे अधिक (57 प्रतिशत) है तथा नोखा ब्लॉक में बकरी पालन (94 प्रतिशत) सबसे अधिक दर्ज किया गया।

अधिकांश परिवार अपने पशुधन चारे की आवश्यकता को पूरा करने के लिए चरागाह भूमि और स्टाल फीडिंग (61 प्रतिशत) के संयोजन पर निर्भर देखे गए। 23 प्रतिशत परिवारों द्वारा पूर्ण स्टॉल फीडिंग का पालन किया गया और केवल 15 प्रतिशत परिवार पूरी तरह से चरागाह भूमि पर निर्भर पाए गए। यह चरागाह की उपलब्धता में सीमाओं, गुणवत्ता और चरागाह उपलब्धता में मौसमी परिवर्तनशीलता को इंगित करता है। पशुधन चारे की भारी कमी के समय 23 प्रतिशत पशुपालक ने पशुओं के झुंड का आकार कम कर दिया, जबकि 77 प्रतिशत परिवार ने दूर–दराज के स्थानों या नजदीकी राज्यों से चारा खरीदा। जोधपुर से अधिकांश परिवारों (48 प्रतिशत) ने 3 से 4 क्विंटल चारा खरीदा, जबकि बीकानेर से अधिकांश (58 प्रतिशत) परिवारों ने इस अवधि के दौरान केवल 1 से 2 क्विंटल चारा खरीदा (तालिका 10.5)। यह इन क्षेत्रों में कृषि पद्धतियों, पशुधन प्रबंधन या चारे की उपलब्धता और क्रय व्यवहार को प्रभावित करने वाली आर्थिक स्थितियों में अंतर को दर्शाता है।

बायोटेक-कृषि नवाचार विज्ञान अनुप्रयोग संघ (बायोटेक-किसान) की स्थापना

राजस्थान के पश्चिमी शुष्क क्षेत्र के आकांक्षी जिलों सिरोही और जैसलमेर में कृषि नवाचार हेतु किसानों को समर्थ बनाने के लिए वैज्ञानिक–किसान साझेदारी योजना, बायोटेक–कृषि नवाचार

buffaloes are most prevalent in the Bilara block (97%), while cattle rearing were highest in the Kolayat block (96%). Sheep rearing was most common in the Luni block (57%), and goat (94%) rearing was highest in the Nokha block.

Majority of the households were dependent on combination of pasture land and stall feeding (61%) for fulfilling livestock feed requirement. Complete stall feeding was followed by 23% households and only 15% households were completely depend on pasture land. This indicated limitations in availability of pasture, quality and/or seasonal variability in fodder. At times of severe scarcity of livestock feed 23% of livestock keepers reduced the herd size of animal; 77% households purchased fodder from distant places or nearby states. From Jodhpur, majority of the households (48%) purchased 3-4 quintals of fodder, while from Bikaner, majority (58%) purchased only 1-2 quintals of fodder during the reporting period (Table 10.5). This reflected differences in agricultural practices, livestock management or economic conditions affecting fodder availability and purchasing behaviour in these regions.

Establishment of Biotech-Krishi Innovation Science Application Network (Biotech KISAN)

Biotech-Krishi Innovation Science Application Network (Biotech-KISAN), a scientist-farmer partnership scheme has been established in the Western

तालिका 10.5 स्टॉल फीडिंग के लिए 2023–24 में खरीदे गए सूखे चारा की मात्रा
Table 10.5 Dry fodder purchased in 2023-24 for stall feeding

Average no. of large ruminants	Dry fodder weight	Jodhpur		Bikaner	
	kg	F	HHs %	F	HHs %
1-3	1001-2000	2	4.17	48	58.54
4-6	2001-3000	8	16.67	26	31.71
7-9	3001-4000	23	47.92	2	2.44
>9	>4000	15	31.25	6	7.32
		48	100.00	82	100.00

Cost of sorghum- Rs.10-12 kg^{-1}; pearl millet-, clusterbean-, mung bean- and wheat- Rs. 6-8 kg^{-1}; groundnut- Rs. 7-8 kg^{-1}

विज्ञान अनुप्रयोग संघ (बायोटेक–किसान) की स्थापना की गई। सिरोही जिले के रुखारदा और उपलांतकिया गाँव में सब्जियों और फलों के पौधों की गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री तैयार करने के लिए कम लागत वाली तीन नर्सरियाँ स्थापित की गई और पपीता, टमाटर, बैंगन, भिंडी और सहजन में उत्तम कृषि पद्धतियों को अपनाने के आधार पर 29 किसानों (महिला किसानों सहित) को फेलोशिप के लिए चुना गया। गुणवत्तापूर्ण उत्पादन में उत्तम कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए सिरोही जिले के चार गाँवों के 60 किसानों के खेतों पर पपीता + भिंडी, सहजन + टमाटर, पपीता + बैंगन और अनार आधारित खेती के प्रदर्शनों का आयोजन किया गया।

Model nutri-village with millets

अंजीर-आधारित मिलेट्स कुकीज: संस्थान में उगाई गई 'डायना' नामक अंजीर किस्म का उपयोग करके मिलेट्स कुकीज तैयार की गई। ताजे अंजीर फलों को 60 डिग्री सेल्सियस पर 72 घंटे तक सुखाया गया, उसके बाद पीसकर इसका पेस्ट तैयार किया और इसे (5 प्रतिशत) बाजरा के आटे में मिलाया ताकि बनावट और स्वाद में सुधार हो सके। इसके अलावा, अंजीर के सूखे टुकड़ों का सजावट हेतु भी उपयोग किया गया। वसा और चीनी को फेंटना, सूखी सामग्री मिलाना, गूंथना, बेलना, आकार देना और 180 डिग्री सेल्सियस पर 25 मिनट तक पकाना आदि मानक तैयारी की प्रक्रिया में शामिल थे। अंजीर की प्राकृतिक मिठास ने कुकीज के स्वाद को बढ़ाया, जिससे एक मुलायम, चबाने योग्य और पौष्टिक कुकीज तैयार की जा सकी। इसके अतिरिक्त, कुकीज की गुणवत्ता और रंग को सुरक्षित रखने के लिए अंजीर के स्लाइस को 18 से 24 घंटे तक फ्रीज–ड्राई (–40 डिग्री सेल्सियस, 0.05 से 0.10 मि.ली. बार) किया गया जिससे नमी 78 से 82 प्रतिशत तक घटकर 3 से 5 प्रतिशत तक हो गई तथा वजन भी 85 से 90 प्रतिशत तक कम हुआ (चित्र 10.2)।

dry region aspirational districts of Sirohi and Jaisalmer of Rajasthan to empower farmers for agriculture innovation. Three low cost nurseries have been established for raising quality planting materials of vegetables and fruit plants at Rukharda and Uplantankiya village of Sirohi district and 29 farmers (Including women farmers) were selected for fellowship on basis of adoption of good agricultural practices (GAP) in papaya, tomato, brinjal, lady finger and drumstick. Demonstrations of papaya + okra, drumstick + tomato, papaya + brinjal and pomegranate based farming were conducted at the fields of 60 farmers of four villages of Sirohi district for promotion of GAP in quality production.

Model nutri-village with millets

Preparation of fig-based millets cookies: Efforts were made to develop fig-based millets cookies using the fig variety 'Diana' grown at the institute. Fresh fruits of fig were dried at 60°C for 72 hours, grounded into a paste, and incorporated (5%) into pearl millet cookie dough to enhance texture and flavor. Dried fig pieces were also used for decoration. Standard preparation included creaming fat and sugar, adding dry ingredients, kneading, rolling, shaping, and baking at 180°C for 25 minutes. The natural sweetness of figs complemented the cookies' flavor, resulting in a soft, chewy, and nutritious snack. Additionally, a freeze-drying trial of fig slices (-40°C, 0.05-0.10 mbar, 18-24 h) reduced moisture from 78-82% to 3-5%, achieving 85-90% weight reduction while preserving quality, color (Fig. 10.2).



चित्र 10.2 अंजीर आधारित कुकीज का निर्माण
Fig. 10.2 Preparation of fig based cookies

कौशल विकास कार्यक्रम: संस्थान के कृषि व्यवसाय अभिपोषण केन्द्र के द्वारा 21 से 23 मार्च तक तीन दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों को श्रीअन्न के मूल्य संवर्धित उत्पादों के उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। गाँव उदलियावास में आरएचबी–233 बायोफोर्टिफाइड बाजरा संकर के 50 प्रदर्शन किए गए। इसके अलावा, 14 नवंबर को काजरी तथा स्वयं सहायता समूह के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके तहत उदलियावास, बिलाड़ा, जोधपुर में श्रीअन्न के मूल्य संवर्धित प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के लिए विभिन्न उपकरणों जैसे आटा चक्की, आटा गूंथने की मशीन, रोलिंग–कटिंग मशीन, बेकरी ओवन और वैक्यूम पैकिंग मशीन के हस्तांतरण की व्यवस्था की गई।

Skill development program: Three days skill development program was conducted from March 21-23 at ABIC of the institute. The members of the SHG's were trained for production of value-added products of millets. Fifty demonstrations of RHB-233 biofortified pearl millet hybrids were given in village Udaliyawas. A MoU was signed on November 14 between CAZRI and SHG for transfer of the equipment (viz., Aatta chakki, dough needer, rolling cutting machine, bakery oven and vacuum packing machine) for establishing the value-added processing unit of millets in village Udaliyawas, Bilara, Jodhpur.

प्रसार गतिविधियाँ
Outreach Activities

अनुसूचित जाति उप-योजना (एससीएसपी) के अंतर्गत गतिविधियाँ

भाकृअनुप–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर तथा इसके राजस्थान के बीकानेर, पाली, जैसलमेर तथा गुजरात के भुज में स्थित चार क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, भारत के शुष्क क्षेत्रों में अनुसूचित जाति के कृषक परिवारों के विकास के लिए भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा केन्द्र–प्रायोजित अनुसूचित जाति उप–योजना (एससीएसपी) का क्रियान्वयन कर रहे हैं। संस्थान में एससीएसपी योजना का मुख्य लक्ष्य उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन करना रहा है। योजना के अर्न्तगत प्रदर्शित प्रौद्योगिकियों में कृषि योग्य फसलें, बागवानी फसलें, पशुपालन, मृदा पोषण तथा लक्षित अनुसूचित जाति के कृषक परिवारों का क्षमता निर्माण शामिल रहा। एससीएसपी योजना में कुल 4,155 अनुसूचित जाति के कृषक परिवारों को कृषि योग्य फसलों के लिए गुणवत्तायुक्त बीज, बागवानी फसलों की उन्नत रोपण सामग्री तथा कृषिवानिकी प्रजातियाँ वितरित की गईं (तालिका 1)। सभी परियोजना स्थलों पर खरीफ तथा रबी दोनों मौसमों में फसल प्रदर्शन आयोजित किए गए। अनुसूचित जाति के 1,200 से अधिक किसान परिवारों को बैटरी से चलने वाले स्प्रेयर, हस्त–चालित खरपतवार नियंत्रक, तिरपाल, कैंची और कस्सी जैसे कृषि उपकरणों/उपकरणों के वितरण से लाभ हुआ (तालिका 2)। उर्वरकों, कृषि उपकरणों और तकनीकी सहायता के माध्यम से मृदा के पोषण में वृद्धि द्वारा समर्थित उन्नत फसलों के बीजों के उपयोग के परिणामस्वरूप, फसलों की पैदावार में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चूंकि पशुपालन शुष्क राजस्थान के जोधपुर जिले के किसानों की आजीविका का एक महत्वपूर्ण घटक है, इसलिए एससीएसपी के तहत् संस्थान द्वारा बकरियों के उन्नत प्रजनन जैसे तकनीकी हस्तक्षेप के माध्यम से अनुसूचित जाति के किसान परिवारों की आजीविका और आय सृजन का समर्थन करने के लिए जिले में गरीबी रेखा से नीचे अनुसूचित जाति के 23 परिवारों को सिरोही नस्ल की बकरियाँ (चार मादा और एक नर बकरी) वितरित किए गए। बीज, उर्वरक और उपकरण वितरण कार्यक्रमों के दौरान बाह्य–परिसरीय/अंतः–परिसरीय प्रशिक्षण जैसे क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए, खरीफ, रबी और बागवानी फसलों की

Activities under Scheduled Caste Sub-Plan (SCSP)

ICAR-Central Arid Zone Research Institute, Jodhpur and its four regional research stations at Bikaner, Pali, Jaisalmer districts of Rajasthan and Bhuj district of Gujarat are implementing a centrally-sponsored Scheduled Caste Sub-Plan (SCSP) scheme by Ministry of Social Justice and Empowerment, New Delhi, Government of India, for the development of scheduled caste farm families in arid regions of India. The main focus of the SCSP scheme at the institute was on demonstrations of improved agricultural technologies. The technologies covered were arable crops, horticultural crops, animal husbandry, soil nutrition and capacity building of targeted scheduled caste farm families. Quality seeds for arable crops, improved planting materials of horticulture crops and agro-forestry species were distributed to 4,155 schedule caste farm families (Table 1). Crop demonstrations were conducted at all the project sites both in kharif and rabi seasons. More than 1,200 farm families of scheduled caste were benefitted by distribution of agricultural implements/equipments like battery-operated sprayers, manual hand weeders, tarpaulin, secateurs, and kassi (Table 2). As a result of the use of improved crops seeds supported by enhanced soil nutrition through fertilizers, farm implements, and technological back up, there was 10-15% increase in the crops' yields. As livestock rearing is a vital component of livelihood for farmers of Jodhpur district of arid Rajasthan, the institute under SCSP distributed Sirohi breed goat flock (four female and one male goats) to 23 scheduled caste below poverty line (BPL) families in the district to support the livelihood and income generation of scheduled caste farm families through technological intervention like improved breeding of goats. Capacity building programs such as off-campus/on-campus trainings were organized during seed, fertilizers and equipment distribution programs, field days on improved practices of kharif, rabi and horticultural crops and

उन्नत प्रथाओं पर क्षेत्र दिवस और किसानों को नवीनतम तकनीकों और सेवाओं से परिचित कराने के लिए विभिन्न संस्थानों में लाभार्थी किसानों के प्रदर्शन दौरे भी आयोजित किए गए। कृषि प्रौद्योगिकियों पर प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थानों और किसान मेलों के प्रदर्शन दौरे के माध्यम से 2,000 से अधिक किसान लाभान्वित हुए। प्रशिक्षण और प्रदर्शन दौरों के परिणामस्वरूप पशुपालन और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए उनके पोषण प्रबंधन सहित नई कृषि प्रौद्योगिकियों पर किसानों द्वारा ज्ञान अर्जित किया गया।

exposure visits of beneficiary farmers to different institutes for acquainting farmers with latest technologies and services were also organized. More than 2,000 farmers have been benefited through training on agricultural technologies and exposure visit to research institutes and *kisan melas*. The training and exposure visits resulted in knowledge gain on new agricultural technologies including livestock rearing and their nutrition management for enhanced milk yield.

तालिका 1 एससीएसपी के अंतर्गत वितरित आदान और लाभान्वित कृषक परिवारों की संख्या
Table 1 Inputs distributed and number of farm families covered under SCSP

Particulars	Jodhpur	RRS, Bikaner	RRS, Pali	RRS, Jaisalmer	RRS, Bhuj	Total
Number of beneficiaries	728	1035	1200	713	479	4155
Mung bean (kg)	3205	2000	2500	500	600	8805
Moth bean (kg)	500	-	-	-	--	500
Clusterbean (kg)	800	1800	-	365	600	3565
Mustard (kg)	900	1200	-	200	-	2300
Wheat (kg)	-	-	7500	-		7500
Cumin (kg)	900	450	-	500		1850
Fenugreek (kg)	99	400		-	-	499
Total number of demonstrations	450	550	200	398	100	1698
Urea (tons)	24.12	-	4.5	-	-	28.62
DAP (tons)	26.80	-	5.0	-	-	31.8
Vermi-compost (kg)	-	-	-	-	3700	
Planting material/seedlings/cuttings	2100	25000	-	200	14035	41335

तालिका 2 एससीएसपी के तहत् वितरित कृषि उपकरण और आयोजित प्रशिक्षण
Table 2 Farm equipments distributed and trainings organized under SCSP

Name of equipment	Jodhpur	RRS, Bikaner	RRS, Pali	RRS, Jaisalmer	RRS, Bhuj	Total
Sewing machine	-	-	25	-	28	53
Sprayers	-	49		65	-	114
Secateurs (nos.)	40	95	-	-	-	135
Seed storage bin	-	-	-	100	200	300
Tarpaulin	396	51	-	100	-	547
Off-campus training/exposure visits/*Kisan mela*	7	02	02	6	5	22

काजरी, जोधपुर में अनुसूचित जाति उप–योजना के तहत किसानों का एक्सपोजर दौरा
Exposure visit of farmers under SCSP at CAZRI, Jodhpur

अनुसूचित जाति उप–योजना के तहत जोधपुर में आदान वितरण–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम
Input distribution cum training program at Jodhpur under SCSP

अनुसूचित जाति उप–योजना के तहत काजरी, आरआरएस, बीकानेर में प्रशिक्षण कार्यक्रम–सह–आदान वितरण
Training program-cum-input distribution at CAZRI, RRS, Bikaner under SCSP

अनुसूचित जाति उप–योजना के तहत जोधपुर जिले के अनुसूचित जाति बीपीएल परिवारों को बकरी वितरण
Goat distribution to SC BPL families of Jodhpur district under SCSP

अनुसूचित जाति उप–योजना के तहत जोधपुर में आदान वितरण–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम
Input distribution-cum-training program at Jodhpur under SCSP

अनुसूचित जाति उप–योजना के तहत जोधपुर में आदान वितरण कार्यक्रम
Input distribution program at Jodhpur under SCSP

अनुसूचित जाति उप–योजना के तहत काजरी, आरआरएस, भुज में आदान वितरण कार्यक्रम
Input distribution program at CAZRI, RRS, Bhuj under SCSP

अनुसूचित जाति उप–योजना के तहत काजरी, आरआरएस, जैसलमेर में प्रशिक्षण कार्यक्रम–सह–आदान वितरण
Training program-cum-input distribution at CAZRI, RRS, Jaisalmer under SCSP

अनुसूचित जाति उप–योजना के तहत काजरी, आरआरएस, बीकानेर में प्रशिक्षण कार्यक्रम–सह–आदान वितरण
Training program-cum-input distribution at CAZRI, RRS, Bikaner under SCSP

अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत् उन्नत बीजों का वितरण क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर द्वारा 24 से 27 जून के दौरान किया गया, जिसमें अनुसूचित जाति उप–योजना के तहत् अनुसूचित जाति के किसानों को खरीफ के मौसम के लिए उन्नत किस्म के ग्वार एवं मूंग के बीज निशुल्क वितरित किए गए। इस वर्ष अनुसूचित जाति उप योजना के तहत् उन्नत बीज वितरण गतिविधि के लिए पाँच नए गाँवों का चयन किया गया। बीकानेर जिले के 8 गाँवों के 320 किसानों को दो बीघा भूमि में प्रदर्शन करने के लिए कुल 3200 कि.ग्रा. ग्वार एवं मूंग के बीज वितरित किए गए। बीज वितरित करते समय स्थात्र के अध्यक्ष, डॉ. एन.आर. पँवार ने किसानों से शुष्क भूमि में सिंचित एवं वर्षा–आधारित परिस्थितियों में उन्नत खेती की तकनीकों के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर प्रधान वैज्ञानिक एवं अनुसूचित जाति उप योजना के समन्वयक, डॉ. जी.एल. बागड़ी ने अनुसूचित जाति के किसानों के कृषि उत्पादन

Distribution of improved variety of seeds of clusterbean and mung bean was accomplished among scheduled caste farmers free of cost under SCSP at Regional Research Station, Bikaner during June 24-27 for kharif season. In the current year, five new villages were selected for improved seed distribution activity under SCSP. A total of 3,200 kg of clusterbean and mung bean seeds were distributed to 320 farmers of 8 villages of Bikaner district to conduct demonstrations in two bigha land. While distributing the seeds, Dr. N.R. Panwar, Head of the station discussed with farmers about improved cultivation techniques in irrigated and rainfed conditions of arid lands. Dr. G.L. Bagdi, Principal Scientist and Coordinator of SCSP discussed with farmers on SCSP program and its importance in increasing agricultural

को बढ़ाने में कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को सहयोग करने तथा योजना की गतिविधियों से यथासंभव लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

production of scheduled caste's farmers. He further motivated farmers to cooperate and take advantages as much as possible from the SCSP activities.

किसानों को उन्नत बीजों का वितरण
Distribution of improved seeds to the farmers

उन्नत खरीफ फसल उत्पादन प्रौद्योगिकियों पर प्रक्षेत्र प्रशिक्षण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और प्रशिक्षण विभाग और एससीएसपी द्वारा जोधपुर जिले की बालेसर तहसील के राम नगर गाँव में 5 जुलाई को किसानों के खेत पर आयोजित किया गया, जिसमें राम नगर और हनुमान नगर गाँवों के 95 किसानों ने भाग लिया। डॉ. बी.एल. मंजूनाथ ने एससीएसपी के उद्देश्यों और कृषि परिवारों के चयन में दिशानिर्देशों के बारे में बताया। उन्होंने किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकियों के बारे में बताया। किसानों के लिए खरीफ फसलों में मृदा जनित रोगों के नियंत्रण के लिए मरूसेना–1 से बीज उपचार की विधि का प्रदर्शन किया गया। डॉ. ओ.पी. मीना ने पोषक तत्व प्रबंधन के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने गोबर की खाद को समृद्ध करने के लिए कंपोस्ट बनाने की विधि समझाई। डॉ. प्रेमवीर गौतम ने किसानों को खेत में बीज के अंकुरण और इष्टतम पौधों की संख्या बढ़ाने के लिए कृषि मशीनरी के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के बाद, खरीफ में क्षेत्र प्रदर्शनों के आयोजन के लिए किसानों को मोठ (काजरी मोठ–4 और काजरी मोठ–5), मूंग (एमएच–421) और ग्वार (आरजीसी–936 और आरजीसी–1033) के गुणवत्तापूर्ण बीज वितरित किए गए।

On-farm training on improved kharif crop production technologies was organized by Division of Transfer of Technology and Training and SCSP at Ram Nagar village in Balesar tehsil, Jodhpur district on July 5 in which 95 farmers from Ram Nagar and Hanuman Nagar villages participated. Dr. B.L. Manjunatha explained the objectives of the SCSP and guidelines in selection of farm households. He explained to the farmers about the improved production technologies of kharif crops. The method of seed treatment with Marusena-1, bio-formulation for control of soil-born diseases in kharif crops, was demonstrated to the farmers. Dr. O.P. Meena explained the use of the soil health cards for judicious nutrient management. He explained the method of composting for enriching the farmyard manure. Dr. Premveer Gautam provided details to the farmers about the farm machineries to enhance the seed germination and optimum plant population in the field. After the training, the quality seeds of moth bean (var. CAZRI Moth-4 and CAZRI Moth-5), mung bean (var. MH-421) and clusterbean (var. RGC-936 and RGC-1033) were distributed to the farmers for conducting field demonstrations in kharif season.

अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत किसानों को उन्नत कृषि यंत्रों का वितरण क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर में 23, 25 एवं 27 सितम्बर के दौरान किया गया। इस योजना के अन्तर्गत 6 गाँवों (चिताणा, साधुणा, बासी, फुलदेसर, मलकीसर एवं पेमासर) के 186 किसानों को बैटरी चालित छिड़काव यंत्र एवं प्लास्टिक के तिरपाल

Farm implements were distributed to scheduled caste farmers by Regional Research Station, Bikaner during September 23, 25 and 27 under the SCSP. Under this scheme, battery operated sprayer machines, and tirpal were distributed to 186 farmers of 6 villages (Chitana,

का वितरण किया गया। कृषि यंत्र वितरण के इस कार्यक्रम में स्थात्र के अध्यक्ष डॉ. एन.आर. पंवार ने बताया कि यंत्रों का उपयोग खेती में किस तरह से कार्य करने की क्षमता को बढ़ाने के साथ–साथ समय भी बचाता है। अनुसूचित जाति उप–योजना के समन्वयक डॉ. जी.एल. बागड़ी ने इस योजना के बारे में किसानों को अवगत कराया एवं फायदेमंद खेती के लिए अधिक से अधिक यंत्रों का उपयोग करने के लिए किसानों से आग्रह किया।

Sadhuna, Basi, Phuldesar, Malkisar and Pemasar). Dr. N.R. Panwar, Head of the station, discussed with farmers about use of improved farm implements for reduction of drudgery and improved efficiency and time saving. Dr. G.L. Bagdi, Coordinator of the scheme, informed the farmers about the SCSP in detail and urged the farmers for farm mechanization for profitable farming.

किसानों को गुणवत्तापूर्ण इनपुट उपलब्ध कराना
Providing quality inputs to the farmers

प्रशिक्षण-सह-आदान वितरण कार्यक्रम अनुसूचित जाति उप–योजना के तहत् 27 सितंबर को क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, जैसलमेर के चांदन फार्म पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चांधन व आसपास के गाँवों के किसानों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम 'आय विविधीकरण के लिए शुष्क क्षेत्रों में बारहमासी घटकों के महत्व' पर केंद्रित रहा। डॉ. आर.एस. मेहता, अध्यक्ष ने आजीविका में सुधार के लिए शुष्क क्षेत्रों में बागवानी और वानिकी पेड़ों के महत्व पर जोर दिया। डॉ. एस.सी. मीना ने बागवानी और वानिकी फसलों में कीट प्रबंधन पर मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. शिरन के. ने प्रमुख बारहमासी फसलों के बारे में जानकारी दी जो शुष्क और चट्टानी क्षेत्रों के लिए उपयुक्त हैं। डॉ. अनिल पाटीदार ने शुष्क क्षेत्रों में जननद्रव्य और जैव विविधता संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान किसानों को आदान वितरण के तहत बागवानी के पौधे वितरित किए गए।

बाह्य-परिसरीय प्रशिक्षण-सह-आदान वितरण कार्यक्रम क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, भुज द्वारा अनुसूचित जाति के किसानों के लिए 9 अगस्त को ग्राम वल्का नाना, नखतराना, भुज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्थात्र और कृषि विज्ञान केन्द्र, भुज के अधिकारियों द्वारा एक स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसमें किसानों को एससीएसपी उप–योजना के तहत चल रही गतिविधियों के बारे

On-campus training-cum-input distribution program under SCSP was organized at Chandan farm of Regional Research Station, Jaisalmer on September 27 under the SCSP scheme. Farmers from Chandan and nearby villages participated in the event. The program focused on the 'Importance of perennial components in hyper-arid regions for income diversification'. Dr. R.S. Mehta, Head of the station emphasized the significance of horticultural and forestry trees in arid areas for improving livelihoods. Dr. S.C. Meena provided guidance on insect-pest management in horticultural and forestry crops. Dr. Shiran K. briefed about the major perennial crops that are suitable for arid and rocky areas. Dr. Anil Patidar highlighted the importance of germplasm and biodiversity conservation in arid regions. During the event, seedlings of horticultural crops were distributed to the farmers as part of the input distribution.

Off-campus training-cum-input distribution for scheduled caste farmers was organized on August 9 at village Valka Nana, Nakhatrana, by Regional Research Station, Bhuj. The program started with a welcome address by officials of the station and Krishi Vigyan Kendra, Bhuj, wherein farmers were briefed about the SCSP and the ongoing activities under the scheme.

में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान, किसानों को 'मृदा और जल के नमूनों का संग्रह और उनके परीक्षण का महत्व' पर एक व्याख्यान दिया गया। रसोई उद्यान के महत्व और घर के लिए पौष्टिक और ताजी सब्जियों के स्रोत के रूप में रसोई उद्यान स्थापित करने के तरीकों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों और अन्य समन्वयक ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण के बाद प्रत्येक किसान को मूंग की किस्म जीएएम–5 और ग्वार की किस्म गुजरात–2 के गुणवत्ता वाले बीज वितरित किए गए।

During the program, a lecture on 'soil and water sample collection and importance of their testing' was delivered to the farmers. The importance of kitchen garden and ways to establish a kitchen garden as a source of nutritious and fresh vegetables for household was explained. Farmers and other coordinating villagers actively participated in the program. After the training, quality seeds of mung bean var. GAM-5 and clusterbean var. Gujrat-2 were distributed to the farmers.

वल्का नाना, नखत्राणा गाँव के अनुसूचित जाति के किसानों के लिए प्रशिक्षण–सह–आदान वितरण
Training-cum-input distribution for scheduled caste farmers of Valka Nana, Nakhatrana village

अनुसूचित जाति उप–योजना के अन्तर्गत दो कृंतक प्रबंधन प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण: क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर द्वारा 5 एवं 6 सितम्बर को आयोजित किए गए। प्रथम कृंतक प्रबंधन प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण में गाँव सालासर एवं नाईयों की बस्ती के 51 कृषकों (43 पुरूष कृषक व 8 महिला कृषक) ने भाग लिया जबकि द्वितीय कृंतक प्रबंधन प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण में चानी, गोलरी एवं इन्दों के बाला गाँवों के 50 कृषकों (38 पुरूष कृषक व 12 महिला कृषक) ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. विपिन चौधरी, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी, अखिल भारतीय नेटवर्क परियोजना – कशेरूकी नाशीजीव प्रबंधन ने चूहों के बारें में अवगत कराया तथा चूहा प्रबंधन की विभिन्न तकनीकियों के बारे में कृषकों को बताया। डॉ. महेश कुमार, प्रधान वैज्ञानिक एवं अनुसूचित जाति उप–योजना के नोडल अधिकारी द्वारा अनुसूचित जाति उप–योजना की जानकारी एवं महत्व के बारे में कृषकों को जानकारी दी। क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र के अध्यक्ष, डॉ. एन.आर. पंवार ने एकीकृत कृषि प्रणाली प्रबंधन से कृषकों को अवगत कराया। डॉ. जी.एल. बागड़ी, प्रशिक्षण समन्वयक ने कृषकों की आय बढ़ाने में स्वयं सहायता समूह के महत्व के बारे में बताया। किसानों को कृंतकों के प्रबंधन के लिए जहरीला चारा तैयार करने का जीवंत प्रदर्शन भी दिया गया। दोनों कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी कृषकों को 25,000 नेपियर घास की कलम, 95 स्केटीयर एवं 6 हेण्ड वीडर का भी वितरण किया गया।

Two rodent management training-cum-exposure field visits under SCSP were organized by Regional Research Station, Bikaner on September 5 and 6. Fifty one farmers (43 male farmers and 8 female farmers) of Salasar and Naiyon Ki Basti villages participated in the first rodent management training and field visit on September 5 while 50 farmers (38 male farmers and 12 female farmers) of Chani, Golari and Indo Ka Bala villages participated in the second rodent management training and field visit on September 6. On this occasion, Dr. Vipin Chaudhary, Principal Scientist and In-charge, All India Network Project on Vertebrate Pest Management, delivered a lecture on different types of rats and told the farmers about various techniques of rodent control. Dr. Mahesh Kumar, Principal Scientist and Nodal Officer informed the farmers about the importance of SCSP. Dr. N.R. Panwar, Head of the station informed the farmers about integrated farming system management. Dr. G.L. Bagdi, Training Coordinator talked about the importance of self-help groups in increasing the income of farmers. Live demonstrations on making of poisonous bait for rodent management was also given. Trainee farmers were given 25,000 Napier grass cuttings, 95 secateurs and 6 manual hand weeders during both the programs.

कृंतक प्रबंधन प्रशिक्षण–सह–एक्सपोजर क्षेत्र का दौरा
Rodent management training-cum-exposure field visit

एससीएसपी योजना के तहत् प्रशिक्षण-सह-आदान वितरण कार्यक्रम क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर द्वारा 4 से 11 नवम्बर के दौरान अनुसूचित जाति के किसानों को रबी मौसम की फसलों के उन्नत बीज वितरित करने हेतु आयोजित किए गए। बीकानेर के 12 गाँवों यथा फुलदेसर, मालकीसर, चानी, गोलरी, पेमासर, बासी, चिताना, सालासर, नए की बस्ती, जैतासर, थुकरीयासर और आदसर के 403 किसानों को सरसों, जीरा और मेथी के कुल 20.5 क्विंटल बीज प्रदर्शन के लिए वितरित किए गए।

प्रशिक्षण-सह-आदान वितरण कार्यक्रम क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, भुज द्वारा 27 नवम्बर को रापर के आडेसर गाँव में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में 'पोषण सुरक्षा के लिए रसोई वाटिका का महत्व' और 'मृदा और जल के नमूने संग्रहण और उनके परीक्षण का महत्व' विषय पर विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षण व्याख्यान दिए गए। किसानों को रसोई वाटिका के लिए पपीता (किस्म जीजेपी–1) तथा ड्रैगन फ्रूट के पौधे और आठ मसालों वाले पौधों के गुणवत्ता वाली बीजीय–मसाला किट वितरित की गई।

प्रशिक्षण-सह-आदान वितरण कार्यक्रम क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, भुज द्वारा 5 दिसम्बर को श्रवण कावड़िया गाँव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 'मृदा परीक्षण और मृदा स्वास्थ्य के लिए संतुलित पोषक तत्वों का अनुप्रयोग' विषय पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में 35 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले किसानों के खेतों से मृदा और जल के नमूने एकत्र किए गए, जो प्रयोगशाला में मृदा और जल की गुणवत्ता के परीक्षण के लिए भेजे गए। साथ ही प्रतिभागी किसानों को पपीता (किस्म जीजेपी–1), ड्रैगन फ्रूट और अजोला के पौधे वितरित किए गए।

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत् पौध वितरण गतिविधि क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र और कृषि विज्ञान केन्द्र, भुज द्वारा भुज के कुणारिया गाँव में आयोजित की गई। एकल–उपयोग प्लास्टिक से बचने के

Training-cum-input distribution programs under SCSP were organized by Regional Research Station, Bikaner to distribute improved seeds of rabi season crops to scheduled caste farmers during November 04-11. A total of 20,500 kg seeds of mustard, cumin and fenugreek crops were distributed to 403 farmers of 12 villages, i.e., Phuldesar, Malkisar, Chani, Goleri, Pemasar, Basi, Chitana, Salasar, Naiyo ki Basti, Jaitasar, Thukriyasar and Aadsar for demonstration purpose.

Training-cum-input distribution program was organized by Regional Research Station, Bhuj on November 27 at Adesar village of Rapar. In the training, lecturers on the 'importance of kitchen garden for nutritional security' and 'soil and water sample collection and importance of their testing' were delivered by expert and scientists. Also, seedlings of papaya (var. GJP-1), dragon fruit and also a kitchen garden seed-spice kit consisting of quality seeds of eight spices were distributed to the farmers.

Training-cum-input distribution program was organized by Regional Research Station, Bhuj on December 05 at Shravan Kavadiya village where a lecture on 'soil testing and balanced nutrient application for soil health' was delivered. A total of 35 farmers participated in the program. Soil and water samples were collected from the fields of participating farmers and the samples were testing in the laboratory to dertermine soil and water quality. The participants were distributed seedlings of papaya (var. GJP-1), dragon fruit and azolla.

Seedling distribution activity in *Swachhata Pakhwada* Campaign was organized by Regional Research Station and Krishi Vigyan Kendra, Bhuj at Kunariya village,

लिए स्वच्छता पखवाड़ा गतिविधियों यथा शपथ ग्रहण और हस्ताक्षर अभियान भी आयोजित किए गए, जिससे स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा दिया गया। एससीएसपी योजना के तहत् 35 लाभार्थियों को आर्थिक स्थिरता प्राप्त करने के लिए पपीता (किस्म जीजेपी–1) और ड्रैगन फ्रूट के पौधे वितरित किए गए। प्रतिभागियों को इन फल वाली फसलों की खेती की तकनीकों और उनके आर्थिक लाभ के बारे में भी शिक्षित किया गया। साथ ही फसल की अधिकतम उत्पादकता प्राप्त करने हेतु मृदा परीक्षण और संतुलित पोषक तत्वों के अनुप्रयोग के महत्व पर भी चर्चा की गई।

Bhuj. *Swachhata Pakhwada* activities like oath-taking and signature drive to avoid single-use plastics were also organized to promote cleanliness and environmental sustainability. Under the SCSP scheme, 35 beneficiaries received seedlings of papaya (var. GJP-1) and dragon-fruit to achieve economic stability. The participants were also educated about cultivation techniques and economic benefits of the fruit crops. The importance of soil testing and balanced nutrient application for optimal crop productivity was also discussed.

अनुसूचित जाति उप–योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण–सह–आदान वितरण कार्यक्रम
Training-cum-input distribution program under SCSP

जनजातीय उप-योजना (टीएसपी) के अंतर्गत गतिविधियाँ

लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के 16 गाँवों में जनजातीय उप–योजना लागू की गई। प्रसार कार्यक्रम का विस्तार करने के उद्देश्य से, लेह और कारगिल जिलों के विभिन्न क्षेत्रों के दूरदराज के गाँवों को जनजातीय उप–योजना के तहत् अपनाया गया। जनजातीय उप–योजना के तहत्, खारू और माथो गाँवों में चार किसानों को सम्मिलित करते हुए सर्दियों के दौरान ग्रीनहाउस में सब्जियों की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने पर कृषि परीक्षण से महत्वपूर्ण परिणाम मिले। साइबेरियाई केल और स्विस चार्ड ने उपज और फसल की संख्या के लिए किसानों के अभ्यास पर वर्चस्व दर्शाया। गर्मियों के दौरान, खारू, लिकिर, तुरतुक और बाल्देस गाँवों में ग्रीनहाउस में खीरा की खेती पर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन किया गया। सर्दियों के महीने में, माथो, खारू, लिकिर, खारदुंग और नांग गाँवों में संरक्षित संरचनाओं के तहत् पत्तेदार सब्जियों पर अग्रिम पंक्ति

Activities under Tribal Sub-Plan

Tribal Sub Plan (TSP) was implemented in 16 villages of Ladakh UT. With a view to expand the outreach program, far-flung villages in different areas of Leh and Kargil districts were adopted under TSP. Under TSP, on-farm trial (OFT) on enhancing the production potential of vegetables in greenhouses during winter in villages Kharu and Matho covering four farmers yielded significant results. Siberian kale and Swiss chard showed supremacy over farmer's practice for yield and number of harvest. During summer, frontline demonstrations (FLD) on cucumber cultivation in greenhouse were undertaken in Kharu, Likir, Turtuk and Baldes villages. In winter month, FLD on leafy vegetables under protected structures were undertaken in Matho, Kharu, Likir,

साइबेरियाई केल पर प्रदर्शन
Demonstration on Siberian kale

प्रदर्शन किया गया। दो आवश्यकता–आधारित मूल्याँकन सर्वेक्षण आयोजित किए गए (तालिका 3)। उन्नत आदान 744 जनजातीय किसानों को वितरित किए गए (तालिका 4)।

Khardung and Nang villages. Two need-based assessment surveys were conducted (Table 3). Improved inputs were distributed to 744 tribal farmers (Table 4).

तालिका 3 टीएसपी के तहत् आवश्यकता–आधारित मूल्याँकन सर्वेक्षण
Table 3 Need-based assessment surveys under TSP

Event	Dated	Venue	No. of participants
Interaction with villagers for need assessment under TSP	12.11.2024	Thuina, Kargil district	36
Interaction with village respresentative for need based assessment	04.12.2024	Khemi, Leh district	3

तालिका 4 वितरित किए गए उन्नत आदान और लाभार्थियों की संख्या
Table 4 Improved inputs distributed and no. of beneficiaries

Particulars	Dated	Venue	No. of beneficiaries
Plastic mulch (20), greenhouse polythene (40), garden tool kit (40), shovel with handle (40)	05.01.2024	Bodhkharbu	40
Plastic mulch	16.01.2024	Kharu	01
Plastic mulch (12)	20.01.2024	Baldes	24
Alfalfa (10 qt.), dry fodder straw (4 qt.)	06.02.2024	Sumdho	16
Animal feed (20 bags)	08.02.2024	Hemis	20
Greenhouse polythene (2)	23.02.2024	Kungyam	02
Plastic mulch (21)	11.03.2024	Sumdho	42
Vegetable seeds	18.03.2024	Chokdo	03
Plastic mulch (6), vegetable seeds	20.03.2024	Takmar	24
Plastic mulch (8), vegetable seeds	20.03.2024	Farka	32

Particulars	Dated	Venue	No. of beneficiaries
Plastic mulch (3), vegetable seeds	21.03.2024	Farol	44
Vegetable seeds	27.03.2024	Baldes	24
Plastic mulch (1)	16.04.2024	Kharu	5
Animal feed (10 bags)	16.04.2024	Kharu	2
Greenhouse polythene (60×20 ft)	16.04.2024	Kharu	1
Greenhouse polythene (1)	19.04.2024	Mudh	1
Apricot plants (76)	25.04.2024	Hemis	19
Apricot plants (7)	26.04.2024	Kharu, Stakna	2
Animal feed (3 bags)	26.04.2024	Thikse, Stakna	2
Apricot plants (44) apple (110), vegetable seeds, plastic mulch (5.5), greenhouse polythene (4), low tunnel polythene (22), sticks (176)	11.05.2024	Muney	22
Vegetable seeds, plastic mulch (7), greenhouse polythene (12), low tunnel polythene (28), sticks 224, oat (140 kg)	11.05.2024	Khasar	28
Vegetable seed mulch sheet (4.5), greenhouse polythene (9), low tunnel polythene (18), sticks (144) Mustard (4.5 kg)	11.05.2024	Gyapak	18
Low tunnel polythene (24), sticks (192) greenhouse polythene (1)	21.05.2024	Takmar	24
Low tunnel polythene (32), sticks (256)	21.05.2024	Farka	32
Vegetable seeds	27.05.2024	Bodhkharbu	40
Low tunnel polythene (21), sticks (168) green polythene (1)	01.06.2024	Hemis	21
FYM (42 bags), vegetable seedlings (4200)	06.06.2024	Hemis	21
Onion seedlings (2400), willow cuttings (590), greenhouse polythene (3)	11.06.2024	Takmar	24
Greenhouse polythene (60×20 ft)	21.07.2024	Gyapak	8 (SHG)
Greenhouse polythene (60×20 ft)	16.10.2024	Kharu	1
Vegetable seedlings (400), seeds	17.10.2024	Kharu	2
Vegetable seedlings (200), seeds	18.10.2024	Stakna	1
Farmyard maure (2 bags)	21.10.2024	Choglamsar	1
Serrated sickle (32), CAZRI kassi (32)	23.10.2024	Farka	32
Greenhouse polythene (60×20 ft)	25.10.2024	Ranbirpore	1
Vegetable seedlings (300), seeds	08.11.2024	Mahabodhi	3
Vegetable seeds, alfaalfa seeds, plastic mulch (56)	11.11.2024	Mushkoo	112
Vegetable seedlings (200), plastic mulch (1)	20.11.2024	Nang	2
Vegetable seedlings (800)	22.11.2024	Matho	7
Greenhouse polythene (1)	26.11.2024	Matho	1
Plastic mulch (8), greenhouse polythene (7)	27.11.2024	Skidmang	39

लद्दाख के गाँवों में गुणवत्तापूर्ण आदान प्रदान करना
Providing quality inputs in villages of Ladakh

आवश्यकता-आधारित आकलन सर्वेक्षण क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, लेह द्वारा 12 नवंबर को कारगिल के थोविना गाँव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. महेश्वर सिंह, अध्यक्ष द्वारा श्रीमती स्टैनजिन लैंडोल और श्री रिगजिन दोरजे के सहयोग से किया गया, जिसमें 40 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. महेश्वर सिंह ने स्थात्र की चल रही गतिविधियों का विवरण दिया और समुदाय को संरक्षित संरचनाओं में सब्जी उत्पादन अपनाने के लिए प्रेरित किया जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके और जीवन–स्तर में सुधार हो सके। सर्वेक्षण टीम ने किसानों द्वारा संचालित पॉलीकार्बोनेट ग्रीनहाउस और मशरूम इकाईयों का भी दौरा किया और अगली फसल के लिए उन्नत तकनीक और खीरे के बीजों के उपयोग के लिए मार्गदर्शन दिया। किसानों ने गुणवत्तापूर्ण सब्जियों के बीज, सेब के पौधे, बागवानी के लिए बाड़, पॉलीहाउस के लिए पॉलीथीन, मल्चिंग और अन्य आवश्यक कृषि आदानों की आवश्यकता व्यक्त की।

Need-based assessment survey was conducted by Regional Research Station, Leh on November 12 at Thovina village, Kargil. Dr. Maheshwar Singh, Head along with Mrs. Stanzin Landol and Sh. Rigzin Dorjay led the program, where more than 40 farmers participated. During the survey, Dr. Maheshwar Singh outlined on-going activities of the station and encouraged the community to adopt vegetable cultivation in protected structures to increase their income and improve livelihoods. The survey team visited farmer-operated polycarbonate greenhouses and mushroom units, and guided them to use the improved technology and promising seeds of cucumber in next season. Farmers interacted with the team and expressed their requirements of quality vegetables seeds, apple sapling, fencing for orchard, polythene for polyhouse, mulching and other essential agricultural inputs.

कारगिल के थोविना गाँव का आवश्यकता आधारित मूल्याँकन
Need based assessment in Thovina village of Kargil

संरक्षित खेती पर एक-दिवसीय प्रशिक्षण-सह-प्रदर्शन कार्यक्रम क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, लेह द्वारा माथो गाँव में 22 नवम्बर को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रगतिशील किसानों के ग्रीनहाउस में आयोजित किया गया, जिसमें सेवांग डोल्मा, सेरिन

One-day training-cum-demonstration on protected cultivation was organized by Regional Research Station, Leh in Matho village of Leh on November 22. The training was hosted at greenhouses of progressive farmers, including Tsewang Dolma, Tsering Spaldon,

स्पल्दों, चस्किट नोर्जोम और आईशे अंग्मो शामिल रहें। कार्यक्रम में डॉ. आकाश आर. चिचाघरे ने स्थात्र के जनजातीय विकास के प्रयासों और संरक्षित खेती की तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे ग्रीनहाउस खेती लद्दाख में अत्यधिक सर्दी के बावजूद वर्षभर सब्जियों का उत्पादन सुनिश्चित कर सकती है। श्रीमती स्टैनजिन लैंडोल ने ग्रीनहाउस में चीनी गोभी और साइबेरियाई केल जैसी सब्जियों की खेती के सर्वोत्तम तरीकों को प्रदर्शित किया। गाँव के सदस्य चुस्किट नोरज़ोम सहित किसानों ने वैज्ञानिकों और कर्मचारियों से ठंडे प्रदेशों में ग्रीनहाउस खेती में आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की। कार्यक्रम में 400 साइबेरियाई केल और चीनी गोभी के पौधे प्रतिभागियों में वितरित किए गए, जिससे ग्रीनहाउस खेती को बढ़ावा दिया जा सके।

Chuskit Norzom, and Ishey Angmo. In the program, Dr. A.R. Chichaghare briefed about the station's efforts towards tribal development and importance of protected cultivation techniques in the region. He highlighted how greenhouse farming can ensure year-round vegetable production despite the harsh winter conditions in Ladakh. Furthermore, Mrs. Stanzin Landol conducted a hands-on demonstration, showcasing best practices for cultivating vegetables including Chinese cabbage and Siberian kale in greenhouses. Farmers including village member Chuskit Norzom interacted with scientists and staff of the station to discuss about challenges and opportunities in greenhouse farming in the cold arid region. In the program, a total of 400 seedlings each of Siberian Kale and Chinese Cabbage were distributed among participants to encourage greenhouse cultivation.

संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण–सह–प्रदर्शन
Training-cum-demonstration on protected cultivation

प्रशिक्षण-सह-आदान वितरण कार्यक्रम क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, लेह द्वारा 23 अक्टूबर को फारका गाँव में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. महेश्वर सिंह, अध्यक्ष, ने फारका गाँव में जनजातीय उप योजना के अन्तर्गत किए जा रहे पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में श्री सुरेश कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरिष्ठ ग्रेड), श्री हेमा राम, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, श्रीमती स्टैनजिन लैंडोल और श्री रिगजिन दोरजे उपस्थित रहें। डॉ. महेश्वर सिंह ने स्थानीय किसानों द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों के बारे में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरिष्ठ ग्रेड) के साथ चर्चा की, जिससे इन समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा सके। क्षेत्र में कृषि पद्धतियों को बेहतर बनाने और किसानों को सशक्त करने की दिशा में बढ़ने हेतु 32 किसानों को काजरी कस्सी और कटे दाँतों वाली दरांती वितरित की गईं।

Training-cum-input distribution program was organized by Regional Research Station, Leh on October 23 at Farka Village of Leh. In the program, Dr. Maheshwar Singh, Head, highlighted the initiatives undertaken by the station in Farka village under TSP. The program witnessed the presence of Sh. Suresh Kumar, CAO (SG), Sh. Hema Ram, AAO, Mrs. Stanzin Landol, and Sh. Rigzin Dorje. Dr. Maheshwar Singh further discussed the challenges faced by local farmers with CAO (SG) to address the issues effectively. The inputs including CAZRI *kassi* and serrated sickles were distributed to 32 farmers to empower them and enhance use of improved agricultural practices in the region.

मल्चिंग और नर्सरी उत्पादन पर एक-दिवसीय प्रशिक्षण क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, लेह द्वारा 27 अक्टूबर को लेह के स्थानीय किसानों को सब्जियों के लिए नर्सरी उत्पादन तकनीकों के उपयोग के बारे में प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 32 किसानों को ग्रीनहाउस पॉलीथीन और प्लास्टिक मल्च वितरित किया गया। कार्यक्रम में सर्दी के मौसम में संरक्षित खेती को बढ़ावा देने के लिए चीनी पत्तागोभी, साइबेरियाई केल और अन्य कठोर किस्मों के सर्दी की सब्जियों के पौधे जनजातीय किसानों को वितरित किए गए। इन पौधों का चयन इनकी ठंडी परिस्थितियों में उगने की सक्षमता के कारण किया गया, जो किसानों को कठोर शीतकालीन जलवायु से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने में मदद करती हैं।

स्वस्थ सब्जी नर्सरी की रोपाई पर प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, लेह द्वारा 11 नवम्बर को द्रास सेक्टर के मुष्को गाँव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि आदान यथा प्याज, धनिया, चीनी पत्तागोभी, मूली, गाजर, अल्फाल्फा के बीज और मल्चिंग के लिए काली पॉलीथीन शीट वितरित किए गए। डॉ. महेश्वर सिंह, अध्यक्ष ने सतत् कृषि पद्धतियों पर बात की और क्षेत्र में सब्जी उत्पादन बढ़ाने के लिए लद्दाख पॉलीहाउस, लो टनल और मल्चिंग जैसी उन्नत खेती पद्धतियों के लाभों पर जोर दिया। श्रीमती स्टैनजिन लैंडोल ने आधुनिक कृषि आदानों पर मार्गदर्शन किया, सब्जी उगाने की सर्वोत्तम प्रथाओं पर सवालों के जवाब दिए, गुणवत्ता वाले बीजों के महत्व और जल प्रबंधन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे उत्पादकता बढ़ाई जा सके और जलवायु संकटों से निपटा जा सके। कार्यक्रम में गाँव के नम्बरदार, श्री समीउल्लाह सहित 112 घरों को सब्जियों के बीज और काले मल्चिंग शीट वितरित किए गए।

सब्जियों के लिए मल्चिंग तकनीकों और नर्सरी उत्पादन पर प्रशिक्षण-सह-क्षेत्र दौरा क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, लेह द्वारा 27 नवंबर को स्किडमंग गाँव में आयोजित किया गया। क्षेत्र दौरे के दौरान डॉ. चिचाघरे और श्री दोरजे ने क्षेत्र के चुनौतीपूर्ण जलवायु परिस्थितियों में सब्जी उत्पादन को सुधारने के लिए प्लास्टिक मल्चिंग का प्रदर्शन किया। उन्होंने 32 किसानों को ग्रीनहाउस पॉलीथीन और प्लास्टिक मल्च वितरित किए।

One-day training program on 'mulching and nursery production' was organized by Regional Research Station, Leh on October 27 to train local farmers in Leh about use of mulching and nursery production techniques for vegetables. In the program, greenhouse polythene and plastic mulch were distributed to 32 farmers. In the program, seedlings of winter vegetable such as Chinese cabbage, Siberian kale, and other hardy varieties were distributed to tribal farmers to support protected cultivation during the winter months. The seedlings were selected due to their ability to thrive under cold conditions, helping farmers overcome the challenges posed by the harsh winter climate.

Training program on raising healthy vegetables' nursery was organized by Regional Research Station, Leh in Mushko village, located in Drass sector on November 11. In the program, agricultural inputs like seeds of onion, coriander, Chinese cabbage, radish, carrot and alfalfa, and black polythene sheets for mulching were distributed. Dr. Maheshwar Singh, Head discussed with farmers about sustainable farming practices and emphasized the benefits of improved cultivation methods like Ladakh polyhouses, low tunnels, and mulching to enhance vegetable yield in the region. Mrs. Stanzin Landol guided the farmers for modern agricultural inputs, addressing questions on best practices in vegetable cultivation, emphasizing the significance of quality seeds, and efficient water management to boost productivity and withstand climate challenges. In the program, seeds of vegetables and black mulching sheets were distributed to 112 households including village Nambardar, Mr. Samiullah.

Field tour-cum-training on mulching techniques and nursery practices for vegetables was organized by Regional Research Station, Leh in Skidmang village on November 27. During the field visit, Dr. Chichaghare and Sh. Dorje demonstrated plastic mulching technique to farmers for improved vegetable production in challenging climatic conditions in the region. Greenhouse polythene and plastic mulch were distributed to 32 farmers.

प्रशिक्षण–सह–आदान वितरण कार्यक्रम
Training-cum-input distribution program

फसल वाटिका

संस्थान के केंद्रीय अनुसंधान फार्म और इसके बीकानेर, जैसलमेर और पाली स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्रों में शुष्क क्षेत्र के कृषक समुदाय के लिए अनुशंसित प्रथाओं के पैकेज के साथ वर्षा–आधारित प्रमुख फसलों (मोठ, मूंग, ग्वार और बाजरा) और सिंचित फसलों (ईसबगोल, जीरा, मेथी, अनाज चौलाई, चिया, क्विनोआ और सरसों) की उन्नत फसल किस्मों के सीधा प्रदर्शन को प्रदर्शित करने के लिए खरीफ और रबी दोनों मौसमों में, प्रदर्शन आयोजित किए गए। महिला किसानों सहित बड़ी संख्या में किसानों ने फसल वाटिका का दौरा किया और महसूस किया कि किस्मों की भूमिका और उचित प्रबंधन फसल उत्पादकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कारक है। किसानों ने भी नई फसल, अनाज चौलाई (राजगिरा), चिया और क्विनोआ में गहरी रुचि दिखाई, क्योंकि फसल विविधीकरण के लिए संभावित नकदी फसल के रूप में ये फसलें शुष्क सहिष्णु और जैविक तनाव सहिष्णु है।

कृषि पोर्टल

देश में सभी भाकृअनुप संस्थानों के बीच काजरी कृषि पोर्टल पर सबसे अधिक संख्या में प्रकाशन (4889) योगदान करने में दूसरे स्थान पर रहा (तालिका 5)।

Crop cafeteria

Demonstrations, both in kharif and rabi seasons, were conducted to showcase the live performance of improved crop varieties of major rainfed crops (moth bean, mung bean, clusterbean and pearl millet) and irrigated crops (isabgol, cumin, fenugreek, grain amaranths, chia, quinoa and mustard) with recommended package of practices for the farming community of arid zone at Central Research Farm of the institute and its Regional Research Stations at Bikaner, Jaisalmer and Pali. A large number of farmers including woman farmers visited the crop cafeteria and realized that role of varieties and proper management are the key factors for increasing the crop productivity. Farmers also showed keen interest in new crop, grain amaranths (rajgira), chia and quinoa keeping its drought tolerance and biotic stress tolerance as a potential cash crop for crop diversification. Besides, farmers, officers of line departments, representatives of non-governmenal organizations and dignitaries from research and development institutes visited the cafeteria and appreciated the efforts of the institute.

KRISHI Portal

The institute stands at third highest position in contributing number of publications to KRISHI Portal among all ICAR institutes in the country with 4889 publications (Table 5).

तालिका 5 कृषि पोर्टल में काजरी का योगदान
Table 5 Contribution of CAZRI to KRISHI Portal

Repository type	Number
Publications (institute and scientists' publications)	4889
Data inventory (crop and meteorological databases)	57
Institute technologies	83
Videos on technologies and institute events	47
IPR (patents)	15
CAZRI Krishi App	1
Images	43 institute events

कृषि प्रौद्योगिकी एवं सूचना केंद्र (ऐटिक)

एकल खिड़की सेवा प्रणाली के तहत् 17,374 किसानों, कृषक महिलाओ, छात्रों, प्रशिक्षुओ और राज्य व केंद्र सरकार के आधिकारियों ने ऐटिक का भ्रमण किया और उन्हे संस्थान की प्रौद्योगिकियों और गतिविधियों से अवगत कराया गया (तालिका 6)। इन में से 12,600 किसानों ने विभिन्न कृषि उत्पाद खरीदे व 4,774 आगंतुकों ने काजरी विडियो देखा तथा 840 ऐटिक कॉल सेंटर सेवाओ से लाभान्वित हुए।

Agricultural Technology Information Centre (ATIC)

Under single window service system, 17,374 farmers, farm women, students, trainees and State/Central government officers visited ATIC who were apprised of the institute's technologies and activities (Table 6). Furthermore, 12,600 farmers purchased various farm products and 4,774 visitors watched CAZRI video and 840 benefitted from ATIC call center service.

तालिका 6 राज्यवार आगुंतकों के समूह
Table 6 State-wise groups of visitors at ATIC

State	No. of groups	Farmers		Students/trainees		Central/state officers		Total	
		Male	Female	Male	Female	Male	Female	Male	Female
Rajasthan	80	174	57	1783	1337	85	10	2042	1404
Gujarat	6	-	-	299	179	-	-	299	179
H.P.	1	-	-	22	35	-	-	22	35
Haryana	1	-	-	27	-	-	-	27	-
U.P.	4	-	-	119	-	-	-	119	-
M.P.	4	-	-	47	16	-	-	47	16
Uttarakhand	2	-	-	64	-	-	-	64	-
Delhi	1	-	-	78	25	-	-	78	25
Goa	1	-	-	10	34	-	-	10	34
Karnataka	3	-	-	137	83	-	-	137	83
Kerela	1	-	-	21	85	-	-	21	85
Hyderabad	1	-	-	37	8	-	-	37	8
Mumbai	1	-	-	1	1	-	-	1	1
Total	106	174	57	2645	1803	85	10	2904	1870

खरीफ की फसलों यथा मूंग, मोठ, ग्वार और घास (मोड़ा धामन, ग्रामणा, गिनी घास, नेपियर), रबी की फसलों (सरसों, जीरा, मेथी और ईसबगोल) की उन्नत किस्मों के बीज, बागवानी, वानिकी, सजावटी और औषधीय पौधों की पौध और अन्य उत्पादों (गम उत्प्रेरक, बाजरा आधारित और अन्य प्रसंस्कृत और मूल्य वर्धित उत्पाद, मरुसेना, बहु–पोषक फीड ब्लॉक, फल और सब्जियाँ आदि) की बिक्री से कुल 1,58,10,012 रूपये का राजस्व अर्जित हुआ (तालिका 7)।

Sale of seeds of improved varieties of kharif crops (mung bean, moth bean, clusterbean and grasses (*C. ciliaris, C. setigerus*, guinea grass, napier), rabi crops (mustard, cumin, fenugreek and psyllium husk), seedlings of horticulture, forestry, ornamental and medicinal plants, other products (gum inducer, bajra based and other processed and value added products, Marusena, multi-nutrient feed block, fruits and vegetables, etc.) generated a revenue of Rs. 1,58,10,012 during the year (Table 7).

तालिका 7 एटिक के माध्यम से प्रौद्योगिकियों और सेवाओं से उत्पन्न राजस्व
Table 7 Revenue generated from technologies and services through ATIC

Items	Quantity	Revenue generated (Rs.)
Quality seeds (kharif and rabi crops) (kg)	51,561	1,02,64,765
Quality planting material (horticulture, agroforestry, ornamental and medicinal plants) (nos.)	1,20,114	32,73,949
Other products	-	22,71,298
Total		1,58,10,012

'कृषि-नवाचार दिवस' का आयोजन

संस्थान ने शुष्क कृषि में अपने नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए 19 सितंबर को कृषि–नवाचार दिवस का आयोजन किया। जोधपुर जिले के विभिन्न गाँवों से 600 से अधिक किसानों और कृषक महिलाओं को संस्थान के प्रायोगिक क्षेत्रों में ही वैज्ञानिकों के साथ बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया गया। कृषकों ने संस्थान में किए जा रहे नवाचारों के बारे में पूछताछ की, उनकी सराहना की, उन्हें समझा और आत्मसात किया। हितधारकों (किसानों) की आवश्यकताओं को जानकर वैज्ञानिकों को भी लाभ हुआ। एकीकृत कृषि कैफेटेरिया एक ऐसा स्थान था जिसमें विभिन्न घटकों जैसे विभिन्न प्रकार की खरीफ फसलों, बागवानी फसलों, वर्षभर चारा उत्पादन, जल संचयन और उसके उपयोग तथा कृषिवानिकी को प्रदर्शित किया गया। एकीकृत कृषि प्रणाली प्रयोग में इन घटकों की परस्पर क्रिया को कृषकों को अच्छी तरह से समझाया गया। संस्थान द्वारा हाल ही में विकसित धामन घास (काजरी अंजन–2178) और मोठ (काजरी मोठ–4 और 5) की किस्में आकर्षण का केंद्र रहीं। किसान विशाल बीज उत्पादन ब्लॉकों और जैविक खेती की ओर भी आकर्षित हुए। बाजरा बिस्किट और बाजरा आधारित अन्य उत्पादों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को अनुसूचित जाति उप–योजना (एससीएसपी) और मॉडल न्यूट्री विलेज (नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित) परियोजनाओं द्वारा वित्त पोषित किया गया।

'Agri-Innovation Day' organized

The institute organized an 'Agri-Innovation Day' on September 19 to showcase its innovations in arid agriculture. More than 600 farmers and farm-women from different villages of Jodhpur district were invited to interact with scientists in the experimental fields itself. The farmers enquired about, appreciated and absorbed the agri-innovations being carried out at the institute. The scientists also got benefitted by knowing the requirements of the stakeholders (farmers). Integrated farming cafeteria was a one-stop place that had showcased different components like a number of kharif crop varieties, horticultural crops, round the year fodder production technology, water harvesting and its utilization, and agroforestry. The interaction of these components was well explained in the integrated farming system experiment. Recently developed varieties of buffel grass (CAZRI Anjan-2178) and moth bean (CAZRI Moth-4 and 5) were the centre of attraction. The farmers also got attracted towards vast seed production blocks and organic farming. Live demonstrations on production of pearled pearl millet biscuits and other millet-based products were carried out. The program was funded by Schedule Caste Sub-Plan (SCSP) and Model Nutri Village (funded by NABARD) projects.

किसान-वैज्ञानिक संवाद बैठकें

दो दिवसीय वैज्ञानिक-किसान संवाद बैठक और आदान वितरण कार्यक्रम क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, जैसलमेर द्वारा एससीएसपी और बायोटेक–किसान हब परियोजना के अंतर्गत 6 से 7 नवंबर के दौरान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना और स्थानीय किसानों को उन्नत बायोटेक समाधान प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में रुपसी, सम, अमरसागर और मोहनगढ़ गाँवों के 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया और जीरा (जीसी–4) और सरसों (गिरिराज), ईसबगोल (आरआई–1) के उन्नत बीज और साथ ही जैव–अभिकर्ताओं जैसे ट्राईकोडर्मा और मेटारहिजियम के कल्चर प्राप्त किए।

किसान-वैज्ञानिक संवाद बैठक जैसलमेर के चांदन प्रयोगात्मक क्षेत्र में 14 नवंबर को आरआरएस, जैसलमेर और दक्षिण एशिया बायोटेक केंद्र, जोधपुर द्वारा आयोजित की गई। बैठक में, स्थात्र के वैज्ञानिकों ने जीरा उत्पादन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और उन्नत तकनीकों को अपनाने के महत्व पर बल दिया। किसानों को बेहतर फसल स्थापन के लिए पंक्ति में बुआई की मशीनों का उपयोग करने और कीट प्रबंधन के लिए जैविक और रासायनिक कीटनाशकों का वैज्ञानिक तरीके से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। स्थात्र के अध्यक्ष, डॉ. आर.एस. मेहता और दक्षिण एशिया बायोटेक केंद्र के निदेशक, डॉ. भागीरथ चौधरी द्वारा बायोटेक किसान हब परियोजना के तहत् चयनित किसानों को गुणवत्ता वाले जीरा बीज और उर्वरक वितरित किए गए।

